हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2080 • औरंगाबाद • शुक्रवार • 16 फरवरी 2024 • वर्ष 26 • अंक 67 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
|  |  |
| ₹ 62, 070 | ₹75,500 |

## आज का इतिहास

- 1901 : भारत के प्रसिद्ध राष्ट्रवादी, समाज सुधारक, विद्वान और न्यायविद् महादेव गोविन्द रानाडे का निधन हुआ।
- 1966 : भारत के शिक्षाविद् एवं स्वतंत्रता सेनानी साधु वासवानी का निधन हुआ।

## न्यूज बाइट्स

### 21 फरवरी से होगी एमएड की परीक्षा

**मधेपुरा (नि.सं.)।** भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय ने एमएड फर्स्ट दिसंबर 2022 का परीक्षा कार्यक्रम और सेंटर जारी कर दिया है। यह परीक्षा 21 से 27 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा नियंत्रक प्रो। शशिभूषण ने बताया 21 फरवरी को सीसी-1, 22 फरवरी को सीसी-2, 23 फरवरी को सीसी-3 और 27 फरवरी को सीसी-4 पेपर की परीक्षा होगी। उन्होंने बताया कि एमएड फर्स्ट सेमेस्टर का परीक्षा केंद्र टीपी कॉलेज मधेपुरा में बनाया गया है। यहां कॉलेज ऑफ टीचर एजुकेशन सहरसा और बीएनएमयू के एमएड विभाग के परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा एक पाली में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक होगी।

### मुंबई की तर्ज पर पटना में बनेगा लू कैफे


**पटना (नि.सं.)।** पटना में पहली बार लू कैफे बनाया जा रहा है। पहले फेज में 6 जगहों पर इसे तैयार किया जा रहा है। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार एल पराशर ने कहा कि इसी महीने कैफे को तैयार करने के लिए काम शुरू कर दिया गया है। शुरुआत में कुछ परेशानियां हो रही है। हालांकि सारी प्रक्रियाएं पूरी हो चुकी है। पटना नगर निगम दिल्ली और मुंबई के तर्ज पर इस तरह का कैफे तैयार करने के लिए प्रयोग कर रहा है।

### 16 फरवरी को भारत बंद

**नई दिल्ली (ए.)।** पंजाब-हरियाणा सीमा पर प्रदर्शन कर रहे किसानों और सुरक्षा कर्मियों के बीच जारी गतिरोध के बीच तीन केंद्रीय मंत्रियों की एक समिति आज शाम चंडीगढ़ में किसान नेताओं से एक फिर वार्ता करेगी। इस बीच खबर किसान आंदोलन को लेकर बड़ी खबर आ रही है। किसानों ने 16 फरवरी को भारत बंद का आह्वान किया है। बंद संयुक्त किसान मोर्चा और केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने बुलाया है। बंद के दौरान सुबह 6 बजे से दोपहर 4 बजे तक प्रदर्शन किया जाएगा।

### महुआ मोइत्रा को ईडी ने किया तलब

**नई दिल्ली (ए.)।** प्रवर्तन निदेशालय ने टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा को कथित कैश-फॉर-क्वेरी मामले में 19 फरवरी को एजेंसी के सामने पेश होने के लिए समन जारी किया है। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता और लोकसभा की पूर्व सदस्य महुआ मोइत्रा ने सदन में सवाल पूछने में भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर सीबीआई की प्रश्नावली पर अपना जवाब भेज दिया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीबीआई प्रतिक्रिया पर गौर कर रही है जिसके बाद वह भ्रष्टाचार रोधी लोकपाल को एक रिपोर्ट भेजेगी, जिसने मामला एजेंसी को भेजा था। उन्होंने कहा कि उनके बयान दर्ज करने के बाद विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के प्रावधानों के तहत उनका बयान दर्ज किया जाएगा। मोइत्रा की जांच सीबीआई भी कर रही है और वह लोकपाल के संदर्भ पर मोइत्रा के खिलाफ आरोपों की प्रारंभिक जांच कर रही है।



राहुल गांधी की न्याय यात्रा पहुंची औरंगाबाद, जनता को सम्बोधित करते हुए कहा

# कांग्रेस की सरकार आयेगी तो देश स्तर पर होगा फाइनेंशियल सर्वे

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुरुवार को बिहार के औरंगाबाद पहुंची। सभा में राहुल गांधी ने पूछा कि आपका मूड कैसा है? किसान दिल्ली जा रहे हैं, उन्हें छर्रे- टियर गैस के गोले मारे जा रहे। मेरी दो दिन पहले किसानों से बात हुई। ये भाजपा-आरएसएस वाले नफरत फैला रहे हैं। मणिपुर को जला दिया गया। गरीबों को यहां न्याय नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना एक्स-रे है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार आयेगी तो देश स्तर पर फाइनेंशियल सर्वे कराएंगे, देश जानेगा कि कितना धन किसके पास हैं।



### 73 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा

इससे पहले मणिपुर से चली भारत जोड़ो न्याय यात्रा आज औरंगाबाद पहुंची है। औरंगाबाद में अपने लोगों को संबोधित करते हुए राहुल गांधी मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि जितनी जीएसटी देश का मजदूर देता है, उतनी ही अंबानी और अदाणी देता है। 73 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है। इसीलिए मैंने जाति जनगणना की आवाज उठाई। जाति जनगणना समाज का एक्सरे है।

### कांग्रेस के लोग न टूटते हैं ना झुकते हैं

रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे भीड़ देखकर काफी खुश हुए। खरगे ने कहा कि भीड़ को देखकर ऐसा लग रहा है कांग्रेस पार्टी जीतेगी। मोदी जी सिर्फ अमीरों की बात करते हैं, गरीबों की तरफ तो ये नजर भी नहीं डालते। गरीबों की बात सिर्फ कांग्रेस पार्टी करती है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी करते हैं। नीतीश पर हमला बोलते हुए खरगे ने कहा कि नीतीश जी बीजेपी के झोली में गिरे हैं। बीजेपी उनको डरा धमकाकर अपने पास बुला ली है। गरीबों को चूसने वाली पार्टी के अंदर नीतीश घुस गये हैं। खरगे ने कहा कि एनडीए की सरकार के फ्लोर टेस्ट में कांग्रेस के विधायक डटकर रहे इसको कोई तोड़ नहीं सकता। तोड़ने की कोशिश बहुत की गयी। कांग्रेस के लोग ना ही टूटने वाले हैं और ना ही झुकने वाले लोग हैं।

जनसभा को संबोधित करने से पहले खरगे ने शायरी सुनाते हुए बोले कि 'नजर नहीं है नजारों की बात करते हैं, जमी पर चांद सितारों की बात करते हैं। वो हाथ जोड़कर बस्ती को लूटने वाले, भरी सभा में सुधारों की बात करते हैं। बड़ा हसीन है उनके जुबान के जादू, लगाके आग बहारों की बात करते हैं। मिली कमान तो अटकी नजर खजानों पर, नदी सुखाके किनारों की बात करते हैं। वहीं गरीब बनाते है आमलोग को, वही नसीब के मारों की बात करते हैं। यही मोदी जी का जमाना है। राहुल गांधी और खड़गे का स्वागत करते हुए प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि भाजपा धमकाकर प्रजातंत्र को नष्ट करने का काम कर रही है। ऐसे में एक बहादुर नेता मोदी से लड़ने का काम किया है। बिहार विधानसभा में संविधान का मजाक उड़ाया गया। राजद के तीन तीन सदस्यों को इधर से उधर बैठा दिया गया। इस दौरान औरंगाबाद के स्थानीय विधायक आनंद शंकर सिंह, पूर्व राज्यपाल निखिल कुमार, पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह, बक्सर विधायक मुन्ना तिवारी आदि मौजूद रहे।

# सक्षमता परीक्षा के लिए नियोजित शिक्षकों को मिलेंगे पांच मौके, तीन ऑनलाइन, दो ऑफलाइन होगी परीक्षा



निज संवाददाता | पटना

बिहार में नियोजित शिक्षकों के लिए शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि अभी जो 3 ऑनलाइन परीक्षा हो रही है, इसके अलावा दो ऑफलाइन परीक्षा भी लेंगे। इस तरह 5 अवसर उपलब्ध होंगे। विजय चौधरी ने कहा कि जो शिक्षक ऑनलाइन एग्जाम नहीं देना चाहते हैं, उनका ख्याल रखते हुए ये फैसला लिया गया है। बता दें कि, नियोजित शिक्षकों ने मंगलवार को सक्षमता परीक्षा के विरोध में हजारों की संख्या में पटना में प्रदर्शन किया था। उसके साथ ही शाम में बीजेपी कार्यालय का घेराव भी किया था। प्रशासन सभी को हटाने लगा, लेकिन शिक्षक सम्राट चौधरी से मिलने के लिए उग्र हो गए जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। बिहार के सभी नियोजित शिक्षकों को राज्य कर्मी का दर्जा देने के लिए ली जाने वाली सक्षमता परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि को बढ़ाकर 19 फरवरी तक कर दी गई है। इससे पहले आज तक आवेदन करने की अंतिम तिथि थी।

### धैर्य रखे नियोजित शिक्षक : शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री विजय चौधरी ने बड़ा ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि नियोजित शिक्षकों को धैर्य रखना चाहिए। सरकार उनका ख्याल रखेगी। कुछ संगठनों ने आंदोलन स्थगित कर दिया है। उनकी कठिनाइयों में मुख्य रूप से सक्षमता परीक्षा ऑनलाइन होना है। उनकी ऑफलाइन यानि लिखित परीक्षा की मांग थी। हमलोग ये निर्णय ले रहे हैं कि 3 ऑनलाइन और दो ऑफलाइन परीक्षा लेंगे। इस तरह नियोजित शिक्षकों को 5 अवसर मिलेंगे।

### क्या है नियोजित शिक्षकों की प्रमुख मांगे?

सभी शिक्षकों की साक्षमता परीक्षा ऑफलाइन ली जाए। तीन जिलों का ऑप्शन देने की बाध्यता समाप्त की जाए एवं उन्हें अपने ही जिले में काम करने का अवसर दिया जाए। ऐच्छिक स्थानांतरण की व्यवस्था की जाए। प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति नियमावली 2023 की कंडिका 3 के खण्ड 3 में लिखित नियमन को आधार बनाते हुए तीन बार फेल होने वाले शिक्षक को उनके वर्तमान पद पर पदस्थापित रहने दिया जाए।

26 फरवरी को आयोजित होगी परीक्षा

26 फरवरी से इस परीक्षा का आयोजन किया जाना है। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका एडमिट कार्ड अब समिति की वेबसाईट http:// www.lbsebsakshamta.com पर अपलोड किया जा रहा है। जिसे आवेदक द्वारा 14 फरवरी से डाउनलोड किया जा सकता है। बिहार में सक्षमता परीक्षा को लेकर जारी शिक्षकों का आंदोलन मंगलवार देर शाम खत्म हो गया। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने 15 फरवरी को शिक्षकों की मांगों पर बातचीत के लिए समय दिया है। जिसके बाद नियोजित शिक्षकों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया।

# भारत में प्रतिबंधित एक करोड़ 34 लाख कीमत के चाइनीज लहसुन को सीमा शुल्क ने किया जब्त

निज संवाददाता | पटना



सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के अंतगर्त सीमा शुल्क मोतिहारी, प्रमंडल के अधिकारियों द्वारा प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर बॉर्डर चौक सिकटा में अवैध रूप से तस्करी कर भारतीय सीमा में नेपाल से लाये जा रहे आठ ट्रैक्टर के ट्रोली पर लदे लगभग 64 हजार किलोग्राम विदेशी लहसून को एस.एस.बी के अधिकारियों के सहयोग से सीमा शुल्क के अधिकारियों ने 14.02.2024 को जब्त किया। भारत सरकार द्वारा चाइनीज लहसून का आयात पूर्णतः प्रतिबंधित है क्योंकि इसमें हानिकारक फंगस (एम्बेलिसिया एली) पाया जाता है जो स्वास्थ्य के लिये काफी हानिकारक हैं। उपरोक्त जब्त किये गये लहसून चाइनीज मूल के बताए जा रहे हैं जिसका मूल्य अनुमानतः 1 करोड़ 34 लाख के करीब बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया की फिलहाल इस बात की छानबीन की जा रही है कि इसके तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं। ये सारी कार्रवाई डॉ यशोवर्धन पाठक, आयुक्त, सीमा शुल्क (निवारण) पटना के निर्देश पर मोतिहारी प्रमंडल के संयुक्त आयुक्त रोहित खरे के नेतृत्व में की गई जिसमें आनंद कुमार, अधीक्षक एवं अभिनव कुमार, निरीक्षक शामिल थे। आयुक्त महोदय, ने आगे बताया कि तस्करों द्वारा भारत-नेपाल की खुली सीमा का गलत इस्तेमाल कर देश को आर्थिक क्षति पहुँचाने के प्रयास को रोकने हेतु पटना कस्टम्स पूरी तरह सक्षम और मुस्तैद है एवं आने वाले समय में इस तस्करी निरोधी अभियान को और गति तथा सख्ती मिलेगी। साथ ही संलिप्त लोगों के विरुद्ध सीमा शुल्क अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अन्य विभागों यथा एस.एस.बी, पुलिस विभाग तथा अन्य सरकारी संस्थाओं और सूचना देने वाले का भी सीमा शुल्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे इस तस्कर निरोधक काम में भविष्य में भी बेहतर समन्वय और सहयोग अपेक्षित है ताकि ऐसी गैर कानूनी गतिविधि पर पूर्णविराम लग सके।

# बिहार विधानसभा के नए स्पीकर बने नंदकिशोर यादव

निज संवाददाता | पटना



भाजपा के सीनियर लीडर और पूर्व मंत्री नंद किशोर यादव बिहार विधानसभा के नए स्पीकर चुने गए हैं। बजट सत्र के तीसरे दिन उन्हें सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। वहीं सीएम नीतीश कुमार सदन के नेता और तेजस्वी नेता विरोधी दल चुने गए हैं। नंद किशोर यादव के निर्वाचन के साथ ही बिहार विधानसभा के किसी एक कार्यकाल में सबसे अधिक अध्यक्ष बनने का रिकॉर्ड भी 17वीं विधानसभा के नाम दर्ज हो गया। इससे पहले इससे पहले नौवीं विधानसभा (1985-90) में शिवचंद्र झा और मो. हिदायतुल्लाह खां अध्यक्ष बने थे। स्पीकर के चुनाव के बाद उन्हें आसन तक ले जाने के लिए सीएम नीतीश और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव आगे आए। इस दौरान तेजस्वी ने सदन में नंदकिशोर यादव के पैर छुए। स्पीकर के निर्वाचन के बाद सदन की कार्यवाही सोमवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। स्पीकर चुने जाने के बाद नंदकिशोर यादव ने कहा कि आपलोगों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित किया। इसके लिए सबके प्रति आभार जताता हूं। नेता विरोधी दल का विशेष आभार करता हूं कि आपने सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना।






## संक्षिप्त समाचार

### एनडीए की सरकार की बहुमत मिलने पर भाजपा नेता ने की पूजा अर्चना

**नारदीगंज**। एनडीए के तत्वाधान में बने सरकार में नीतीश कुमार को बीते 12 फरवरी 2024 को बहुमत साबित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का मौहाल अब भी बना हुआ है, उन्हें शुभकामनाएं देने वाले लोगों का तांता लगा हुआ है। इसी अवसर पर गुरुवार को ओड़ो गांव स्थित हनुमान मंदिर में भाजपा नेता सह ओड़ो निवासी राजेन्द्र सिंह ने विधिवत पूजा अर्चना कर मिठाईयां बांटकर खुशी का इजहार किया, उन्होंने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व सीएम नीतिश कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार बन गई है,बिहार में विकास की गति मिलेगी, लोकसभा चुनाव में एनडीए सरकार को जीतने के लिए लोगों से अपील की,केंद्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजनाओं को जनजन तक अवश्य पहुंचाने में अहम भूमिका को निर्वाह करे,उन्होंने कहा नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने के लिए अपनी चट्टानी एकता का परिचय दे।मौके पर भाजपा नेता में राजाराम सिंह,गौतम कुमार बिट्टू,नवीन चंद्रा उर्फ पप्पू, आशुतोष कुमार, धर्मेंद्र कुमार,निखिल कुमार, आशीष कुमार समेत अन्य लोग शामिल हुए।

### जिले के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों का सत्यापन 27 से 29 तक कराना अनिवार्य

**नवादा**। जिला पदाधिकारी आशुतोष कुमार वर्मा के निर्देश के आलोक में जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित किया गया है कि आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन, 2024 के मद्देनजर विधि व्यवस्था, स्वच्छ, भयमुक्त, शांतिपूर्ण वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने तथा सुरक्षा के दृष्टिकोण से नवादा जिला अन्तर्गत सभी लाईसेंसी शस्त्रों एवं उपलब्ध कारतूसों का भौतिक सत्यापन (फिजिकल वेरिफिकेशन) कराया जाना अनिवार्य है। उक्त आलोक में नवादा जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के शस्त्र अनुज्ञप्ति पर धारित शस्त्र एवं उपलब्ध कारतूस का संबंधित थाना पर शस्त्र सत्यापन के लिए दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है। कार्यक्रम (थानावार) दिनांक 27 फरवरी से 29 फरवरी 2024 तक निम्नवत निर्धारित किया जाता हैः- नगर थाना/मुफस्सिल का अंचल अधिकारी, नवादा द्वारा किया जायेगा। बुन्देलखण्ड/कादिरगंज ओपी-राजस्व अधिकारी नवादा सदर, हिसुआ थाना- अंचल अधिकारी हिसुआ, वारिसलीगंज थाना-अंचल अधिकारी वारिसलीगंज, काशीचक थाना-अंचल अधिकारी काशीचक, शाहपुर ओपी-राजस्व अधिकारी काशीचक, पकरीबरावां थाना-अंचल अधिकारी पकरीबरावां, धमौल ओपी-राजस्व अधिकारी पकरीबरावां, कौआकोल थाना-अंचल अधिकारी कौआकोल, रूपौ ओपी-राजस्व अधिकारी कौआकोल, नारदीगंज थाना-अंचल अधिकारी नारदीगंज, रोह थाना-अंचल अधिकारी रोह, गोविन्दपुर थाना-अंचल अधिकारी गोविन्दपुर, अकबरपुर थाना-अंचल अधिकारी अकबरपुर, सिरदला थाना-अंचल अधिकारी सिरदला, नरहट थाना-अंचल अधिकारी नरहट, रजौली थाना-अंचल अधिकारी रजौली, मेसकौर थाना-अंचल अधिकारी मेसकौर, सीतामढ़ी ओपी-राजस्व अधिकारी मेसकौर द्वारा शस्त्र सत्यापन किया जायेगा। सभी संबंधित प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी निर्धारित तिथि को शस्त्रों एवं उपलब्ध कारतूस का भौतिक सत्यापन निर्धारित स्थल पर करना सुनिश्चित करेंगे। सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध आयुध अधिनियम-1959 की धारा 19 की उपधारा-2 के अधीन दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### मैट्रिक परीक्षा के पहले दिन एक मुन्ना भाई गिरफ्तार

**नवादा**। वार्षिक माध्यमिक (सैद्धान्तिक), परीक्षा-2024 दिनांक 15 फरवरी 2024 से प्रारंभ होकर 23 फरवरी 2024 तक दो पालियों में पूर्वा0 09:30 बजे से 12:45 बजे अप0 तक तथा द्वितीय पाली 02:00 बजे अप0 से 05:15 बजे अप0 तक आयोजित की जा रही है। पहले दिन दोनों पालियों में हिन्दी विषय की परीक्षा आयोजित हुई. जिसमें प्रथम पाली में कुल परीक्षार्थियों की संख्या में से 20703 में से 20281 उपस्थित रहे एवं 422 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाये गये। प्रथम पाली में किसी भी परीक्षार्थी को कदाचार के आरोप में नहीं पकड़ा गया। द्वितीय पाली में 20734 परीक्षार्थी में से 20335 परीक्षार्थी उपस्थित हुए और 399 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। अभ्यास मध्य विद्यालय में एक फर्जी परीक्षार्थी पकड़ा गया, जिसके विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई किया गया।

### लोडेड देसी कट्टा लहराते हुए बरौनी थाना पुलिस ने मस्ती करते हुए दो युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया

**बरौनी/ बेगूसराय**। बरौनी प्रखंड के निंगा पंचायत में बुधवार की रात्रि लगभग 1:00 बजे, सरस्वती पूजा के कैंपस में लोडेड कट्टा लहराते हुए, मस्ती में डांस करने के दौरान गुप्त सूचना पर बरौनी थाना अध्यक्ष रजनीश कुमार ने दलबल के साथ उक्त स्थल पर घेराबंदी करके उक्त युवक को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इससे पूर्व पूजा के दिन ही डेकोरेशन के रंगीन लक्षक्षे मैं फंसकर अपनी जान गवा चुका है। यह घटना सिमरिया केविन के पास माता सरस्वती पूजनो उत्सव में डेकोरेशन करने के दौरान घटना घटित हुई। जिसे छोटे बड़े डॉक्टरो से दिखाने के उपरांत भी मृत शरीर लेकर उनके परिजन रोने को मजबूर हुए । जबकि स्थानीय प्रशासन ने जनप्रतिनिधि, छात्र के गार्जियन को बैठककर के हर तरह का ज्ञान दिया था । इधर बरौनी प्रखंड के नीगा पंचायत में रात्रि के करीब 1:00 बजे पुलिस को गुप्त सूचना मिली की एक अल्हड़ युवक हाथ में कट्टा लोड करके और प्रतिमा के सामने डांस कर रहा है ,सूचना पाते ही संबंधित पुलिस ने संज्ञान लिया और हथियार लहराते युवक गिरफ्तार हो गया। बरौनी थाना अध्यक्ष शाहित A .S .I.जितेंद्र सिंह वहां पहुंचकर उसे अपने गिरफ्त में ले लिया। और बरौनीं थाना कांड संख्या59/24 दर्ज कर पश्चिम टोला निवासी उपेंद्र तांती के पुत्र गौरव कुमार उम्र 19 वर्ष एवं सुरेश तांती का पुत्र मिलन कुमार उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार कर मामला दर्ज कर न्यायालय के माध्यम से बेगूसराय मंडल कर भेज दिया। बरौनी थाना अध्यक्ष ने बताया कि दोनों को अग्रिम कार्रवाई हेतु न्यायालय भेज दिया गया है।

### 16 फरवरी के आम हड़ताल में रसोइया संघ भी सम्मलित होगी

**बेगुसराय**। 10 संयुक्त राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा तथा सेवा संगठनों के राष्ट्रीय आह्वान पर 16 फरवरी का आम हड़ताल ऐतिहासिक सफल होगा। हड़ताल में रसोइया कर्मी बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ऐक्टू की जिलासचिव किरण देवी और जिलाध्यक्ष बुलबुल कुमारी के नेतृत्व में बढ़चढ़कर भागीदारी करेंगी। हड़ताल में बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ऐक्टू की महत्वपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर ऐक्टू जिला प्रभारी चन्द्रदेव वर्मा और बिहार राज्य विद्यालय रसोइया संघ ऐक्टू की जिलाध्यक्ष बुलबुल कुमारी ने महातपुर,फतेहपुर,रजौडा,सांख समेत कई विद्यालयों में जाकर रसोइयों से संवाद कर कहा कि रसोइयों को सरकारीकर्मी घोषित कर 12 महिने का मानदेय देने। मध्यान्ह भोजन योजना से एनजीओ को बाहर किए जाने समेत कई सवालों पर आयोजित कल का हड़ताल महत्वपूर्ण है। सभी रसोइया से विद्यालयों में भोजन बंद कर सड़क पर उतरने की अपील की गई। विमल देवी,किरण देवी,रंजू देवी,गिरीशा देवी,रीमा देवी,वॉबी देवी,बैजनाथ महतो और रामप्रकाश शर्मा ने अपने विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों के हड़ताल में भागीदारी सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

### बरौनी क्षेत्र के वरिष्ठ संवाददाता की पत्नी का निधन

**बरौनी/ बेगूसराराय**। गुरुवार की संध्या वरिष्ठ पत्रकार निपनिया,बरौनी नगर परिषद के वार्ड संख्या-21 निवासी नारायण प्रसाद सिंह के लगभग 75 वर्षीय पत्नी उर्मिला देवी का आकस्मिक निधन बेगूसराय के एक निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान हो गयी।वरिष्ठ पत्रकार की पत्नी के निधन की खबर सुनते ही स्थनीय बुद्धिजीवियों एवं पत्रकारों में शोक की लहर दौड़ पड़ी।स्थानीय बुद्धिजीवियों एवं पत्रकारों ने उनके निवास स्थान पहुंचकर मृतक के शव पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।और वरिष्ठ पत्रकार एवं उनके परिवार जनों को ढांढस दी।इस अवसर पर लाईफ लाइन हॉस्पिटल के निदेशक डॉ हेमन्त कुमार,डॉ सारिका सिंह,डॉ बसन्त कुमार,चीफ इंजीनियर यशवंत कुमार,बचपन प्ले स्कूल की निदेशिका मीनाक्षी भारती,राजीव कुमार,बेबी कुमारी,मिलन कुमारी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार महंत रामजीवन दास डॉक्टर मनोज कुमार आदि लोग शामिल थे।परिवारजनों के मुताबिक शुक्रवार को अयोध्या घाट तेघड़ा में उनके ज्येष्ठ पुत्र राजीव कुमार के द्वारा मुखाग्नि दी जाएगी।

# एडीएम नवादा ने अंचल कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

निज संवाददाता। **रजौली**



मुख्यालय स्थित अंचल कार्यालय का गुरुवार को नवादा एडीएम चन्द्रशेखर आजाद ने निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।इस दौरान सीओ रश्मि प्रिया भी मौजूद रही।एडीएम ने कहा कि रजौली नवादा जिला अंतर्गत एक बहुत ही पुराना आंचल है।रजौली अंचल 1958 ई में रजौली प्रखंड कार्यालय से पृथक होकर अप्रैल 1967 ई में अपने अस्तित्व में आई तब से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अंतर्गत स्वतंत्र रूप से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंचल में कुल 169 राजस्व ग्राम है,जिसमें 116 चिरागी एवं 53 बेचिरागी है,जो मुख्य रूप से एक नगर पंचायत एवं 15 ग्राम पंचायत में सिमटे हुए है।नगर पंचायत समेत राजस्व ग्रामों का कुल क्षेत्रफल 93916.10 एकड़ है,जिसमें 3237.10 एकड़ भूमि खेती योग्य है।वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार यहां की कुल जनसंख्या 166226 है,जो बिहार के कुल आबादी का 0.16% है।इस अंचल में वन संपदा,खनन माईका व राष्ट्रीय समेकित जांच चौकी राजस्व के हित में महत्वपूर्ण है।वहीं हरदिया पंचायत स्थित फुलवरिया जिला से मत्स्य पालन एवं कृषि सिंचाई के लिए उत्कृष्ट है।साथ ही ऐसी मान्यता है कि इस अंचल परिक्षेत्र में दुर्गम पहाड़ियों पर घने जंगलों में पांच ऋषियों का तपोभूमि रहा है।वहीं आंचल में 502 पैन,545 कुआं, 165 आहर एवं 59 तालाब की पहचान जल जीवन हरियाली के तहत किया गया है।रजौली अंतर्गत खास महल की भूमि नहीं है।वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 तक कुल 20 अतिक्रमण वाद हैं,जिसमें 3 का निष्पादन किया जा चुका है एवं 17 प्रक्रियाधीन है।प्रखंड भवन में कुल 12 कमरे हैं,जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी प्रधान लिपिक एवं लिपिक के लिए पर्याप्त मात्रा में कुर्सी व टेबल उपलब्ध है।कार्यालय में पत्राचार आगत एवं निर्गत पंजी,सेवापुश्त पंजी,आदेश पंजी, निरीक्षण पंजी,प्रधान सहायक का टेबल निरीक्षण पंजी,विधानसभा व लोकसभा प्रश्नोत्तर पंजी,आकस्मिक अवकाश पंजी,अनुक्रमणिका पंजी,प्रधान लिपिक का नोटपैड,लंबित पत्रों की पंजी,कर्म पुस्तिका पंजी,रक्षी संचिका,परिवार सूची पंजी,कर्म पुस्तिका व वाहनों का इतिहास, सेवांत लाभ पंजी एवं सैरात पंजी संधारित है।वहीं ऑनलाइन दाखिल खारिज के माध्यम से 10554 आवेदन प्राप्त हुआ है,जिसमें 10064 आवेदनों का निष्पादन कर दिया गया है।शेष 490 आवेदनों का निष्पादन हेतु करवाई किया जा रहा है।वित्तिय वर्ष 2023-24 में 12 फरवरी तक ऑनलाइन लगान 1474380 रुपया वसूली गई है।वहीं परिमार्जन हेतु 3909 आवेदन प्राप्त हुए हैं,जिनमें 3819 आवेदन निष्पादित किया जा चुका है एवं 90 आवेदन लंबित है।ऑनलाइन के माध्यम से जाति,आय,आवासीय एवं एलपीसी से संबंधित प्राप्त आवेदनों का ससमय निष्पादन नियमित रूप से किया जाता है।एडीएम ने कहा के रोकड़ पंजी एवं संवरण शेष की राशि विवरणी पंजी संधारित है।

# सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों बिखरे जलवे




निज संवाददाता। **नारदीगंज**

सरस्वती पूजा के दूसरे दिन प्रखंड में स्थित आवासीय मॉर्डन इंग्लिश स्कूल, पंडपा में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय के निदेशक कृष्णदेव शर्मन्न चक्रवर्ती, पेंशनर समाज प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद,सचिव श्रीकांत सिंह से संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संचालन शिक्षक विकास कुमार व खुशी कुमारी ने की।

इस दौरान छात्र व छात्राओं ने नृत्य,गायन, नुक्कड़ नाटक ,गीत,भाषण की बेहतरीन तरीके से प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को मंत्र मुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम में छात्र कर्मवीर व अन्य छात्र व छात्राओं ने बिहार फॉल्क डांस ग्रुप,सालनी व अन्य ने गुजरती फॉल्क डांस ग्रुप,वेदिका ग्रुप तमिल फॉल्क डांस,अनमोल ग्रुप ने पंजाबी फॉल्क डांस समेत अन्य राज्यों का प्रसिद्ध कार्यक्रम को प्रस्तुत की। मौके पर सालनी, सोनम,कर्मवीर, शुभम,आयुष,सुहानी समेत अन्य छात्र व छात्राओं ने जलवे बिखरे।

# विगत एक सप्ताह से डीलरों को नहीं मिल रहा है खाद्यान्न



निज संवाददाता। **रजौली**

प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एसएफसी के गोदाम में अच्छा चावल समाप्त हो गया है।वहां सिर्फ सड़ा एवं कीड़े लगा हुआ चावल बचा हुआ है।हालांकि गोदाम में गेहूं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। जिसे डीलर उठाने से कतरा रहे हैं।क्षेत्र के लगभग 40 पीडीएस दुकानदारों को उपभोक्ताओं को देने के लिए चावल - गेहूं नहीं मिल रहा है। जिससे उपभोक्ताओं को परेशान होना पड़ रहा है। खासकर क्षेत्र के सैकड़ो गरीब उपभोक्ता जिन्हें सरकारी चावल और गेंहू पर हीं निर्भर रहना पड़ता है, उनके समक्ष खाने के लाले पड़ गए हैं।डीलरों ने बताया कि हमलोग करीब एक सप्ताह से एसएफसी गोदाम का चक्कर लगा रहे हैं। इसके लिए एसएफसी प्रबंधक के मोबाइल पर दर्जनों बार फोन लगाते हैं।लेकिन उनके द्वारा न तो फोन उठाया जाता है और न हीं कभी गोदाम में उनकी उपस्थिति होता है। एसएफसी जिला प्रबंधक लल्लू कुमार से पूछे जाने पर बताया गया कि सीएमआर के द्वारा मिली चावाल को लैब जांच के लिए विगत चार फरवरी को हीं भेजा गया है। लेकिन अभी तक जांच रिपोर्ट नहीं आने के कारण चावल को एसएफसी गोदाम पर उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। जैसे हीं एक - दो दिनों में लैब से जांच रिपोर्ट आती है वैसे हीं चावल की स्टॉक को एसएफसी गोदाम पर पहूंचाया जाएगा। जिसके बाद डीलर खाद्यान्न का उठाव कर लाभुकों को उपलब्ध करा सकेंगे।उन्होंने कहा कि खराब चावल को किसी भी किमत पर डीलरों को नहीं मिलेगा, इसलिए वे आश्वस्त रहें उन्हें अच्छा चावल हीं मिलेगा।

# बसंतोत्सव के साथ मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव समारोह





निज संवाददाता। **जमुई**

जिले के अलीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित फोनिक्स वर्ल्ड पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव सह बसंतोत्सव धूम धाम से मनाया गया.समारोह का उद्घाटन प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ ऋतु वर्मा एवं विद्यालय के निदेशक डॉ एस कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।समारोह का शुभारंभ विधा की देवी माँ सरस्वती वंदना से प्रारम्भ हुई ।विद्यालय के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़ कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुति देकर परिसर को संगीतमय बना दिया।बच्चों ने एकल गायन,समूह गायन,समूह नृत्य ,संगीत एवं देश भक्ति गीतों एवं लोक धुन पर आधारित गीतों की प्रस्तुति देकर सबों को मंत्र मुग्ध कर दिया।मुख्य अतिथि डॉ वर्मा ने कहा कि विद्यालय का वार्षिकोत्सव बसन्त ऋतु के आगमन एवं शिक्षा की देवी माँ सरस्वती की पूजा के साथ हो यह बड़ा ही संयोग है।विद्यालय के छात्रों ने जिस प्रकार से अपनी बेहतरीन सांस्कृतिक प्रस्तुति दी है वह विद्यालय के एक बर्षो के मेहनत और छात्रों की प्रतिभा का संगम है।विद्यालय का स्वर्णिम भविष्य बड़ा आकर लेकर यहां के बच्चों का शैक्षणिक भविष्य को नया आयाम देगी ऐसा मेरा विश्वास है।विद्यालय के निदेशक डॉ एस कुमार ने कहा कि विद्यालय प्रबंधन हमेशा अविभावकों के भरोसे और विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास करता रहेगा।उन्होंने आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए उनका आभार भी व्यक्त किया।समारोह में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि के हाथों पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।मौके पर विधालय की प्राचार्य श्री मति एस भट्टाचार्य एवं किसान श्री से सम्मानित धर्मेंद्र कुशवाहा ,विक्की कुशवाहा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# फिलिपकार्ड वेयर हाउस लूट कांड में सभी अभियुक्त गिरफ्तार

निज संवाददाता। **वारिसलीगंज**



थाना कांड संख्या -70/24, दि०-12.02.24, धारा -392 भा० द० वि० 1 कांड वादी रविरंजन कुमार उम्र 26वर्ष, ग्राम हरली, पोस्ट लोदीपुर, थाना मुफसील, जिला गया वर्तमान में डिलीवरी लिमिटेड में सहायक मैनेजर सुरक्षा के पद पर कार्यरत है के लिखित आवेदन के आधार पर अंकित हुआ था 1 उक्त कांड के उदभेदन एवं संलिप्त अभियुक्त के गिरफ्तारी तथा लुटे गये रूपये की बरामदगी हेतु पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, महोदय पकरीवारामा के नेतृत्व में पुलिस निरीक्षक -सह -थानाध्यक्ष, वारिसलीगंज थाना एवं जिला आसुचना ईकाई नवादा एवं अन्य सशस्त्र को शामिल करते हुये एक टीम का गठन किया गया 1 तकनीकी एवं मानवीय आसुचना के आधार पर विषलेशन कर कांड में शामिल समीर कुमार उर्फ रिंटू उम्र 22वर्ष पिता -मनोज प्रसाद, ग्राम -अजनावा, थाना -मोहनपुर, जिला -गया एवं रामनिवास कुमार उर्फ छोटे उम्र करीब 19वर्ष पिता मनोज यादव, ग्राम -भुआलचक, थाना वारिसलीगंज, जिला -नवादा को गिरफ्तार किया गया तथा इनकी निशान देहि पर कांड में लुटे गये ररुपयों में से 32000/-रु को उपरोक्त समीर कुमार उर्फ रिंटू के चीनी मिल रोड पटेल नगर थाना वारिसलीगंज, जिला नवादा के किराये वाले कमरे से बरामद किया जा चुका है 1 कांड में शामिल शेष एक अभियुक्त जो की एक विधि -विरुद्ध किशोर है को छापामारी कर दिनांक -14.02.24 को पकड़ा गया एवं उसकी निसानदेही पर उक्त कांड में लुटे गए रुपयों में से एक लाख चालीस हज़ार रुपया (1,40,000/-) एवं इस कांड में प्रयुक्त अग्नेयस्त्र (एक देशी कट्टा ) एवं पांच जिन्दा कारतूस की बरामदगी उनके घर से की गयी है। यह भी उल्लेखनीय है कि अनुसन्धान के क्रम में इस बात की जानकारी मिली है कि घटना के दिन लगभग एक लाख बेरासी हज़ार रुपया (1,82,000/-)की ही लूट हुई थी जबकि इस कांड के तथाकथित पीड़ित समीर कुमार के द्वारा अपनी कंपनी के पदाधिकारियों को करीब दो लाख तेरह हजार रुपया की लूट बता दी गयी थी। इस प्रकार इस कांड में लूटे गए एक लाख बेरासी हजार रुपयों में से एक लाख बहत्तर हजार रूपये बरामद हो चुके है। शेष दस हजार रूपये को उक्त विधि -विरुद्ध किशोर द्वारा खर्च कर दिया गया है तथा करीब इकत्तीस हजार रुपयों को लूट के पूर्व ही उपयुक्त समीर कुमार द्वारा हेर -फेर कर गबन किया गया है। एक विधि - विरुद्ध किशोर एवं बरामद सामान में 1 कुल एक लाख चालीस हजार रूपये (1,40,000/-) एक देसी कट्टा तथा पांच जिन्दा कारतूस बरामद किया गया।इस बात की जानकारी एसडीपीओ महेश चौधरी ने प्रेस वार्ता कर दिया।मौके पर थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा मौजूद थे।

# सरकारी विद्यालय के दीवार पर प्राइवेट विद्यालय का प्रचार पोस्टर लगाने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति




निज संवाददाता। **नवादा**

जिले के हिसुआ थाना क्षेत्र अंतर्गत बैजनाथपुर स्थित मध्य विद्यालय परिसर के दीवाल पर निजी विद्यालय का प्रचार का पोस्टर लगाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने आपत्ति जताई है।ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी विद्यालय में निजी विद्यालय का पोस्टर लगाने से बच्चों के मानस पटल पर कई तरह के भाव उतपन्न होंगे वहीं अविभावकों में नाराजगी भी है।सरकारी विद्यालय में इस प्रकार प्रचार का पोस्टर लगाने वालों पर करने की मांग ग्रामीणों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी से किया है।

# श्रीसाई राम डेंटल क्लिनिक का शुभ उद्घाटन



निज संवाददाता। **तेघड़ा बेगुसराय**

तेघड़ा प्रखंण्ड के फुलवारिया दीनदयाल रोड़ स्थित डॉ0 आर0पी0 दास के क्लिनिक परिसर में श्रीसाई राम डेंटल क्लिनिक का उद्घाटन अनुमंडलाधिकारी राकेश कुमार ने फीता काट कर किया। डॉ0 आर0पी0 दास ने आये अतिथियों को चादर एवम पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। डेंटल क्लिनिक के डा0 रविकांत ने बताया कि यह क्लिनिक में उच्च स्तर के जांच मशीन लगाया गया है। क्लिनिक में दांत की सफाई के साथ नये दांत लगाने की बेतरीन व्यवस्था है। यहाँ दांत का आरविजी आरसीटी भी किया जाता हैडॉक्टर साहब ने बताया कि अमिमुन दाँत में दर्द रहने पर डॉक्टर दाँत उखड़वाने की सलाह देते है मगर नई पद्धति से अब इसका इलाज संभव है मोके पर विकाश कुमार,सरफराज आलम की देख रेख में इलाज किया जाता है। मोके पर गिरीश गुप्ता,अमरेश नारायण शर्मा,मेराज अख्तर दाना,मुखिया विनय कुमार।

# किसानों को दी गई ड्रोन तकनीक के उपयोग की जानकारी

निज संवाददाता। **कौआकोल**

प्रखण्ड के जेपी आश्रम परिसर में कृषि विज्ञान केंद्र,नवादा एवं नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित परियोजना "कृषि गतिविधियों में ड्रोन तकनीक का उपयोग" कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला के रजौली प्रखण्ड के चयनित ग्राम बहादुरपुर से किसानों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण में कृषि विज्ञान केंद्र नवादा के कृषि तकनीकी सहायक रोहित कुमार के द्वारा कृषि में ड्रोन का महत्व विषय पर विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित प्रशिक्षुओं को कृषि ड्रोन परियोजना के मुख्य पहलू जैसे-ड्रोन द्वारा पोषक तत्व एवं कीटनाशक तत्वों के छिड़काव करने के तरीकें एवं इसके लाभ,सावधानियां,उत्पादन और उत्पाद के गुणवत्ता पर प्रभाव के आकलन से संबंधित जानकारियां किसानों को दी गई। किसानों के प्रक्षेत्र पर ड्रोन के द्वारा नैनो यूरिया के छिड़काव से गेहूं के पौधों और उसके उत्पादन पर अनुकूल एवं प्रतिकूल प्रभाव से संबधित जानकारी भी किसानों से ली गई। साथ ही छिड़काव से संबंधित उनकी प्रतिक्रिया भी ली गई। प्रशिक्षण के दौरान




बताया गया कि ड्रोन की मदद से नैनो यूरिया को आसानी से छिड़काव कर सकेंगे,जिससे श्रम और लागत दोनों की बचत होगी। कृषि ड्रोन की मदद से एक एकड़ भूमि पर 7 से 10 मिनट में आसानी से कीटनाशक व पोषक तत्व का छिड़काव किया जा सकेगा। ड्रोन तकनीक के प्रयोग से देश के कृषि क्षेत्र में आधुनिकरण आएगा और किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी,साथ ही मृदा स्वास्थ्य बरकरार रहेगा।

टकटकी लगाये राहुल गांधी के वाहन को देखना चाह रहे थे कार्यकर्ता

# राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा रोहतास पहुंची, झलक पाने को भीड़ हुई बेकाबू

**राहुल गांधी मत घबराना, तेरे पीछे सारा जमाना, राहुल गांधी जिंदाबाद जैसे नारा लगाते हुए दौड़ने लगे कार्यकर्ता**

- जमुहार में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद
- जिला समाहरणालय में ब्रीफिंग



निज संवाददाता

**डेहरी-ऑन-सोन (रोहतास)।** भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के गुरुवार शाम सीमावर्ती औरंगाबाद जिला से होते हुए डेहरी पाली पुल जीटी रोड पहुंचते ही कांग्रेसी कार्यकर्ता बेकाबू हो गए। इस दौरान अपने नेता राहुल गांधी की एक झलक पाने के लिए कार्यकर्ता इतने बेताब थे कि गिरते-भागते उनके पास पहुंचने का प्रयास करने लगे। किंतु सुरक्षा गार्ड ने राहुल गांधी की कार के समीप किसी को फटकने नहीं दिया।

इस दौरान सुरक्षाकर्मियों ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर बल प्रयोग भी किया। इस दौरान कई कांग्रेसी कार्यकर्ता जीटी रोड पर गिर पड़े। विधायक संतोष मिश्रा के साथ हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता करीब दो घंटे से जीटी रोड पाली पुल के समीप अपने नेता की एक झलक पाने के लिए बेताब थे। शाम लगभग छह बजे सबसे पहले कांग्रेस की मीडिया विभाग के अध्यक्ष जयराम रमेश का वाहन गुजरा। उसके कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सिंह का वाहन रास्ते से गुजरा। कार्यकर्ता टकटकी लगाये राहुल गांधी के वाहन को देखना चाह रहे थे। जैसे ही काले रंग की कार पर सवार राहुल गांधी पाली पुल जीटी रोड पहुंचे कि कार्यकर्ताओं की भीड़ बेकाबू हो गई। सभी उनकी कार के पास पहुंचने का प्रयास करने लगे। बढ़ते कार के पीछे कार्यकर्ता दौड़ते हुए राहुल गांधी मत घबराना, तेरे पीछे सारा जमाना, राहुल गांधी जिंदाबाद जैसे गगन भेदी नारा लगा रहे थे। इस दौरान सुरक्षा कर्मियों ने बल प्रयोग भी किया। भागने के दौरान वृद्ध कांग्रेसी कार्यकर्ता उमेश कुमार चोटिल हो गए। जिनका सिर फट गया। इलाज के लिए उन्हें निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया है। जीटी रोड पाली पुल के समीप सुरक्षा की कमान एएसपी शुभांक मिश्रा संभाल रहे थे। कड़ी सुरक्षा के बीच राहुल गांधी का काफिला जमुहार हाईस्कूल के समीप खेल मैदान में पहुंचा। जहां डीएम नवीन कुमार, एसपी विनीत कुमार के साथ राहुल गांधी के साथ चल रहे जेड प्लस की सुरक्षा टीम तैनात थी। जमुहार खेल मैदान के समीप रात्रि विश्राम के बाद शुक्रवार सुबह काफिला आगे निकलेगा। टेकारी में आयोजित किसान महापंचायत में राहुल गांधी भाग लेंगे। पूर्व मंत्री मुरारी गौतम आदि ने स्वागत किया।

## डॉक्टर की हत्या कर खाई में फेंकी शव



निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम के मुफस्सिल थाना क्षेत्र में एक ग्रामीण चिकित्सक सह राजद नेता की हत्या कर दी गई है। हत्या के बाद शव को पहाड़ के खाई में बाइक समेत फेंक दिया था। शुक्रवार को शव बरामद होने के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पुरानी जीटी रोड जाम कर दिया। घटना अमरा तालाब के पास की है। मृतक की पहचान केशव प्रसाद साह के रूप में हुई है। परिजन सूर्य देव प्रसाद ने बताया कि सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गायघाट के ग्रामीण चिकित्सक अपनी क्लीनिक से बुधवार की रात बाइक से लौट रहे थे।

इसी दौरान बेखौफ अपराधियों ने उन्हें अमरा तालाब पहाड़ की खाई में हत्या कर बाइक समेत फेंक दिया। घटना की सूचना पर पहुंचे लोगों में काफी आक्रोश देखा गया। मौके पर एसडीएम सासाराम आशुतोष रंजन और एसडीपीओ दिलीप कुमार पहुंचे और लोगों को समझा कर शांत कराया। मामले में एसपी विनीत कुमार ने देर शाम कहा कि एक व्यक्ति के बाइक के साथ खाई में गिरने की सूचना मिली थी। जांच की जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।'


**Mines and Geology Department**
बिहार सरकार
District- Aurangabad.
Short Notice Inviting E-Auction for Settlement of Sand ghats
(Through E-Procurement mode over https://eproc2.bihar.gov.in)

बिहार बालू खनन नीति, 2019 तथा बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 में उल्लिखित प्रावधानों के तहत औरंगाबाद जिला के विखंडित बालूघाटों/बालूखण्डों के आगामी पाँच वर्षों के लिए बंदोबस्ती के लिये PR No-014610 (Mines) 2023-24 द्वारा प्रकाशित विज्ञापन के फलस्वरूप दिनांक–27.01.2024 को सम्पन्न ई–नीलामी में एकल एवं शून्य निविदा प्राप्त बालूघाटों के लिये अल्प निविदा निम्न कार्यक्रमानुसार आमंत्रित की जाती है :–

ई–नीलामी कार्यक्रम :–

| क्र0सं0 | बालूखण्ड/बालूघाट | निविदा दस्तावेज बिक्री शुल्क (5,000/- रू0) जमाकर निविदा दस्तावेज डाउनलोड प्रारंभ करने की तिथि | अग्रधन राशि एवं ऑक्शन प्रोसेसिंग फीस ऑनलाईन जमा तथा निविदा दस्तावेज अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय | तकनीकी निविदा की जाँच/मूल्यांकन कर सफल निविदादाताओं की सूची सिस्टम में अपलोड करने की अंतिम तिथि | ई–नीलामी प्रारंभ होने की तिथि एवं समय | ई–नीलामी समाप्ति की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | औरंगाबाद सोन नदी<br>ब्लॉक सं0–1A से 3B,<br>ब्लॉक सं0–10B, 11B से 13B<br>ब्लॉक सं0–14A, 14B, 15A, 15B<br>ब्लॉक सं0–16B, 18A, 18C<br>ब्लॉक सं0–19A से 19C,<br>ब्लॉक सं0–20B एवं 20C<br>ब्लॉक सं0–22A, 22B, 23B<br>ब्लॉक सं0–24A से 25A,<br>ब्लॉक सं0–25C,<br>ब्लॉक सं0–27A से 29C,<br>ब्लॉक सं0–32 MOEF SON 1-A से 36 MOEF SON 5-F तक | 27.02.2024 | 06.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक | 12.03.2024 | 14.03.2024 11:00 बजे पूर्वाह्न से | 14.03.2024 01:00 बजे अपराह्न तक |
| 2 | पुनपुन, नदी<br>ब्लॉक सं0–38A से 39C,<br>बटाने, नदी<br>ब्लॉक सं0–40A से 42E,<br>मदार, नदी<br>ब्लॉक सं0–43A से 43B,<br>अदरी, नदी<br>ब्लॉक सं0–44 | 27.02.2024 | 06.03.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक | 12.03.2024 | 14.03.2024 02:00 बजे अपराह्न से | 14.03.2024 04:00 बजे अपराह्न तक |

2. बालूघाटों/बालूखण्डों की विस्तृत विवरणी औरंगाबाद जिला के वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in पर उपलब्ध है।
3. बालूघाटों की बंदोबस्ती, ई–नीलामी प्रक्रिया ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in से करायी जाएगी।
4. ई–नीलामी द्वारा कराई जा रही बंदोबस्ती में भाग लेने वाले व्यक्तियों/कम्पनी/फर्म को ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर निबंधन कराना अनिवार्य होगा।
5. एतद् संबंधी समस्त सूचना (यथा– नीलामी कार्यक्रम, सुरक्षित जमा राशि, अग्रधन राशि, नीलामी प्रोसेसिंग शुल्क इत्यादि) विस्तृत रूप से औरंगाबाद जिला की वेबसाईट https://aurangabad.bih.nic.in, विभागीय वेबसाईट https://state.bihar.gov.in/mines एवं ई–प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eproc2.bihar.gov.in पर उपलब्ध है।
6. बालूघाटों/बालूखण्डों के ई–नीलामी से संबंधित समस्त सूचना हेतु ई–टेंडरिंग/ई–प्रोक्योरमेंट हेल्पडेस्क, प्रथम तल, प्लॉट नं0– एम/22, रोड नं0–25, श्री कृष्णानगर, पटना– 800001 दूरभाष संख्याः 0612–2523006, 7542028164, आई0टी0 मैनेजर, औरंगाबाद, मो0 नं0– 9471950202 से सम्पर्क किया जा सकता है।

❖ विस्तृत जानकारी state.bihar.gov.in/prdbihar पर देखा जा सकता है।

समाहर्त्ता,
औरंगाबाद

PR. No. 017372 (Mines & Geology) 2023-24

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।


## 84 पीस शराब के साथ तीन कारोबारियों गिरफ्तार

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** उत्पाद विभाग की पुलिस ने खरिगावां चौक व छज्जुपुर पोखरा पर जांच अभियान के दौरान तीन तस्करों को 84 पीस शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों में दुर्गावती थाना क्षेत्र के सरियांव गांव निवासी रामचरन बिंद के 27 वर्षीय पुत्र भगवान बिंद, छपरा जिला के दरियापुर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी अनिल राय के पुत्र राहुल कुमार तथा पटना जिला के फतुहा थाना क्षेत्र के फतुहा गांव निवासी जितेंद्र कुमार के पुत्र उत्तम कुमार शामिल हैं। उत्पाद थाना के एसआई अमरेश कुमार ने बताया कि खरिगावां के पास शराब मामले को लेकर जांच अभियान चल रहा था। इसी दौरान यूपी से जुट के बोरा में छुपाकर बिहार में 38 पीस देसी शराब लेकर आ रहे भगवान बिंद को गिरफ्तार किया गया।

## महाप्रबंधक ने राजगीर-तिलैया रेलखंड का किया निरीक्षण

**अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की समीक्षा भी की**

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा आज दानापुर मंडल के राजगीर-तिलैया रेलखंड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत् स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की। महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा सर्वप्रथम राजगीर स्टेशन पर उपलब्ध यात्री सुविधाओं, साफ़-सफाई आदि का गहन निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में महाप्रबंधक ने पैनल रुम का भी निरीक्षण किया एवं ऑन ड्यूटी रेलकर्मी से वार्ता कर उनकी कार्य कुशलता को परखा एवं संरक्षा नियमों का शत-प्रतिशत अनुपालन करते हुए गाड़ियों के सुगम परिचालन हेतु निर्देशित किया।



अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पूर्व मध्य रेल के स्टेशनों का कायाकल्प हो रहा है। इसी कड़ी में महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा राजगीर स्टेशन के पुनर्विकास हेतु जारी निर्माण कार्य का जायजा भी लिया गया। महाप्रबंधक ने पुनर्विकास कार्य की समीक्षा की तथा निर्माण कार्य से जुड़े अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। तत्पश्चात् महाप्रबंधक ने तिलैया जंक्षन के प्लेटफॉर्म, सर्कुलटिंग एरिया की साफ़-सफाई एवं उपलब्ध यात्री सुविधा आदि का जायज़ा लिया।

निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा जेठियन एवं ओरो स्टेशन के बीच रेलपुल संख्या-47 का निरीक्षण कर संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं का मुआयना किया गया। निरीक्षण के क्रम में महाप्रबंधक सिगरियावां में अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक कर रेक परिचालन आदि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कंपनी के सिनियर प्रेसीडेंट एवं अन्य अधिकारियों के साथ कारखाना का मुआयना किया तथा सीमेंट उत्पादन से जुड़ी सामग्रियों की अनलोडिंग एवं सीमेंट बैग की लोडिंग प्रक्रिया आदि को देखा। निरीक्षण में महाप्रबंधक के साथ पूर्व मध्य रेल के प्रधान मुख्य इंजीनियर डॉ. अमित गर्ग, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक डॉ. मनोज कुमार, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कटिहार-बरौनी-हाजीपुर-पाटलिपुत्र-दानापुर-डीडीयू के रास्ते कामाख्या और आनंद विहार के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर कटिहार-बरौनी-हाजीपुर-पाटलिपुत्र- दानापुर-डीडीयू के रास्ते कामाख्या और आनंद विहार के मध्य एक जोड़ी स्पेषल ट्रेन (साप्ताहिक) के परिचालन का निर्णय लिया गया है। गाड़ी सं. 02525 कामाख्या-आनंद विहार स्पेषल कामाख्या से 16.02.2024 से 29.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक शुक्रवार को 22.45 बजे खुलकर अगले दिन शनिवार को 11.05 बजे कटिहार, 12.05 बजे नवगछिया, 13.12 बजे खगड़िया, 13.50 बजे बेगुसराय, 14.35 बजे बरौनी, 16.15 बजे हाजीपुर, 17.10 बजे पाटलिपुत्र, 17.40 बजे दानापुर, 18.18 बजे आरा, 19.10 बजे बक्सर, 21.05 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं. रुकते हुए रविवार को 08.50 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी सं. 02526 आनंद विहार-कामाख्या स्पेषल आनंद विहार से 18.02.2024 से 31.03.2024 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को 17.20 बजे खुलकर सोमवार को 04.42 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं., 05.53 बजे बक्सर, 06.50 बजे आरा, 07.20 बजे दानापुर, 07.40 बजे पाटलिपुत्र, 08.40 बजे हाजीपुर, 10.20 बजे बरौनी, 10.58 बजे बेगुसराय, 11.35 बजे खगड़िया, 12.35 बजे नवगछिया, 14.50 बजे कटिहार रुकते हुए मंगलवार को 03.40 बजे कामाख्या पहुंचेगी। इस स्पेशल ट्रेन में वातानुकूलित प्रथम श्रेणी का 01 कोच, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी के 02 कोच, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के 05 कोच, वातानुकूलित तृतीय इकॉनोमी श्रेणी के 05 कोच, शयनयान श्रेणी के 04 कोच तथा साधारण श्रेणी के 02 कोच होंगे।


National Council For Hotel Management And Catering Technology
(An Autonomous Body Under Ministry of Tourism, Govt. of India)
NCHMCT
राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment

एनसीएचएम जेईई 2024
बी.एससी (एचएचए)
पंजीकरण की अंतिम तिथि
31.03.2024
परीक्षा की तिथि
11.05.2024
ऑनलाइन आवेदन करें
https://nta.ac.in/
https://exams.nta.ac.in/NCHM/
109 शहरों में परीक्षा केंद्र
CBC 21354/12/0014/2324


## शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

**चांद (कैमूर) (नि.सं.)।** स्थानीय नहर मोड़ के पास से उत्पाद विभाग की पुलिस ने 112 पीस अंग्रेजी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी धर्मेंद्र पटेल भभुआ थाना क्षेत्र के मोकरी गांव निवासी कैलाश सिंह का पुत्र है। उत्पाद विभाग की एएसआई लवली कुमारी ने बताया कि शराब मामले को लेकर जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान उत्तर प्रदेश की ओर से बाइक पर सवार होकर एक व्यक्ति आता दिखाई दिया। उसे रोककर जांच की गई तो उसके पास 112 पीस एट पीएम शराब मिली।

## सरस्वती पूजा में डीजे बजाने पर तीन आयोजकों पर प्राथमिकी



निज संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** रोहतास के बिक्रमगंज में प्रशासन डीजे बजाने को लेकर कार्रवाई करते हुए तीन पूजा पंडालों के आयोजकों पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए डीजे को जब्त कर लिया गया है। बिक्रमगंज अनुमंडल के एसडीएम अनिल बसाक के द्वारा बुधवार की रात विधि-व्यवस्था को ले औचक निरीक्षण किया। इसी क्रम में कई पूजा पंडालों में डीजे बजाते हुए पाया गया। ऐसे तीन पूजा पंडालों का डीजे जब्त करते हुए कार्रवाई की गई है। औचक निरीक्षण में बीडीओ और थानाध्यक्ष ललन कुमार भी एसडीएम के साथ ले गए। एसडीएम ने बताया कि बिक्रमगंज के नटवार रोड में रजिस्ट्री ऑफिस के पास, ए एस कॉलेज रोड में काशी घाट एवं आनंद नगर में पूजा-पंडालों से डीजे को जब्त करते हुए संबंधित आयोजक पूजा समिति के सदस्य, डीजे संचालक पर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश बीडीओ एवं थानाध्यक्ष को दिया गया है। प्राथमिकी आईपीसी की धारा 153ए, 188 एवं लाउडस्पीकर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

## दुमका-पटना-दुमका एक्सप्रेस का मंदार हिल, त्रिवेणी एक्सप्रेस का ओबरा डैम स्टेशन पर ठहराव

**हाजीपुर (वैशाली) (नि.सं.)।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 13333/13334 दुमका-पटना-दुमका एक्सप्रेस का मालदा मंडल के मंदार हिल स्टेशन पर तथा गाड़ी सं. 15073/15074 सिंगरौली-टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस का धनबाद मंडल का ओबरा डैम स्टेशन पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है। मालदा मंडल के मंदार हिल स्टेषन पर दिनांक 14.02.2024 से गाड़ी सं. 13333 दुमका-पटना एक्सप्रेस 15.14/15.16 बजे तथा गाड़ी सं. 13334 पटना-दुमका एक्सप्रेस 12.22/11.24 बजे रूकते हुए आगे प्रस्थान कर रही है। इसी तरह धनबाद मंडल के ओबरा डैम स्टेषन पर दिनांक 17.02.2024 से गाड़ी सं. 15073 सिंगरौली-टनकपुर त्रिवेणी एक्सप्रेस का 17.30/17.32 बजे तथा दिनांक 20.02.2024 से गाड़ी सं. 15074 टनकपुर-सिंगरौली त्रिवेणी एक्सप्रेस का 06.16/06.18 बजे ठहराव प्रदान किया गया है।


**Office of the Executive Engineer**
**Drinking Water & Sanitation Division**
**Medininagar** प्रपत्र संख्या –1

**E-Procurement Notice**
**Very Short E-Tender reference no - DWSD/Spare Parts/09/2023-24**
**Date :- 13.02.2024**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Work | Supply of Spare parts of deep well hand pump India Mark-II Conforming to I.S: 9301-1990 with latest amendment (may be read along with 1st amendment IS: 15500 (Part 1-7) 2004 with latest amendment for spares of India Mark - II respectively) under D.W.& S. Division, Medininagar for the year 2023-24. Upto April – 2024 to March - 2025 |
| 2 | Estimated Cost (In lakh) | 45.13660 Lakh |
| 3 | B.O.Q Cost (In Rs.) | 5,000.00 |
| 4 | Earnest Money (In Rs.) | 90,500.00 |
| 5 | Time of Completion | 02 (Two) Months |
| 6 | Date of publication of Tender on Web site | 16.02.2024 / 02.30 PM |
| 7 | Last date /Time for receipt of Bid (Online Bidding) | 23.02.2024 / 04.00 PM |
| 8 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 23.02.2024 / 04.00 PM |
| 9 | Date of opening of Tender | 24.02.2024 / 04.00 PM |
| 10 | Name & address of office inviting tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Medininagar |
| 11 | Contact no of Procurement office | 7543089612 |

Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

**(Rameshwar Gupta)**
**Executive Engineer**
**Drinking water & Sanitation Division**
**Medininagar**

**PR 318980 Drinking Water and Sanitation(23-24).D**



**GOVT.OF. JHARKHAND**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Drinking Water & Sanitation Mechanical Division, Medininagar**

**Very Short e-Quotation No. 07/2023-24**

Rates through e-quotations are invited for "Material" category annexed as S/R Estimate for Repairing of 50 H.P. VT P/Set, 20 H.P. C/F Pump Set, 25 H.P. C/F Pump Set, 40 H.P. C/F Pump Set, Supplying & Fitting 200 Amp main switch etc work of Lesliganj add joining village Rural Water Supply Scheme for the year of 2023-24. from reputed Manufacturers / Authorized Dealers having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under D.W.&. S. Mech. Div. Medininagar, Government of Jharkhand, to be used in different Pumping Plants replacement operation maintenance works shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in .

Details and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate excluding taxes for the Materials online from 16.02.2024 at 3.30 hrs.to 23.02.2024 at 2.20 hrs. The quotation will be opened on 24.02.2024 at 3.30 Hours

The quotation is invited to ascertain and assess the Rate of Materials at par with lowest market rate for framing of Estimates under D. W. &.S. Mech. Division, Medininagar.

**Executive Engineer,**
**D.W. & S. Mechanical Division,**
**Medininagar (Palamau)**

**PR 318986 Drinking Water and Sanitation(23-24)#D**



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।**

**ई–अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना।**
ई–निविदा सूचना संख्या :– RDD/SD/CHATRA/32/2023-24/RE-1

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM), Block-Shaligram Narayanpur (Hunterganj) | 50,14,200.00 | 1,00,300.00 | 10,000.00 | 09 माह |
| 2 | PM-Ayushman Bharat Health Infrastructure Mission Scheme (PM-ABHIM), Block-Simaria. | 50,14,200.00 | 1,00,300.00 | 10,000.00 | 09 माह |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि – **22.02.2024**
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक–**22.02.2024** से दिनांक–**29.02.2024** के अपराह्न 05:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, चतरा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – **02.03.2024** अपराह्न 02:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमंडल, चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,**
**चतरा।**

PR 318985 (Rural Development) 23-24 (D)

## संक्षिप्त समाचार

### 63 सेंटरों पर आज से शुरू होगी मैट्रिक की परीक्षा

**गया**। जिले में गुरुवार से 63 केंद्रों पर मैट्रिक की परीक्षा शुरू होगी। इसमें 79139 परीक्षार्थी शामिल होंगे। 39619 छात्राएं व 39520 छात्र परीक्षा देंगे। छात्राओं का सेंटर अनुमंडल मुख्यालय में रखा गया है। सबसे अधिक गया सदर अनुमंडल में 45 सेंटर बनाए गए हैं। जहां 39520 छात्र व 16602 छात्राएं परीक्षा में शामिल होंगे। वहीं शेरघाटी अनुमंडल में कुल नौ परीक्षा केंद्रों पर 12422 छात्राएं, टिकारी अनुमंडल मुख्यालय में पांच परीक्षा केंद्र पर 6785 छात्राएं व खिजरसराय अनुमंडल में चार परीक्षा केंद्र पर कुल 3810 छात्राएं परीक्षा देंगी। परीक्षा शुरू होने से आधा घंटा पहले तक ही परीक्षार्थियों को इंट्री मिलेगी। जूता-मोजा पहनकर आने पर रोक है।

### 1 मार्च से राजगीर से खुलेगी आस्था स्पेशल ट्रेन, श्री रामलला मंदिर के दर्शन में होगी सुविधा

**नालंदा**। 01 मार्च को राजगीर रेलवे स्टेशन से आस्था स्पेशल ट्रेन खुलकर अयोध्या को रवाना हो रही है। जिसमें सवार सभी रेलयात्रियों को श्री रामलला मंदिर में नवस्थापित, सह प्राण-प्रतिष्ठापित श्री रामलला की मनमोहक छवि निहारने का धार्मिक लाभ मिलने वाला है। जिसका रजिस्ट्रेशन का कार्य 17 फरवरी तक जारी रहेगा। इसकी जानकारी देते हुए भाजपा यूवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सह श्री रामलला दर्शन अभियान समिति के क्षेत्रिय प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि अयोध्या स्थित श्री रामलला मंदिर दर्शन हेतु राजगीर से आस्था स्पेशल ट्रेन आगामी 01 मार्च को सुबह 06 बजे खुलेगी। जिसका रजिस्ट्रेशन का कार्य शुरू कर दिया गया है। जो 17 फरवरी तक जारी रहेगा। जिसमें बतौर सेवा शुल्क के रूप में 895 निर्धारित किया गया है। रजिस्ट्रेशन कार्ड 22 फरवरी तक पंजीकृत रेलयात्रियों को निर्गत करा दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया राजगीर सेवा संस्कार में संपन्न किया जा रहा है।

### योजना के तहत आम के पेड़ पर दवा का छिड़काव

**बिहारशरीफ**। आम और अमरूद में लगने वाली बीमारियों से बचाव के लिए सरजमीन योजना के तहत पौधा संरक्षण विभाग द्वारा दवा का छिड़काव कराया जा रहा है। अमरूद के पेड़ पर एक माह पहले ही छिड़काव की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। लेकिन अब आम के पेड़ों पर भी छिड़काव शुरू कर दिया गया है। सहायक निदेशक पौधा संरक्षण संतोष कुमार ने बताया कि जिले में आम के लिए 8 हजार और अमरूद के लिए 1400 पेड़ का लक्ष्य दिया गया है। अब तक 350 अमरूद और 110 आम के पेड़ों पर छिड़काव कराया जा चूका है। उन्होंने कहा कि आम में मंजर आना शुरू हो गया है। इसलिए किसान जैसे-जैसे छिड़काव कराने की सूचना दे रहे हैं वैसे-वैसे संबंधित एजेंसी द्वारा छिड़काव कराया जा रहा है।

### देवो के देव "महादेव' का तिलकोत्सव निकला, अब आठ मार्च को शुभ विवाह

**गया**। शिव पार्वती विवाह महोत्सव...। बसंत पंचमी के साथ देवो के देव महादेव व पार्वती की विवाह की रस्में शुरू हो गई है। शहर के अलग-अलग मुहल्ले से गाजे-बाजे के साथ भगवान शिव का तिलकोत्सव निकाला गया। अब आठ मार्च यानि महाशिवरात्रि के दिन शिव-पार्वती का शुभ विवाह है। प्रभु के तिलकोत्सव को लेकर प्राचीन रामशिला पातालेश्वर महादेव मंदिर में भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया, फिर भगवान का तिलकोत्सव मना। भव्य आरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इसके अलावे शहर के कोईरीबारी, राजेन्द्र आश्रम व नवागढ़ी मुहल्ले से गाजे-बाजे के साथ महादेव का तिलकोत्सव निकाला गया। ओम सहयोग एवं विकास समिति के बैनर तले कोईरीबारी से निकला तिलकोत्सव पितामहेश्वर पहुंचा। इसमें अध्यक्ष विजय कुमार, सचिव सिद्धेश्वरनाथ उर्फ ललन, नागेन्द्र उर्फ केशु, बलराम सिंह, प्रमेन्द्र कुमार, नन्हें सिंह, पप्पू गुप्ता, विनोद कुमार आदि मौजूद थे। इधर आदर्श कला परिषद् राजेन्द्र आश्रम द्वारा भी भगवान का तिलकोत्सव धूमधाम से निकाला गया। गाजे-बाजे के साथ निकला भगवान का तिलक विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए महादेव घाट पहुंचा। अब महाशिवरात्रि के दिन भगवान के विवाह की रस्में होंगी। समिति की माने तो महादेव के तिलकोत्सव में वस्त्र, फल, फूल, बर्तन सहित अन्य सभी सामान रखे गए थे।



### नवचंडी महायज्ञ को लेकर निकाली गई कलश यात्रा

**गया**। शहर के टिल्हा धर्मशाला पश्चिमी गेट के पास तरुण कला परिषद के बैनर तले चार दिवसीय नवचंडी महायज्ञ बुधवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। सर्वप्रथम यज्ञ स्थल से माथे पर कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ सैकड़ों श्रद्धालु ब्रह्मसत सरोवर पहुंचे, यहां मंत्रों के जरीए कलश में जलभरी की रस्मों को पूरा किया गया। जलभरी का कार्य पूरा करने के बाद पुनः इन कलशों को यज्ञ मंडप में लाया गया। यहां पंचांग पुजन के साथ पाठ आरंभ किया गया। 15 फरवरी को पूजन पाठ आरंभ व अग्नि पराक्रय किया जाएगा। इसके अलावे 17 फरवरी को पूर्णाहुति व भंडारे का आयोजन होगा। इस मौके पर परिषद् के अध्यक्ष राजकिशोर सिंह, दिलीप कुमार सिकंदर, अरुण कुमार सिन्हा, नरेश प्रसाद सिंह, प्रभात , अनिल आदि मौजूद थे।



### हंसराज पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मना सरस्वती पूजा का पर्व

**गया**। हंसराज पब्लिक स्कूल की तीनों शाखाओं में मां सरस्वती की पूजा काफी धूमधाम से की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के सभी बच्चों ने अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए मां शारदे की पूजा की तथा उनका आशीर्वाद लिया। पूजा के बाद बच्चों तथा अभिभावकों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक तथा विद्यार्थियों द्वारा भजन एवं संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्रों तथा शिक्षकों ने अपनी अपनी गायन कला का प्रदर्शन करना मां शारदे की स्तुति की। विद्यालय की प्राचार्या सुरभि रूखैयार तथा निदेशक मनीष रुखैयार ने सभी बच्चों तथा अभिभावकों को सरस्वती पूजा की शुभकामनाएं देते हुए सरस्वती पूजा के उपलक्ष्य में निशुल्क नामांकन की घोषणा की इससे सभी अभिभावक काफी खुश हुए।



### राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नालंदा स्टेशन पर होगा ठहराव, 02 मिनट तक रूकेगी ट्रेन, यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**नालंदा**। यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 14223/14224 राजगीर-वाराणसी- राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस का हरनौत स्टेशन पर तथा 13233/13234 राजगीर- दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस का नालन्दा स्टेशन पर प्रायौगिक तौर पर 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है । दिनांक 16.02.2024 से गाड़ी सं. 14223 राजगीर-वाराणसी बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस 22.19 बजे हरनौत स्टेशन पहुंचेगी और 22.21 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक 17.02.2024 से गाड़ी सं. 14224 वाराणसी-राजगीर बुद्धपूर्णिमा एक्सप्रेस 04.24 बजे हरनौत स्टेशन पहुंचेगी और 04.26 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी। दिनांक 16.02.2024 से गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस 16.48 बजे नालन्दा स्टेशन पहुंचेगी और 16.50 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इसी तरह दिनांक 17.02.2024 से गाड़ी सं. 13234 दानापुर-राजगीर इंटरसिटी एक्सप्रेस 09.43 बजे नालन्दा स्टेशन पहुंचेगी और 09.45 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी । इस ट्रेन नालन्दा स्टेशन पर ठहराव दिये जाने के कारण गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी का पावापुरी रोड, बिहार शरीफ तथा वेना स्टेशनों पर ठहराव समय में संशोधन किया गया है । अब गाड़ी सं. 13233 राजगीर-दानापुर इंटरसिटी संशोधित समयानुसार 16.57/16.59 बजे पावापुरी रोड, 17.06/17.08 बजे बिहार शरीफ तथा 17.20/17.22 बजे वेना स्टेशनों पर रूकते हुए आगे प्रस्थान करेगी ।

# पुलिस से धक्का-मुक्की करने वाले पांच गिरफ्तार

## हत्या-लूट मामले में गिरफ्तारी करने गई थी टीम, घर वालों ने जताया था विरोध

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा पुलिस ने अपराध की साजिश रच रहे पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सदर डीएसपी नुरुल हक ने अपने कार्यालय में पीसी कर गुरुवार को मामले की जानकारी दी। डीएसपी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शराब, मादक पदार्थ, अवैध हथियार की बरामदगी और वांछित कांडों में गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। इसी क्रम में दो अभियुक्तों को थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव निवासी अजय यादव और आस्तिक कुमार को 13 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था। गिरफ्तारी के क्रम में परिवार के सदस्यों ने पुलिस के साथ धक्का-मुक्की की थी। इस मामले में रहुई थाना में 7 नामजद और 6 अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। दोनों अभियुक्त हत्या, लूट और मध्य निषेध मामले में फरार चल रहे थे।

**बना रहे थे अपराध की योजनाः** 14 फरवरी की रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सभी अभियुक्त एक जगह एकत्रित होकर किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की साजिश रच रहे। पुलिस ने त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए मिर्जापुर गांव से दो प्राथमिक अभियुक्त और तीन अन्य व्यक्तियों को गांजा के साथ गिरफ्तार किया। इनके पास से 313 ग्राम गांजा, पांच मोबाइल सेट, एक वजन करने वाला इलेक्ट्रॉनिक मशीन और एक बाइक मिली।

**इनकी हुई गिरफ्तारीः** मिर्जापुर गांव निवासी अनिल पासवान का पुत्र नवीन कुमार, शंकर यादव का पुत्र बंटी कुमार उर्फ नीरज कुमार, अनिल गिरी का पुत्र राजतिलक कुमार, रंजीत यादव उर्फ रानी गोप का पुत्र रजनीश कुमार और अजय यादव का पुत्र कौशिक कुमार। छापेमारी टीम में रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार, प्रशिक्षु दारोगा शशि रंजन कुमार मिश्रा और रहुई थाना की सशस्त्र पुलिस बल शामिल रही।

# बिहटा-सरमेरा सड़क किनारे मिला अधेड़ का शव

## हाथ की कलाई और गर्दन पर जख्म के निशान, हत्या कर शव फेंकने की आशंका

निज संवाददाता। नालंदा



नालंदा में गुरुवार को शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला रहुई थाना क्षेत्र के बिहटा-सरमेरा टू लेन के किनारे का है। शव सड़क किनारे डीहरा गांव के पास से बरामद किया गया है। फिलहाल शव की पहचान नहीं की जा सकी है।

**गर्दन पर भी गंभीर जख्म के निशानः** रहुई थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति जिसकी उम्र करीब 55 वर्ष है। उसका शव डीहरा गांव के पास लालमुनी यादव के बोरिंग के समीप पड़ा हुआ है। सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है। शव के परीक्षण के उपरांत यह पाया गया कि बायां हाथ का नस कटा हुआ है और गर्दन पर भी गंभीर जख्म के निशान हैं। फिलहाल पुलिस मामले की अनुसंधान में जुट गई है।वहीं ग्रामीणों की माने तो किसी अपराधी द्वारा अधेड़ की हत्या कर उसके शव को सुनसान इलाके में फेंक दिया गया है। हाथ और गर्दन पर हथियार से वार किया हुआ है।

**क्या बोली पुलिसः** थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को सदर अस्पताल के मोर्चरी रूम में पहचान और पोस्टमार्टम के लिए रखा गया है। आसपास के थाने और सोशल मीडिया के सहारे शव की पहचान की जा रही है। पहचान होने के उपरांत ही मामले में विस्तृत जानकारी दी जा सकती है।

# गया एयरपोर्ट से राहुल गांधी औरंगाबाद रवाना, हेलीकॉप्टर से निकले

निज संवाददाता। गया

**दिल्ली में फ्लाइट में आई तकनीकी खराबी के कारण हुई लेट, रोहतास भी जाएंगे**



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी गया एयरपोर्ट पहुंचे। उनकी फ्लाइट 12:50 पर थी, लेकिन फ्लाइट में कुछ तकनीकी खामियों की वजह से वो समय से नहीं आ सके। करीब तीन बजे वो गया एयरपोर्ट पहुंचे, यहां भी उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ा। यहां उन्हें हवाई मार्ग से औरंगाबाद जाना था, लेकिन हेलीकाप्टर के पायलट ने मौसम खराब होने की वजह से विजिबिलिटी कम होने की बात कही। इस वजह से उन्हें राहुल गांधी को करीब 20 से 25 मिनट गया एयरपोर्ट परिसर के अंदर ही रुकना पड़ा।

**औरंगाबाद से रोहतास जाएंगे राहुल गांधीः** इसके बाद सड़क मार्ग से जाने की तैयारी जिला प्रशासन की ओर से कर दी गई थी। सुरक्षाकर्मी भी सड़क मार्ग से जाने के लिए मुस्तैद हो गए थे। वहीं कुछ देर बाद सांसद राहुल गांधी हेलीकॉप्टर से औरंगाबाद के लिए रवाना हो गए। कांग्रेस नेता उबर खान ने बताया कि राहुल गांधी के साथ 9 लोग हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी हवाई मार्ग से औरंगाबाद की सभा में भाग लेने के लिए निकल चुके हैं। औरंगाबाद के बाद राहुल गांधी रोहतास भी जाएंगे। राहुल गांधी के आगमन को लेकर एयरपोर्ट के बाहर बड़ी संख्या में सुरक्षाबलों की तैनाती थी।

# हथियार लहरा रहा एक आरोपी गिरफ्तार, 01 देशी कट्टा, 06 जिंदा कारतूस बरामद

निज संवाददाता। गया



गया जिले के टिकारी पुलिस अनुमंडल के अलीपुर थाने की पुलिस ने एक शख्स को देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। उसके पास से 315 बोर के 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पकड़ा गया व्यक्ति अपने गांव अकबरपुर में हथियार लहरा कर लोगों के बीच भय पैदा कर रहा था। उसने गोली भी चलाई थी। इससे लोग काफी दहशत में थे। हालांकि किसी प्रकार की अनहोनी की घटना नहीं हुई थी। पुलिस का कहना है कि जब पुलिस की टीम गांव में पहुंची तो वह भागने लगा लेकिन जवानों ने उसे दौड़ कर पकड़ लिया।

**क्या बोले DSP:** डीएसपी चंचल कुमार ने बताया कि अलीपुर के पुलिस अफसर राहुल कुमार शाम को गश्ती पर थे। गश्ती के दौरान थाने से उन्हें सूचना दी गई कि अकबरपुर गांव में एक व्यक्ति हथियार लहरा रहा है एवं आसपास के लोगों को डरा धमका रहा है। इस सूचना पर पुलिस बल के साथ राहुल कुमार सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अकबरपुर के उतरबारी बिगहा पहुँचे तो देखा कि एक व्यक्ति पुलिस बल को देख कर भाग रहा है। इस पर सशस्त्र बल के जवानों ने उसका पीछा कर पकड़ लिया। पकड़ में आये व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम व पता रविन्द्र यादव, पिता दामोदर यादव बताया। रविन्द्र अकबरपुर का ही रहने वाला है।

**मामला दर्ज, अब कार्रवाई होगीः** डीएसपी ने बताया कि रविन्द्र की विधिवत तलाशी ली गई तो तलाशी के क्रम में पकड़ाए व्यक्ति की कमर के दाए तरफ से खोसा हुआ 1 देशी कट्टा, देशी कट्टा को अनलोड करनेपर देशी कट्टा के बैरल में लगा 01 मिसफायर गोली, कमर के बाये तरफ ढ़कुआ में खोसा हुआ 06 जिंदा कारतुस, 01 मिसफायर गोली एवं 02 खोखा बरामद हुए। डीएसपी ने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति से जब पूछताछ की गई तो वह कोई संतोषजनक जवाब अब तक नहीं दे सका है। इस पर उसे गिरफ्तार कर अलीपुर थाना लाया गया।उन्होंने बताया कि इस संबंध में अलीपुर थाना कांड सं0-23/24, दिनांक-13.02.2024, धारा-25 (1-बी) ए/26 आर्म्स एक्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# विशेष अभियान में 947 अपराधी गिरफ्तार, 672 ने किया सरेंडर

## हत्या के प्रसाय में सबसे ज्यादा 56 धराए, कार्रवाई में अवैध हथियार भी बरामद

निज संवाददाता। गया



एसएसपी आशीष भारती के निर्देश पर जनवरी माह से अब तक विभिन्न थाना क्षेत्रों से 947 अपराधियों-आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस दबिश के कारण 672 आरोपी न्यायालय में आत्मसमर्पण कर चुके हैं। एसएसपी आशीष भारती ने कहा कि पकड़े गए आरोपियों में हत्या में 1, लूट में 6, डकैती में 7, बलात्कार-पोक्सो एक्ट में 10, अपहरण मामले में 5, हत्या के प्रयास में 56, दहेज हत्याकांड में 13, गृहभेदन कांड में 3, चोरी और वाहन चोरी में 47, नक्सल कांड में 1, रंगदारी में 2, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कांड में 49, पुलिस पर हमला के 47, विविध कांड में 489, पुलिस के भय से न्यायालय में समर्पण 672। कुल गिरफ्तार और आत्मसमर्पण किए गए अपराधियों-आरोपियों की संख्या अब तक 1619 है।

**एक केन बम भी बरामदः** एसएसपी ने बताया इसके अलावा शराब के कांड में गिरफ्तारी की संख्या 211, बरामद महुआ शराब 2183.5, देशी शराब 1791.5, विदेशी शराब 1057.295, वाहन जांच में 24 लाख 11 हजार रुपए वसूले गए। एसपी ने बताया कि विशेष कार्रवाई में अवैध हथियार बरामद हुए। इस दौरान 4 देसी कट्टा, 2 देसी राइफल, 2 खोखा, 1 देसी पिस्टल, 1 देसी थ्रीनट एक, 6 कारतूस, 1 केन बम, देसी बंदूक बरामद किया है।

# 4 दिन से लापता युवक का नहीं मिला सुराग

निज संवाददाता। गया

**पत्नी ने दर्ज कराया केस, पुलिस बोली- उसके पास मोबाइल भी था, जांच की जा रही**

गया जले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इक़बाल नगर मोहल्ले से एक युवक 4 दिनों से लापता है। इसकी तलाश परिजन अपने स्तर से हर जगह ढूंढ-ढूंढ कर थक गए हैं। इसका कोई भी सुराग परिजनों को नहीं मिल सका है। मामले में युवक की पत्नी आफ़रीन प्रवीण समेत घर वाले काफ़ी परेशान हैं। किसी अनहोनी की आशंका से भी डरे हुए हैं। पति के लापता होने को लेकर कोतवाली थाने में लिखित शिक़ायत दर्ज़ कराईं गई है। बताया जा रहा है कि ज़िले के डुमरिया के रानीगंज का रहने वाला मोहम्मद नौशाद पिता मोहम्मद सरफुद्दीन पत्नी के साथ कोतवाली अंतर्गत पड़ने वाले गया-पटना रोड कर्बला के समीप इकबाल नगर मोहल्ले में रहता था। अचानक 4 दिनों से घर से निकला और अब तक नहीं लौटा है। पत्नी आफरीन प्रवीण का कहना है पति की तलाश सभी जगह किए लेकिन पति का कोई भी अता-पता नहीं चल रहा है। परेशान होकर कोतवाली थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

**क्या बोली पुलिसः** इस संबंध में कोतवाली थाना के थानाध्यक्ष आशीष मिश्रा ने बताया इकबाल नगर मोहल्ले का रहने वाला मोहम्मद नौशाद नामक युवक लापता हो गया है। उसकी पत्नी आफ़रीन प्रवीन ने थाने में लिखित शिक़ायत दर्ज कराई है। युवक के पास मोबाइल भी था उसके आधार पर पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है।

# पुलवामा हमले में शहीदों को किया गया याद

निज संवाददाता। गया




गया के स्थानीय टावर चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण मे पुलवामा हमला में शहीद सीआरपीएफ के जांबाज 40 जवानों के शहादत के 5 वीं बरसी पर उन्हें सलामी देकर, मोमबत्तियां जला कर श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रदेश प्रतिनिधि सह प्रवक्ता प्रो विजय कुमार मिट्ठू, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव अमरजीत कुमार, शिव कुमार चौरसिया, श्रीकांत शर्मा, विनोद उपाध्याय, विजय सिंह अधिवक्ता, सुनील कुमार सिन्हा आदि ने कहा कि आज जब पुलवामा हमला जैसे संवेदनशील, हृदय विदारक घटना पर उस समय के तत्कालीन महामहिम राज्यपाल जम्मू कश्मीर सत्यपाल मल्लिक के इस घटना पर सरकार के ईतर विरोधाभासी बयान की निष्पक्ष जांच कराने की जरूरत है ताकि शहीद के परिजन को तसल्ली हो सके। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पुलवामा हमला के शहीद सपूतों के परिजनों को केंद्र एवं राज्य सरकारे जहां के ये निवासी हैं सभी तरह की सुविधाएं मुहैया कराए जैसे आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास आदि।

# प्रमुख एवं उपप्रमुख के चुनाव की तिथि घोषित की गयी

निज संवाददाता। गया






गया जिले के वज़ीरगंज और फतेहपुर ब्लाक में प्रमुख एवं उपप्रमुख के चुनाव की तिथि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित कर दी गयी है। 15 फरवरी को दोनों पद के लिए दोनों जगह चुनाव कराए जाएंगे। प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राहुल रंजन ने बताया कि 16 जनवरी को अविश्वास प्रस्ताव के दौरान प्रमुख सोनमा देवी और उप प्रमुख दिलीप यादव अपना बहुमत सिद्ध नहीं कर पाए थे। इसके बाद दोनों पद रिक्त हो गया था। इस बात की सूचना राजय निर्वाचन आयोग को भेजी गयी थी। सूचना के आलोक में नई तिथि जारी की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रखंड के सभी 25 पंचायत समिति सदस्यों को 7 फरवरी तक चुनाव को लेकर सूचना भेजने का निर्देश दिया गया था। उसके बाद 15 फरवरी को दोनों पदों का चुनाव प्रखंड कार्यालय में किया जाएगा।

**दो गुटों के बीच संघर्ष की संभावनाः** दोनों पदों के लिए चुनाव की तिथि घोषित होने के साथ ही फतेहपुर प्रखंड क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ सी गई है। प्रमुख एवं उपप्रमुख के पद पर कब्जा के लिए दो गुट आमने-सामने नजर आ रहे हैं। एक गुट का नेतृत्व पूर्व प्रखंड प्रमुख अनीता देवी और उप प्रमुख के दावेदार रहे रणधीर यादव कर रहे हैं, तो वहीं दूसरे गुट का नेतृत्व बीते माह ही पद गवानें वाले प्रमुख सोनमा देवी और उपप्रमुख दिलीप यादव कर रहें। वहीं इस बार के चुनाव में बिहार में सत्ता परिवर्तन का भी असर दिख सकता है। पिछली बार प्रमुख और उपप्रमुख के पद पर राजद समर्थक ही चुनाव जीते थे। इस बार हाल ही में प्रदेश की सरकार से हाथ धोने वाले राजद के समर्थक पूरे जोश में अभी नहीं आए हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## एसटेट उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को मिलेगा रिजल्ट कार्ड

**आरा।** माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (एसटेट) 2019 एवं 2023 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को 15 फरवरी से रिजल्ट कार्ड वितरित किया जाएगा। यह रिजल्ट कार्ड जिला शिक्षा कार्यालय में वितरित होगा। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने बताया कि करीब 16 हजार उत्तीर्ण अभ्यर्थियों का रिजल्ट कार्ड बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना से प्राप्त हुआ है। उन सभी रिजल्ट कार्ड का वितरण 15 से 29 फरवरी तक कार्यालय में किया जाएगा। वितरण कार्य के लिए पांच सदस्यीय कमेटी बनायी गई है। इसमें लिपिक अनुराग कुमार, संतोष कुमार, राजेश चौहान, मुकुल कुमार और सहदेव जायसवाल को जिम्मेवारी सौंपी गई है। लिपिक अनुराग कुमार ने बताया कि दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक रिजल्ट कार्ड का वितरण होगा। रिजल्ट कार्ड प्राप्त करने के लिए उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की उपस्थिति अनिवार्य है।

## परीक्षा के लिए 30% वीक्षकों ने नहीं किया योगदान, होगी प्राथमिकी

**आरा।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा-2024 में ड्यूटी से गायब रहने वाले वीक्षकों पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी। बुधवार तक मैट्रिक की वार्षिक परीक्षा के लिए ड्यूटी पर लगाए गए वीक्षकों को योगदान करना था लेकिन 30 प्रतिशत वीक्षकों ने योगदान नहीं किया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन ने मामले को गंभीरता से लिया है। कहा कि यह सरकारी कार्य में बड़ी लापरवाही है। वैसे वीक्षक जिन्होंने योगदान नहीं किया है उनका यह बर्ताव अनुशासनहीनता को दर्शाता है। उन्होंने माना कि 30 प्रतिशत वीक्षक अब तक मैट्रिक परीक्षा की ड्यूटी के लिए योगदान नहीं किए है। यह शिक्षा विभाग की 1951 नियमावली की कंडिका का उल्लधन है। वैसे वीक्षकों की सेवा पुस्तिका पर यह अंकित किया जाएगा कि उन्होंने अपनी ड्यूटी में लापरवाही की है। इसके साथ ही वैसे वीक्षकों के वेतन पर रोक लगाते हुए निलंबित किया जाएगा एवं उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज होगी। परीक्षा को लेकर हुई समीक्षा बैठक में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष ने इस पर कड़ा एक्शन लेने का निर्देश दिया है। गौरतलब हो कि जिले के 38 केंद्र पर 15 फरवरी गुरुवार से मैट्रिक की परीक्षा शुरू होनी है। यह परीक्षा दो पाली में होगी। परीक्षा में 48530 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

## ट्रैक्टर पलटने से दबकर चालक की मौत

**आरा।** सहार थाना क्षेत्र के गोडिहा गांव में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गई। जिसमें ट्रैक्टर चालक टेंगरी महतो की मौत हो गई। मृतक टेंगरी महतो, 35 वर्ष, बनौली गांव निवासी स्वर्गीय कपिल देव महतो का पुत्र था। मंगलवार की रात में चालक की ट्रैक्टर के इंजन को लेकर कहीं जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में गिर गई। घटना की सूचना पुलिस को मिली। ट्रैक्टर चालक पलटी हुई गाड़ी के इंजन से दबा हुआ था। पुलिस ने जेसीबी मशीन के माध्यम से ट्रैक्टर हटाकर शव को निकाला और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल आरा में ले आई।

## समकालीन अभियान में हत्या के प्रयास सहित कुल 11 गिरफ्तार

**आरा।** पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में समकालीन अभियान चलाकर थाना क्षेत्रों से हत्या के प्रयास करने के आरोप में दो आरोपियों के साथ कुल 11 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। वही पुलिस ने 350 लीटर महुआ पास को भी विनष्ट कर दिया। गिरफ्तार लोगों में बिहिया थाना में दर्ज कांड में संलिप्त अभियुक्त जमुआ गांव निवासी गुप्तेश्वर यादव पिता स्व मिठल यादव ,अमरेश कुमार पिता विशेश्वर यादव, आरा नगर थाना में दर्ज मद्यनिषेध एवं उत्पाद संशोधित अधिनियम 2018 के केस में बड़की सिंगही निवासी अनिकेत कुमार 2. अभय कुमार दोनों पिता स्व० अमीरचंद्र प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया। एसपी प्रमोद कुमार यादव ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया की अभियान के तहत गिरफ्तार लोगों में हत्या के प्रयास करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वारंट के केस में 2, शराब के मामले में 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वही 22 लीटर महुआ शराव, 4 लीटर अंग्रेजी शराब को जब्त किया गया। कोर्ट द्वारा निर्गत 36 कुर्की के केस का निष्पादन के साथ 581 वाहनों को जांच कर 82500 रुपया जुर्माना वसूला गया।

## एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे अश्विनी चौबे, राहुल गांधी और तेजस्वी यादव पर साधा निशाना

**बक्सर।** एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंचे केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने राहुल गांधी और तेजस्वी पर जमकर निशाना साधा। तेजस्वी द्वारा सदन में पूछे गए गारंटी की बयान पर अश्विनी कुमार चौबे ने बयान देते हुए कहा कि तुम गारंटी दो की पलटी नहीं मारोगे। राजनीति में कोई किसी को गारंटी नहीं देता। राजनीति में एक ही गारंटी है जनता का विकास। उन्होंने कहा कि मोदी ज्ञान का गारंटी देते हैं। ज्ञान को परिभाषित करते हुए कहा कि G से गरीब, Y युवा, A अन्नदाता और N नारी इन्हीं 4 को विकास की गारंटी है। वहीं, केंद्रीय मंत्री सह बक्सर के सांसद अश्विनी कुमार चौबे ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में तेजस्वी यादव के शामिल होने पर भी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह दोनों युवराज देश का भला करने वाला नहीं है। ए लोग अपना भला करते हैं। एक दिल्ली वाला और एक बिहार वाला। यह दोनों भ्रष्टाचार अपराध को बढ़ावा देने वाला है। अपराधियों की राजनीति और राजनीति में अपराधीकरण करने वाले लोग हैं। इसे देश की कोई भला नहीं होगा। बता दें कि केंद्रीय मंत्री अपने एक दिवसीय दौरे पर बक्सर पहुंच गंगा घाटों का जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण और जिले में विकास योजनाओं को लेकर जिलाधिकारी के साथ बैठक किए थे। बैठक में चौसा पावर प्लांट, लाइट एंड साउंड, गंगा पुल पर जाम की स्थिति सहित जिले के अन्य विकास योजनाओं पर चर्चा की गई। केंद्रीय मंत्री चौबे ने सर्किट हाउस में जनता की समस्याओं से भी अवगत हुए। समस्या निदान के लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। वहीं पर मीडिया के सवलों का जवाब देते हुए राहुल गांधी पर और तेजस्वी यादव निशाना साधा और मोदी की विकास गारंटी की सराहना किया।

## आपसी बातचीत में अंग्रेजी का प्रयोग करें, मजबूत होगी भाषा

**बक्सर।** बक्सर के डुमरांव राज हाई स्कूल के परिसर में निर्मित सामुदायिक सह डिजिटल पुस्ताकल का उद्घाटन जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने किया। पुस्तकालय का उद्घाटन सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर विधि विधान के साथ किया गया। उद्घाटन बाद उन्होंने पुस्तकालय भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। उपलब्ध किताबों को भी देखा। उन्होंने बताया कि किताबों को लेकर डोनेशन कैंपेन चलाए। इसमें जिनकी नौकरी हो चुकी हैं, वे लोग अपनी किताबों को इन पुस्तकालयों में दान देकर बच्चों का भविष्य संवार सकते हैं। उनके द्वारा दिए गए पुस्तक को पुस्तकालयों तक पहुंचाया जाएगा। इस लाइब्रेरी में



इंटरनेट की भी व्यवस्था उपलब्ध है साथ ही जो छात्र इंटरनेट के माध्यम से ई-बुक लेकर पढ़ना चाहते हैं। उसके लिए कम्प्यूटर की भी व्यवस्था है। इस दौरान डीएम ने कहा कि दुनिया में ज्ञान का सबसे बड़ा माध्यम पुस्तकालय है। जहां बैठकर किताबों के बीच इंसान पढ़ लिख कर सर्वोच्च ज्ञान का स्वामी बन सकता है। इसके बारे में प्रचार प्रसार करना है। ताकि अधिक से अधिक बच्चे इसका लाभ ले सकें। वही छात्रों के लिए सुझाव के रूप में कहा कि बच्चों को एक दूसरे से बातचीत में इंग्लिश का प्रयोग करना चाहिए। कहा कि एक दूसरे को अगर विश भी करें तो इंग्लिश में करें। इससे आपकी अंग्रेजी में पकड़ मजबूत होगी। कहा कि इंग्लिश पेपर पढ़ें और उसके स्टोरी से जानकारी हासिल करें। साथ ही अपने लिए एक डायरी बना लें। जिसमें मुख्य बिदुओं को नोट करते रहें। इससे आपको आगे की पढ़ाई में सहायता मिलेगी। कहा गया कि पुस्तकालय में प्रतियोगिता दर्पण, बिहार दर्पण समेत कई पुस्तक उपलब्ध है। अगर किसी प्रतियोगिता की किताब की आवश्यकता हो तो लिखित रूप में विद्यालय प्रबंधक को बताएं उसे भी उपलब्ध करा दिया जाएगा। प्रखंड विकास पदाधिकारी को किताबों के लिए डाटा बेस तैयार करने के निर्देश दिए गए। ताकि बच्चों को यह पता चल सके कि किस माह की कौन सी कितनी किताब यहां पर उपलब्ध है।

# घने कोहरे की वजह से गाड़ियों की हुई टक्कर, 6 से ज्यादा घायल

## ग्रामीणों की मदद से सभी को अस्पताल भेजा गया

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र अमराई नवादा गांव के पास आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर घने कोहरे की वजह से कई गाड़ियां आपस में टकरा गई। घटना में लगभग आधा दर्जन लोग जख्मी हो गाय। जिन्हें इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल ले जाया गया है। हाईवे पर लगभग 6 से 7 गाड़ियां आपस में टकरा गई। जिसमें कार और ट्रक शामिल हैं। बुधवार को बारिश होने की वजह से मौसम में बदलाव हुआ। जिसके बाद बुधवार की रात में मौसम के बदलने की वजह से घना कोहरा छाया रहा। जिसकी वजह से यातायात भी काफी प्रभावित हो गई।

**एक गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद अन्य वाहन भी दुर्घटनाग्रस्तः** घटना के बाद ग्रामीणों की काफी संख्या में भिड़ जुट गई। एक्सीडेंट की सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटना स्थल पर पहुंची और एंबुलेंस के जरिए सभी जख्मियों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। बिहिया थानाध्यक्ष ने बताया कि घने



कोहरे की वजह से विजिबिलिटी काफी कम थी। कुछ भी साफ नहीं दिख रहा था। पहले एक गाड़ी टकराई। जिसके बाद एक-एक कर वाहनों की टक्कर होने लगी। गाड़ियां पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में किसी की जान नहीं गई है। सभी घायल हैं।

# धान प्राप्ति का लक्ष्य पूरा नहीं, डीसीओ ने मांगा स्पष्टिकरण

## बक्सर में अभी तक 33% धान अधिप्राप्ति, कार्य में तेजी लाने का निर्देश

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर में इस बार धान अधिप्राप्ति का लक्ष्य पूरा नहीं होने पर डीसीओ और बीसीओ पर करवाई की गई है। धान अधिप्राप्ति में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप प्रगति नहीं होने के कारण जिला सहकारिता पदाधिकारी बक्सर से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। साथ ही कम अधिप्राप्ति करने वाले प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी के विरूद्ध प्रपत्र क गठित करने एवं समितियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। साथ ही धान अधिप्राप्ति कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बता दें कि अभी तक बक्सर जिला में 5880 किसानों से 55668.67 एमटी धान की अधिप्राप्ति की गई है। किसानों को अधिप्राप्त धान के विरूद्ध राशि का भुगतान 48 घंटे के अंदर उनके खाता में करने हेतु जिला प्रबंधक राज्य खाद्य निगम बक्सर एवं जिला सहकारिता पदाधिकारी बक्सर को निर्देश दिया गया है। इसके अलावा बक्सर डीएम द्वारा अधिप्राप्ति




किये गये धान का मिलिंग के बाद सीएमआर जमा करने की समीक्षा भी की गयी। बक्सर डीएम अंशुल अग्रवाल ने बताया कि ये सही बात है की धान अधिप्राप्ति इस बार जिले 33%रही है, जो की संतोषजनक नहीं है। हम लोगों ने जिला सहकारिता पदाधिकारी के विरुद्ध करवाई के लिए भी विभाग को लिख दिया है। संबंधित प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी और पैक्स भी है। जिनके यहां प्रगति नहीं हुई है।उनके विरुद्ध भी कठोर करवाई हम करेंगे।डीएम ने कहा की हमलोगो ने प्रयास किया था लेकिन जिला सहकारिता पदाधिकारी के कार्यालय से कार्य उस अनुरूप नहीं किया गया।

# दीपांकर भट्टाचार्य के नेतृत्व में राज्यव्यापी विरोध दिवस

**निज संवाददाता। आरा**

माले विधायक मनोज मंजिल सहित 23 कार्यकर्ताओं को आजीवन कारावास की सजा के खिलाफ माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य के नेतृत्व में राज्यव्यापी विरोध दिवस मनाया गया। इसके बाद आक्रोशपूर्ण प्रतिरोध मार्च निकाला गया । इस दौरान माले के नेता और कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कहा की के विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भाजपा के इशारे पर राजनीतिक दुर्भवना से प्रेरित हत्या के झूठे मुकदमे में सभी को फसाए गए है। इधर,दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा की मनोज मंज़िल और उनके साथ और 22 सक्रिय साथियों जिसमे 90 के उम्र तक की सज़ा पूरी तरह से झूठे मुक़दमा जो राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भाजपा की साज़िश का हिस्सा है। ये दुर्भाग्य की बात है। जो सजा दी गई वह तथ्य पर आधारित नही है। जो अन्याय है। मनोज मंज़िल लगतार न्याय के लिए लड़ते रहे हैं। गरीबों - दलितों के अधिकार के लिए लड़ते रहें हैं। सामाजिक उत्पीड़न, आर्थिक शोषण, बिहार के पिछड़ेपन के खिलाफ बच्चों के पढ़ाई, किसानों की खेती के लिए लड़ते रहें हैं। लेकिन आज उनके साथ ही इतना बड़ा अन्याय हो गया।

**'जनता के दावेदारी को कुचलने की कोशिश':** जाहिर है कि भोजपर और बिहार में गरीबों की लड़ाई को रोकने और उनके आवाज को खामोश कर देने की साजिश है। इसके साथ हीआज के दौर में पूरे देश मे विपक्ष पर जबरदस्त हमला हो रहा है। विपक्ष के सरकारों को चलने नही दिया जा रहा है। सांसदों को निलंबित कर दिया गया। पूरे विपक्ष पर हमला है तो हमारे नेताओं पर भी हमला है। इसके खिलाफ पूरे बिहार और देश मे मिल कर लड़ेंगे। जो कानूनी प्रक्रिया है उसे लड़ेंगे और जनता के अदालत में इस बात को लेजाएंगे। जनता जानती है कि अलग-अलग दौर में अलग-अलग तरीके आए जनता के दावेदारी को कुचलने की कोशिश हुआ।

# मौत के तीसरे दिन परिजनों को मिला शव, सड़क हादसे में व्यक्ति की हुई थी मौत

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर में हुए सड़क हादसे में मृत युवक की तीसरे दिन पहचान हो पाई है। उसकी पहचान बिहिया थाना क्षेत्र के बारा गांव वार्ड नंबर-8 निवासी भुवनेश्वर प्रसाद के 35 वर्षीय पुत्र अखिलेश प्रसाद उर्फ राम लड्डू के रूप में हुई है। पेशे से मजदूर था। बता दे की बीते सोमवार की दोपहर आरा-बक्सर नेशनल हाईवे पर बिहिया थाना क्षेत्र के बिहिया मोड़ स्थित धर्म कांटा के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद स्थानीय लोगों द्वारा इसकी सूचना बिहिया थाना पुलिस को दी गई थी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम सदर अस्पताल में करवाया था। इसके बाद पुलिस ने उसके शव



को लावारिस सेवा केंद्र को दाह-संस्कार के लिए सौंप दिया था। इधर मृतक के पड़ोसी अमरनाथ राय ने बताया कि सोमवार की सुबह करीब 11 बजे घर से निकला था। शाम में जब वह घर वापस नहीं लौटा तो परिजनों ने काफी खोजबीन की थी। मंगलवार की शाम स्थानीय लोगों से मालूम हुआ कि अज्ञात युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई थी। जिसका बिहिया थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम कराया है। परिजन

### पुलिस ने शव लावारिस सेवा केंद्र को सौंप दिया था

बिहिया थाना पहुंचे और मोबाइल में उसकी फोटो देख उसकी पहचान की। मृतक अपने छह भाई व छह बहन में दूसरे स्थान पर था।

**10 साल पहले जबलपुर में शादी हुई थीः** मृतक की शादी 10 वर्ष पूर्व मध्यप्रदेश के जबलपुर में हुई थी। लेकिन उसकी पत्नी शादी के 6 माह बाद ही उसे छोड़कर वापस अपने मायके चली गई थी। उसके परिवार में मां उर्मिला देवी, छह बहन पिंकी, रिंकी, बुचिया, मुनी, काजल, बड़की व पांच भाई अनिल, भुटाली, मुनीलाल, सुनील और शिव कुमार है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया है। घटना के बाद मृतक की मां उर्मिला देवी और परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# ठनका गिरने से 13 साल की बच्ची की मौत, मंदिर जाने के लिए निकली थी

**निज संवाददाता। आरा**

भोजपुर जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव स्थित खेत में बुधवार को ठनका गिरने से किशोरी की मौत हो गई। घटना के बाद 5 घंटे तक खेत में पड़ी रही। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मची रही। मृत किशोरी जगदीशपुर थाना क्षेत्र के भड़सरा गांव निवासी तपेश्वर पांडेय की 13 वर्षीय पुत्री रिया कुमारी है। वह 7वीं कक्षा की छात्रा थी।

काफी देर तक घर नहीं लौटी तो परिजनों ने खोजबीन कीः मृत किशोरी के चाचा सत्यम पांडेय ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन गांव के सभी लोग गांव में ही स्थित खुटहा बाबा के मंदिर में पूजा करने के लिए जाते हैं। बुधवार की शाम वह भी अकेले घर खुटहा बाबा मंदिर में पूजा करने के लिए गई थी। लौटने के क्रम में बारिश शुरू होने लगी। बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान जब वह खेत से होकर घर आ रही थी तभी ठनका गिर गया। जब वह घर काफी देर तक नहीं लौटी तो परिजनों ने गांव और आसपास के लोगों के घरों में उसकी काफी खोजबीन की। लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पा रहा था। इसके बाद परिजन



जब खुटहा बाबा के मंदिर की ओर गए। तभी वहां मौजूद एक चरवाहे ने बोला कि वह खेत की ओर उसे शाम में मैंने जाते देखा था। परिजन खुटहा बाबा मंदिर के समीप खेत में खोजने गए तो उन्होंने देखा कि वह घायल अवस्था में पड़ी है। इसके बाद परिजन इलाज के लिए आरा अस्पताल लेकर गए। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।

पुलिस को दी जानकारीः परिजनों ने इसकी सूचना सदर अस्पताल में पद स्थापित पुलिस पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को दी। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पोस्टमॉर्टम करवाया। मृत किशोरी अपनी तीन बहन व एक भाई में तीसरे स्थान पर थी। घटना के बाद मृत किशोरी की मां गुड़िया देवी व परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# वसंत पंचमी पर कुश्ती का आयोजन

**निज संवाददाता। बक्सर**

बक्सर के नरबतपुर में बुधवार की शाम विराट दंगल का आयोजन किया गया। जहां स्थानीय क्षेत्रों के अलावा दिल्ली, आजमगढ़, मऊ, बनारस, चंदौली, जंगीपुर, बी एम पी पटना, दानापुर, गाजीपुर के नामी गिरामी पहलवानों का जमावड़ा लगा हुआ था। फ्री स्टाइल दंगल के दौरान कई पहलवान कड़ी मशक्कत के बाद बराबरी पर रहे, तो कुछ ने पटकनी देकर दर्शकों को जयकारे लगाने पर मजबूर करते दिखाई दिए। इस दौरान बेहतर प्रदर्शन करने वाले पहलवानों पर इनाम का बौझार किया गया। बता दें कि यह दंगल की अध्यक्षता दीनबंधु सिंह द्वारा की गई। वहीं रेफरी की भूमिका पहलवान भगवान यादव द्वारा निभाई गई। मौके पर हजारों दर्शकों के साथ मौजूद सैकड़ों अतिथियों द्वारा पहलवानों का उत्साहवर्धन भी किया गया।

# भगवान शिव की थीम पर कार्यक्रम का आयोजन, कलाकारों ने बांधा समा

**बक्सर ।** बक्सर जिले के ब्रह्मपुर बीएन उच्च विद्यालय में ब्रह्मपुर महोत्सव का आयोजन में देर रात तक सांस्कृतिक कार्यक्रम चलता रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे केंद्रीय मंत्री अश्विनी चौबे और जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल मौजूद रहे। जिनके द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। ब्रह्मपुर महोत्सव का थीम भगवान शिव पर आधारित रहा। कार्यक्रम में देश के सुविख्यात कलाकारों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों को भी अपनी कला के प्रदर्शन के लिए मौका दिया गया।

शिव तांडव की की गई प्रस्तुतिः बता दे की जिला प्रशासन ब्रह्मपुर महोत्सव की तैयारियों में पिछले एक हफ्ते से जुटा हुआ था। बुधवार की शाम में प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम रात साढ़े 10 बजे तक चला। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत के बाद सिनेमेड इंटरटेनमेंट ग्रुप के द्वारा शिव तांडव की प्रस्तुति की गई। जिसको लेकर लोगो में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान हर हर के महादेव के नारे पूरा विद्यालय परिसर गूंज उठा। वहीं बक्सर जिले के निवासी भोजपुरी लोक गीत के गायक भोजपुरी सम्राट भरत शर्मा द्वारा एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति दी गई। इसके पश्चात अप्सरा डांस ग्रुप के द्वारा लोक नृत्य, की प्रस्तुति की गई।

पूर्व रेलवे

वर्ष 2024 के मार्च महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम की सूचना

**सं. : एस. 4/एस/डीएपी/2022-23, दिनांक : 13.02.2024।** मुख्य सामग्री प्रबंधक/प्रशासन, पूर्व रेलवे, 17, एन.एस. रोड, कोलकाता- 700001 निम्नलिखित विवरण के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं: **क्रम संख्या; डिपो/मंडल; न्यायक्षेत्र** और **तारीख** निम्नानुसार हैं: **1; बीईएसवाई;** बीईएसवाई डिपो, हावड़ा और आसनसोल मंडल; 09.03.2024, 14.03.2024, 20.03.2024 और 29.03.2024। **2; हालीशहर;** हालीशहर डिपो और सियालदह मंडल; 07.03.2024, 13.03.2024, 20.03.2024 और 29.03.2024। **3; जमालपुर;** जमालपुर डिपो और मालदा मंडल; 08.03.2024, 15.03.2024, 22.03.2024 और 29.03.2024। **4; हावड़ा;** हावड़ा मंडल; 01.03.2024, 13.03.2024, 19.03.2024 और 27.03.2024। **5; आसनसोल;** आसनसोल मंडल; 05.03.2024, 11.03.2024, 15.03.2024 और 20.03.2024। **6; सियालदह;** सियालदह मंडल; 08.03.2024, 14.03.2024, 22.03.2024 और 28.03.2024। **7; मालदा;** मालदा मंडल; 13.03.2024, 20.03.2024 और 28.03.2024।

**वि.द्र.:** ई-नीलामी की अनुसूची, अन्य विवरण तथा नियम और शर्तें वेबसाइट: **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। (STORES-70/2023-24)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter

भागलपुर–दुमका खंड में पावर एवं ट्रैफिक ब्लॉक के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

एल. सी. गेट सं. 7 (भागलपुर–टिकानी खंड) और सं. 30 (बाराहाट–मंदार हिल खंड) को हटाए जाने के संबंध में सब–वे के प्रावधान के लिए आरसीसी बॉक्स और स्लैब को चालू करने के सिलसिले में, **दिनांक 17.02.2024 (शनिवार) को** भागलपुर–दुमका खंड में **05 (पाँच) घंटे (10.30 बजे से 15.30 बजे तक)** पावर और ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्थाएँ की गई हैं:– ● **दिनांक 17.02.2024 को रद्द रहने वाली ट्रेनें: 03441 हंसडीहा–भागलपुर डीईएमयू स्पेशल और 03444/03443 भागलपुर–हंसडीहा–भागलपुर डीईएमयू स्पेशल।** ● **दिनांक 17.02.2024 को संक्षिप्त यात्रा समाप्त/शुरू: 13334/13333 पटना–दुमका–पटना एक्सप्रेस** भागलपुर पर संक्षिप्त यात्रा समाप्त करेगी और भागलपुर से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी एवं 03482 **भागलपुर–गोड्डा डीईएमयू स्पेशल** हंसडीहा से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, मालदा**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (विधुत/परिचालन), पूर्व मध्य रेल, धनबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन हेतु सक्षम संविदाकारों से जेम के माध्यम से बोली (बिड) आमंत्रित की जाती है। जेम (GeM) बोली संख्या : GEM/2024/B/4632483, दिनांक 14.02.2024.

1. कार्य का नाम, स्थान एवं समापन की अवधि : धनबाद मंडल के टोरी रनिंग रूम की सम्पूर्ण प्रबंधन के साथ क्रू के लिए भोजन बनाना, केयरटेकिंग, साफसफाई और – बागवानी, न्यूज पेपर और मैगजीन आपूर्ति, कपड़ों की धुलाई एवं रहने वाले क्रू को सब्सीडाईज्ड भोजन उपलब्ध कराना शामिल है की 03 वर्षों (1095 दिनों) के लिए आउटसोर्सिंग। 2. कार्य के लिए प्राक्कलित राशि : ₹2,13,56,890.95, 3. अग्रधन राशि : ₹2,56,800.00, 4. ई–निविदा बंद होने और खुलने की तिथि एवं समय : ई–निविदा का बंद होना : 06.03.2024 को 17:00 बजे। ई–निविदा का खुलना : 06.03.2024 को 17:30 बजे। 5. वेबसाइट का विवरण : वेबसाईट : https://gem.gov.in विशेष : जेम बोली के तहत किसी भी प्रकार के मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जाएंगे। मंडल रेल प्रबंधक (वि./परि.)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/02319/डीएचएन/ईओपीएन/टी/23–24/32

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यें के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषज्ञता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/ संवेदकों "सिंगल पैकेट बिड" पर ई–निविदायें आमंत्रित है।

(i) बिड संख्या एवं दिनांक : e-tender Notice No. MC-08-Open-2023-24 दिनांक 14.02.2024. (ii) कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : धनबाद, गोमो, बरकाकाना और चौपन में त्वरित जल व्यवस्था प्रणाली में सुधार और संवर्धन। कार्य समापन अवधि – 6 महीने। (iii) कार्य की अनुमानित लागत : ₹3,30,85,262.40 (तीन करोड़ तीस लाख पचासी हजार दो सौ वासठ रूपये एवम चालीस पैसे) मात्र। (iv) बयाना राशि : ₹3,15,500.00 (तीन लाख पंद्रह हजार पांच सौ) मात्र। (v) ई–निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 06.03.2024 को 17:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 07.03.2024 को 10:30 बजे। (vi) वेबसाईट विवरण : https://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नही की जाएगी।

सहायक मंडल यांत्रिक अभियंता (समाडि)/ पूमरे/धनबाद

पीआर/02325/डीएचएन/यां./टी/23–24/36

पहली घटना में ट्रेन से कटने से एक व्यक्ति की हुई मौत, वही दूसरी घटना वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की हुई मौत

# विभिन्न दुर्घटनाओं में दो की मौत



निज संवाददाता

**सीवान**। सीवान-छपरा मुख्य रेलखंड पर जसौली के पास ट्रेन से कटने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। सीवान बाईपास हाईवे पर वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। दोनों के शव का सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पहली घटना सीवान-छपरा मुख्य रेल खंड के पचरुखी रेलवे स्टेशन के पास जसौली के पास एक ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई है। मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। खेत की तरफ गए किसानों ने रेलवे ट्रैक के किनारे एक व्यक्ति को मृत अवस्था में पड़ा देख स्थानीय पुलिस को सूचना दी। मृतक शख्स की उम्र लगभग 50 साल है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल में भेज दिया है। सब इंस्पेक्टर चंद्रलोक कुमार ने बताया कि किसी ट्रेन से गिरने से एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। उसके पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिल पाया है, जिसके कारण मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। पोस्टमार्टम के बाद 72 घंटे तक शव को सीवान सदर अस्पताल में ही पहचान के लिए रखा जाएगा। इसी बीच अगर मृतक की पहचान हो जाती है तो परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा। नहीं तो प्रशासन के द्वारा अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा। दूसरी तरफ सीवान बाईपास में किसी वाहन की चपेट में आने से एक 65 वर्षीय व्यक्ति सड़क के किनारे घायल अवस्था में पड़ा था। कुछ युवकों ने घायल व्यक्ति को सीवान के सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई है। उसकी अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। फिलहाल पोस्टमार्टम के बाद शव सदर अस्पताल में ही रखा गया है। पहचान होने पर परिजनों को शव सौंप दिया जाएगा, अन्यथा प्रशासन के द्वारा ही अंतिम संस्कार किया जाएगा।

## सड़क हादसे में दो युवकों की हुई मौत



निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। जिले के सरैया थाना क्षेत्र अजीजपुर ओपी के बहिलवारा चौक पर तेज रफ्तार ट्रक ने दो बाइक सवार युवकों को रौंद दिया। हादसे में बाइक सवार दोनों युवकों की मौत मौके पर ही हो गई। घटना के बाद लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। मौके पर पहुंची सरैया थाना की पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए एसकेएमसीएच भेज दिया। मृत युवकों की पहचान सरैया थाना क्षेत्र के बहिलवारा रुपनाथ गांव निवासी पुट्टू सिंह उर्फ नवीन सिंह का पुत्र छोटू (22) और राधेश्याम शुक्ला के पुत्र विजय कुमार (21) के रूप में की गई है। मृतक युवक एक ही गांव के रहने वाले हैं। दोनों युवक बाइक पर सवार होकर काम के सिलसिले में सरैया जा रहे थे। इसी दौरान बालू लदे ट्रक ने ओवरटेक करने के चक्कर में दोनो युवकों को कुचल दिया। जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक चालक फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है।

## सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल

निज संवाददाता

**पूर्णिया**। पूर्णिया में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो दोस्तों में 1 की मौत हो गई। पीछे बैठा युवक घायल हो गया। घटना बनमनखी थाना क्षेत्र के धरहरा चौक के समीप की है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है। शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए GMCH पूर्णिया भेज दिया है। मृतक की पहचान जानकीनगर थाना क्षेत्र के मधुबन गांव के वार्ड-4 निवासी संजय शर्मा के बेटे राजू कुमार 20 के रूप में हुई है। घायल युवक पड़ोस के गांव का रहने वाला है। जिसकी पहचान मोजमपट्टी गांव निवासी सौरभ कुमार महतो (22) के रूप में की गई है। मृतक के मामा सिकंदर कुमार ने बताया कि बुधवार रात मृतक राजू कुमार अपने दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। तभी बनमनखी थाना क्षेत्र के धरहरा चौक के समीप चार पहिया वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने परिजन व पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिए पूर्णिया जीएमसीएच में भर्ती कराया। जहां सौरभ कुमार महतो की हालत काफी नाजुक बनी हुई है।

# स्वर्ण व्यवसाय के दुकान-घर से 10 लाख की चोरी, 25 अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

निज संवाददाता

**मधुबनी**। मधुबनी के खजौली थाना क्षेत्र के सुक्की गांव में बुधवार की देर रात 20 से 25 की संख्या में हथियार से लैस अपराधियों ने स्वर्ण व्यवसाय के घर में घुसकर गृहस्वामी के साथ मारपीट और करीब 10 लाख रुपए से अधिक के जेवरात सहित नगद रुपए की डकैती की घटना को अंजाम दिया है। अपराधी घर में घुसकर गृहस्वामी को हथियार दिखाकर दुकान की चाबी मांगने लगा। गृहस्वामी द्वारा चाबी न देने की बात कहने पर अपराधियों ने उसके साथ मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इसके बाद घर में ही स्वर्ण व्यवसाय दुकान खोल रखा था। अपराधियों ने दुकान को खोलकर उसमें रखे सोने चांदी के जेवरात और नगद रुपए की डकैती की घटना को अंजाम दिया है। वहीं, इस घटना की सूचना खजौली थाना को दी गई। सूचना पाते ही खजौली थाना पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटना में घायल व्यक्ति को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में ले जाएगा। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मधुबनी सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं, इस घटना की जानकारी एसडीपीओ राजीव कुमार को मिली। सूचना पाते ही एसडीपीओ राजीव कुमार घटनास्थल पर टेक्निकल सेल के साथ पहुंचकर मामले की जांच में जुट गए।



## चोरों ने की तीन लाख की चोरी

निज संवाददाता

**मुजफ्फरपुर**। मुजफ्फरपुर में एक बार फिर बेखौफ चोरों का आतंक सामने आया है। जहां कांटी थाना से महज चंद कदम की दूरी पर मौजूद एक किराना दुकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए तीन लाख से अधिक कीमत का किराना समान की चोरी कर ली गई है। बाजार के बीच मे किराना दुकान हुई इस चोरी की घटना के बाद स्थानीय दुकानदारों में हड़कंप मच गया है। दुकान में हुई भीषण चोरी की जानकारी आज सुबह में पीड़ित दुकानदार को मिली। जहां दुकान को खोलने पहुंचे दुकानदार को दुकान के टूटे हुए ताले दिखे वही दुकान का मुख्य प्रवेश द्वार अंदर से रस्सी से बंधा हुआ मिला। जिसको खोलकर अंदर घुसने पर दुकान से कई कीमती सामान, जिनमे मसाले के कई कार्टून,सरसो तेल के एक 20 से अधिक डब्बे, ड्राई फुट की बोरी, इलायची, गरम मसाले के कई कार्टून, बादाम के बोरे, रिफाईन तेल के कई कार्टन और अन्य कई जरुरी समान को चोरों ने अपना निशाना बनाया है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार राजमंगल साह ने बताया कि चोरों ने दुकान के पिछले गेट को तोड़कर दुकान में प्रवेश किया है। जहां पिछले दरवाजे की मदद से दुकान के अंदर रखे हुए करीब चार लाख से अधिकं कीमत के किराना समान की चोरी हुई है। इस संबंध में पीड़ित दुकानदार ने कांटी थाना में चोरी के सम्बंध में शिकायत दर्ज कराई गई है। जहां कांटी बाजार में स्तिथ किराना दुकान में हुई भीषण चोरी की जानकारी मिलते ही कांटी पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। इस संबंध में कांटी थाना प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि इस घटना के सम्बंध में पुलिस को एक आवेदन प्राप्त हुआ है। जिसके बाद पुलिस की टीम को मामले की जांच के लिए घटनास्थल पर भेजा गया है। जिसके बाद मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सीएसपी लूट मामले में दो गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोपालगंज**। गोपालगंज के श्रीपुर ओपी अंतर्गत मिश्र बतराहां स्थित स्टेट बैंक के सीएसपी लूट मामले का उद्भेदन किया गया है। दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया है जिसके पास से पुलिस ने लूटी हुई दो एंड्राइड मोबाइल, दो हजार रुपए के साथ एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मीरगंज थाना क्षेत्र के हरखौली पूरब टोला गांव निवासी भोला सिंह के 21 वर्षीय बेटा सचिन कुमार और पिपरा खास गांव निवासी मनोज सिंह के 20 वर्षीय बेटा विकास कुमार के रूप में की गई। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि 9 दिसंबर को 11:30 बजे अपराधियों ने श्रीपुर ओपी के अंतर्गत मिश्र बतराहां स्थित



स्टेट बैंक (सीएसपी) में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। श्रीपुर ओपी (फुलवरिया) में मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

मामले के उद्भेदन के लिए SIT टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि एसआईटी द्वारा जांच के तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर इस घटना के मुख्य अभियुक्त सचिन कुमार एवं विकाश कुमार को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बाइक, लूटी गई मोबाइल और पैसे मिले हैं। पूछताछ में बताया गया कि अन्य दो सहयोगी के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया गया था। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## छेड़खानी मामले में एक को तीन साल की सजा

**बेतिया (पश्चिमी चम्पारण) (नि.सं.)**। बेतिया में नाबालिग से छेड़खानी के एक मामले की सुनवाई पूरी करते हुए पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश जावेद आलम ने मामले के नामजद अभियुक्त को दोषी पाते हुए तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही न्यायाधीश ने पांच हजार रुपए जुर्माना भी लगाया है। जुर्माना की राशि जमा नहीं करने पर दो महीने की अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी। मामला स्पीडी ट्रायल में चयनित था। एक वर्ष में इस मामले की सुनवाई पूरी करते हुए न्यायाधीश ने सजा सुनाई है। सजायाफ्ता अभियुक्त बगहा पुलिस जिला के रामनगर थाना क्षेत्र के मुंडेरा गांव का रहने वाला मोहन साह (62) हैं। वहीं, पॉक्सो के अनन्य विशेष लोक अभियोजक जयशंकर तिवारी ने बताया कि घटना 2022 की है। अभियुक्त के खिलाफ 10 जनवरी 2023 को आरोप गठन हुआ था।

# 25 फरवरी को एक साथ 151 दूल्हा-दुल्हन लेंगे सात फेरे

निज संवाददाता

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)**। मोतिहारी में एक मंच से 151 वर वधु की शादी होगी, जिसका नाम दिया गया है एक विवाह ऐसा भी, जिसके प्रथम चरण में चयनित 75 वर-वधू के बीच वस्त्र वितरण कार्यक्रम के तहत मोतिहारी, ढाका और घोड़ासहन में किया गया। होटल सिद्धिविनायक के गांधी सभागार में से 11 जोड़े के बीच वस्त्र (लहंगा चुनरी, शर्ट-पैंट) का वितरण सामूहिक विवाह के आयोजन ढाका विधायक पवन जायसवाल ने किया। विधायक ने कहा कि ढाका में पांचवीं बार फिर 151 कन्याओं का सामूहिक विवाह 'एक विवाह ऐसा भी' 25 फरवरी 2024 को सुबह नौ बजे और शाम छह बजे के बीच आयोजित किया गया है। अतिथि के रूप में बिहार



सरकार के उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा नंद किशोर यादव आदि पहुंचे। मेरे द्वारा अब तक 375 वर वधु का शादी कराया जा चुका है। निर्दलीय विधायक बने थे तब से यह शुरू किया था, उसके बाद बीच में चुनाव हार गया, फिर 2020 में ढाका से विधायक होगा, लेकिन कोरोना के कारण नहीं कर सका था। इसलिए तीन साल को जोड़ कर एक साथ 151 वर वधु की शादी करा रहे हैं। सामूहिक बारात बिसरहिया चौक से निकलकर हाई स्कूल ढाका के खेल मैदान पहुंचेगा जहां 151 मंडपों में हिन्दू रीति रिवाज और मुस्लिम वर-वधू होने पर निकाह के लिए मंच की व्यवस्था किया जाएगा।

जायसवाल ने कहा कि वर-वधू पक्ष को पूजा-मटकोर आदि का विधि अपने घर से कर के आना है। शादी से संबंधित सभी व्यवस्था आयोजन समिति द्वारा की जाएगी। सामूहिक बारात में सभी दूल्हे राजा को 151 घोड़ा पर 21 बैंड बाजा के साथ शाही बारात के रूप में जन प्रतिनिधिगण, सामाजिक संगठनों, गणमान्य लोगों , पदाधिकारीगण और आयोजन समिति के अगुवाई में निकाला जाएगा। शादी के बाद वर-वधू जोड़ा को आयोजन समिति द्वारा 11 हज़ार का चेक और लगभग 40 हज़ार रुपए का घर में उपयोग के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि वर- वधू परिवार को राहत मिल सके। मौके पर रूपेश कुमार "अकेला",संजय जायसवाल, देवनारायण गुप्ता, कौशल सिंह, रंजीत कुमार, मनमोहन शर्मा, राम भजन, हरीश कुमार, मनोज कुमार गुप्ता, मनीष मुखिया, केशव कृष्णा, सुमीत कुमार गुप्ता, रंजीत जायसवाल, अभय श्रीवास्तव, रंजीत कुमार, आदि उपस्थित रहे।

## दो बाइक के बीच टक्कर एक की हालत गंभीर

**सहरसा (नि.सं.)**। सहरसा में गुरुवार को दो बाइक के बीच टक्कर हो गई। जिसमें दोनों बाइक पर सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल में करवाया भर्ती करवाया गया। जहां एक की हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने पीएमसीएच रेफर कर दिया। वही एक का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। घटना सदर थाना क्षेत्र के सुलिन्दाबाद के पास की बतायी जा रही है। वहीं पुलिस घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। वहीं जख्मी युवक की पहचान सदर थाना क्षेत्र के बटराहा वार्ड नं 27 निवासी कन्हैया कुमार(25) के रूप में हुई है। वहीं दूसरे की पहचान अभी नहीं हो पाई है। जिसका इलाज किसी निजी नर्सिंग होम में चल रहा है। सदर थानाध्यक्ष श्री राम सिंह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है, आवेदन अभी अप्राप्त है।

नेपाल में 100 की खरीद इंडिया में 400 में बिकता

# एसएसबी ने लहसुन से लदे आठ ट्रैक्टर को किया जब्त एक ट्रैक्टर से 50 लाख की कॉस्मेटिक सामग्री बरामद

निज संवाददाता

**बेतिया(पश्चिमी चम्पारण)**। इंडो-नेपाल बॉर्डर पर एसएसबी ने बड़ी कार्रवाई की है। एसएसबी ने लहसुन से लदे आठ ट्रैक्टर को जब्त किया है। 50 लाख की कॉस्मेटिक सामग्री भी बरामद की है। एसएसबी की इस कार्रवाई से इंडो-नेपाल बॉर्डर की सुरक्षा पर सवाल खड़े हो रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद बॉर्डर पर तस्करी धड़ल्ले से जारी है। एक साथ आठ ट्रैक्टर लहसुन नेपाल से इंडिया में कैसे आए, इस पर अब सवाल उठने लगा है। एक ट्रैक्टर पर 50 लाख की कॉस्मेटिक सामग्री भी जब्त हुई है। बुधवार की देर शाम एसएसबी



और कस्टम विभाग ने सिकटा थाना क्षेत्र के पुरैनिया गांव में छापेमारी की थी। यहां उन्होंने आठ ट्रैक्टर पर 64 टन चाइनीज लहसुन बरामद किया और एक ट्रैक्टर से पचास लाख की कॉस्मेटिक सामग्री बरामद की गई है। साथ ही दो तस्करों को भी एसएसबी ने गिरफ्तार किया है। एसएसबी 47वीं बटालियन के इंस्पेक्टर संजय कुमार शाह ने बताया कि गुप्त सूचना पर एसएसबी और कस्टम विभाग के अधिकारियों ने सिकटा गांव के पुरैनिया गांव में छापेमारी की है, जहां भारी मात्रा में लहसुन और कॉस्मेटिक सामग्री बरामद की है। सभी जब्त ट्रैक्टर, लहसुन, कॉस्मेटिक सामग्री को मोतिहारी कस्टम विभाग को सौंप दिया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है। बताते हैं कि नेपाल में इन चाइनीज लहसुन की खरीद करीब 100 रुपए प्रति किलो पड़ती है। इंडिया के बाजार में इसे 350-400 रुपए प्रति किलो बेचा जाता है। इसी कारण नेपाल के रास्ते चाईनीज लहसुन की तस्करी जोरों पर है। हालांकि एसएसबी और कस्टम विभाग की इस कार्रवाई ने इंडो नेपाल बॉर्डर पर सुरक्षा की पोल खोल दी है। बॉर्डर पर तस्करों, सुरक्षाकर्मियों और स्थानीय पुलिस पर सवाल खड़ा हो गया है कि आखिर इतनी भारी मात्रा में चाइनीज लहसुन और कॉस्मेटिक सामग्री कैसे बॉर्डर पार किया है।

# तस्करी के लिए पशुओं को ले जा रही ट्रक पलटी, डेढ़ दर्जन से अधिक मवेशी की मौत

निज संवाददाता

**कटिहार**। कटिहार में तस्करों के द्वारा तस्करी के लिए ले जा रही मवेशी भरा ट्रक अचानक पलट गई। वही उसमें लदे एक दर्जन से अधिक पशुओं की दबने से मौत हो गई। जिसके बाद मवेशी तस्करों ने गाड़िघाट कोसी नदी की धार में मवेशी को फेंक कर मौके से फरार हो गए। घटना जिले के मनसाही थाना क्षेत्र की गुरुवार सुबह की बताई जा रही है। घटना के बारे में स्थानीय लोगों ने बताया कि कटिहार हवाई अड्डा कारी कोश घट पुल मवेशी तस्करों का अड्डा बन चुका है। आए दिन इसी रास्ते से बंगाल तक मवेशी तस्करी होता है। संभवत तस्करों के गाड़ी पलटने से गाड़ी में रखे मवेशीयों की मौत के बाद तस्कर मवेशियों के डेथ बॉडी



को नदी में फेंक कर फरार हो गये है। इस घटना को लेकर आक्रोशित लोगों ने प्रशासन से इस मामले की उचित जांच की मांग करते हुए पानी में तैर रहे मृत मवेशियों को निकाल कर उचित तरीके से दफ़न करने की मांग कर रहे है।

इस घटना को लेकर ग्रामीण और बजरंग दल के सदस्यों में काफी आक्रोश व्याप्त था। बजरंग दल के सदस्य मौके पर पहुंचे और इसकी सूचना प्रशासन को दी। सूचना मिलते ही प्रशासन मौके पर पहुंचे और नदी में मृत पड़े सभी गायों को बाहर निकाला। जिसके बाद पुलिस ने दो जेसीबी मंगाया और नदी के पास ही खाली जगह पर गड्ढा खोदकर सभी मृत गायों को उसमें दफनाया दिया गया।

# महिला का थैला काटकर 49000 रुपए उड़ाए दो महिला चोर सीसीटीवी में कैद

निज संवाददाता

**शेखपुरा**। शेखपुरा में 2 महिलाओं ने बैंक से रुपयों की निकासी कर बाहर बाजार में श्रृंगार का सामान खरीदने दुकान पर गई दूसरी महिला बैंक ग्राहक के थैले को ब्लेड से काटकर 49 हजार रुपए उड़ा लिए। घटना शहर के दल्लू चौक की है। जिले के अरियरी थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलकुंडी गांव निवासी जितेंद्र कुमार की पत्नी कुमारी प्रेमलता शहर के दल्लू चौक स्थित बैंक ऑफ इंडिया शाखा के खाते से आवश्यक घरेलू कार्य के लिए 49 हजार रुपयों की निकासी की थी। महिला रुपयों की निकासी कर एक थैले में लेकर बगल के राहुल मार्केट पहुंची। वहां अपनी बेटी के लिए श्रृंगार का सामान खरीदने लगी। उसी दौरान दो महिला उचक्कों ने महिला का थैला काटकर



रुपयों को निकाल कर चंपत हो गई। सामानों की खरीदारी करने के बाद जब महिला ने थैले में हाथ दिया,तो सारे पैसे गायब मिले।

घटना के बाद बैंक और आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाले जाने के बाद दो संदिग्ध महिला नजर आई, जो कि बैंक से ही पीड़िता का पीछा करते हुए श्रृंगार दुकान तक पहुंची थी। पीड़िता की शिकायत पर स्थानीय नगर थाना में एक प्राथमिकी अज्ञात के खिलाफ दर्ज की गई है। नगर थाना अध्यक्ष सह पुलिस इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।उन्होंने कहा कि सीसीटीवी को और खंगाला जा रहा है।

# बाइक सवार अपराधियों ने महिला को सिर में मारी गोली, मौत

निज संवाददाता

**सीतामढ़ी**। सीतामढ़ी के सुरसंड में गुरुवार की रात 28 साल की एक महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना तब हुई जब वह अपने पति के साथ बाइक से जा रही थी। महिला के सिर में 3 गोलियां मारी गई हैं। हत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो सका है। घटना सुरसंड थाना क्षेत्र के जमुरा पुल के पास की है। मृतका की पहचान परिहार थाना क्षेत्र स्थित अधखनी गांव निवासी रंजीत कुमार की पत्नी गुड़िया देवी के रूप में की गई है। रंजीत ने बताया कि वह अपनी फुआ के गांव झलसी से अपनी पत्नी के साथ बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान जमुरा पुल के पास NH-227 पर पहले से घात लगाए दो बाइक पर सवार पांच अपराधियों ने उनकी बाइक रुकवाई। गुड़िया देवी के कान पर पिस्टल तानी तो उसे लगा कि लूटपाट करेंगे। लेकिन उन्होंने उसके सिर में गोली मार दी। इससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई। घटना को लेकर ग्रामीणों का कहना है कि गुड़िया का गांव के ही पंकज कुमार के साथ प्रेम-प्रसंग चल रहा था। हत्या के पीछे भी पंकज का हाथ बताया जा रहा है। रंजीत कुमार के जीजा प्रमोद सिंह ने बताया कि करीब साल भर पहले पंकज कुमार ने गुड़िया देवी का अपहरण कर लिया था। 4 दिन बाद मुखिया के दबाव बनाने पर वापस किया था। मामले में परिवार ने पंकज कुमार के खिलाफ अपहरण की प्राथमिकी भी दर्ज कराई थी। घटना की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। पति के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। घटनास्थल से पुलिस ने 2 खोखा और एक जिंदा कारतूस भी बरामद किया है। पुपरी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अतनु दत्ता ने बताया कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## हत्या मामले में तीन में आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता

**गोपालगंज**। गोपालगंज के नगर थाना क्षेत्र के तुरकाहां पुल के पास 12 फरवरी को बदमाशों ने एआईएमआईएम नेता अब्दुल सलाम उर्फ असलम मुखिया की गोली मारकर हत्या मामले में बेटे ने सात लोगों को नामजद आरोपी बनाते हुए राजद के बड़े नेताओं पर हत्या में साजिश करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने अब तक तीन नामजद लोगों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। जबकि चार अन्य फरार नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया गया कि 12 फरवरी को नगर थाना क्षेत्र के तुरकाहां पुल के पास हत्या मामले में बेटे अनस सलाम ने राजद के बड़े नेताओं पर साजिश करने की आशंका जाहिर करते हुए सात लोगों को नामजद आरोपी बनाया है। नगर थाना में दिए गए आवेदन में कहा गया है कि बनकट तकिया गांव निवासी अब्दुल सलाम चौराव पंचायत के पूर्व मुखिया, एआईएमआईएम के प्रदेश सचिव और सारण प्रभारी, गोपालगंज सदर विधानसभा सीट से पूर्व प्रत्याशी और गोपालगंज इस्लामिया मदरसा के सचिव थे। 12 फरवरी 2024 को मेरे पिता लखनऊ जाने के लिए ट्रेन पकड़ने के वास्ते मोटरसाइकिल, मो.अमानुल हक उर्फ मुन्ना जो राजेन्द्र नगर वार्ड नं 22 गोपालगंज के साथ थावे जंक्शन जा रहे थे। मोटरसाइकिल के पीछे मे बैठे थे। इसी बीच तुरकाहा पानी प्लांट के सामने ब्रेकर के बाइक की रफ्तार कम हुई। तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो नामजद व्यक्ति ने असलम मुखिया को गोली मार दी। दोनों बाइक से तुरकाहा नहर पुल की तरफ भाग गये। आवेदन में तकिया याकुब गांव निवासी महताब आलम उर्फ लालबाबू और फहिम उर्फ सद्दाम पर अपने पिता की गोली मारने का आरोप लगाते हुए हत्या के समय रेकी करने के आरोप में मोहम्मद अदुद, मोहम्मद शकूर, फिरोज आलम, आरिफ उर्फ सोना के साथ चौराव पंचायत के मुखिया परवेज आलम उर्फ छोटे मुखिया पर नामजद प्राथमिकी कराई। उन्होंने कहा कि मुझे शंका है कि परवेज आलम उर्फ छोटे मुखिया के साथ साजिश में जिला के राष्ट्रीय जनता दल के बड़े नेता भी शामिल हो सकते हैं। वहीं, अनस सलाम ने पुलिस को बताया कि हत्या में कुछ लोग भी शामिल हैं। प्राथमिकी के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए नामजद आरोपित मोहम्मद शकूर, मोहम्मद अदुद और फिरोज आलम को गिरफ्तार कर लिया। एआईएमआईएम नेता अब्दुल सलाम की हत्या की वारदात को अंजाम देने वाले शार्प शूटरों की पहचान पुलिस की तरफ से लगातार की जा रही है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### लड़ाई से पहले बिखराव

विपक्षी दलों का मंच इंडिया. पिछले साल मुश्किलों के बीच जिस तरह से बना और फिर जितनी तेजी से इसने उम्मीदें जगानी शुरू कीं, उतनी ही तेजी से उन उम्मीदों को ध्वस्त भी करता जा रहा है। अनिश्चितता और असमंजस तभी से दिखने लगे जब 2023 के आखिर में हुए विधानसभा चुनावों के मद्देनजर सीट बंटवारे की बातचीत एकतरफा ढंग से स्थगित कर दी गई। इसके पीछे यह दलील जरूर रही कि गठबंधन तो लोकसभा चुनावों के लिए प्रस्तावित था, सो विधानसभा चुनाव अपने दम पर लड़ने में कोई बुराई नहीं। लेकिन माना यही गया कि कांग्रेस नेतृत्व विधानसभा चुनावों के बेहतर नतीजों के आधार पर सीट बंटवारे की सौदेबाजी में अपना हाथ ऊपर रखना चाहता था। यह अलग बात है कि नतीजे उसकी उम्मीदों के अनुरूप नहीं आए। लेकिन कांग्रेस के इस रुख ने गठबंधन के कई घटक दलों को यह शिकायत करने का अपेक्षाकृत ठोस आधार दे दिया कि पार्टी अलायंस को लेकर गंभीर नहीं है। यह सही है कि सहयोगियों के गठबंधन छोड़ने की शुरुआत भी एनसीपी में पड़ी फूट के बाद से ही हो गई थी, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पलटना इस अर्थ में निर्णायक कहा जा सकता है कि वही गठबंधन के सूत्रधार की भूमिका निभा रहे थे। उन्हें अपनी ओर खींचकर बीजेपी और एनडीए ने विपक्षी दलों के विशाल गठबंधन से बनते नैरेटिव को जबर्दस्त झटका दिया। इस झटके से उबरने की कोशिशें ढंग से शुरू होतीं, उससे पहले ही पश्चिम यूपी के जाट बहुल इलाके में दखल रखने वाले आरएलडी नेता जयंत चौधरी ने भी पाला बदल ही लिया और एनडीए में शामिल हो गए हैं।। निश्चित रूप से इन सबके पीछे एनडीए की तरफ से हो रहे सुनियोजित प्रयासों की भूमिका है। लेकिन इंडिया खेमा जिस तरह से बिखर रहा है, उसका पूरा श्रेय ह्रष्ठ की कोशिशों को नहीं दिया जा सकता। इसकी काफी जिम्मेदारी विपक्षी दलों के नेताओं को भी अपने सिर पर लेनी होगी। जिन दलों ने अभी तक इंडिया से नाता तोड़ने की घोषणा नहीं की है, उनमें भी किसी तरह का सामंजस्य नहीं दिख रहा। कभी तृणमूल नेता ममता बनर्जी कांग्रेस को अपने बूते 40 सीटें जीतने की चुनौती देती नजर आती हैं तो कभी क्कनेता पंजाब और दिल्ली की सभी सीटें जीतने का दावा कर देते हैं।

### रेलवे को 'अपनी संपत्ति' समझने वाले 'दबंगों' पर नियंत्रण जरूरी

सूचनाधिकार कानून के तहत मांगी गई एक जानकारी से पता चला है कि पिछले पांच वर्षों में महिला डिब्बों और कूपों में सफर करते हुए तीन लाख के अधिक पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। टिकट लेकर सफर करने वाले मुसाफिरों को अक्सर ऐसे लोगों की बत्तमीजियों का सामना करना पड़ता है। यह समझना मुश्किल है कि हमारे देश में क्या इतने कम पढ़े-लिखे और नासमझ लोग हैं कि उन्हें महिलाओं के लिए आरक्षित रेल के डिब्बों और कूपों की पहचान करने में मुश्किल होती है और वे उसमें सफर करने लगते हैं। ऐसा भी नहीं माना जा सकता कि ऐसे डिब्बों में सफर करते हुए उन्हें कोई टोकता न होगा। फिर भी अगर लोग महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों या कूपों में सफर करने की ढिठाई करते हैं, तो जाहिर है उनकी प्रवृत्ति आपराधिक ही हो सकती है। सूचनाधिकार कानून के तहत मांगी गई एक जानकारी से पता चला है कि पिछले पांच वर्षों में महिला डिब्बों और कूपों में सफर करते हुए तीन लाख के अधिक पुरुषों को गिरफ्तार किया गया। सबसे अधिक पश्चिम रेलवे में ऐसे लोग पकड़े गए। इससे यही जाहिर होता है यह प्रवृत्ति आम है। कुछ मामलों में तो माना जा सकता है कि कम पढ़े-लिखे लोग महिला डिब्बे की पहचान न कर पाने की वजह से, गलती से उनमें चढ़ गए होंगे और जब उन्हें इसका बोध कराया गया होगा, तो गाड़ी के चल देने की वजह से उतर नहीं पाए और पकड़े गए होंगे। मगर औसतन वर्ष भर में साठ हजार लोग ऐसे नहीं हो सकते। दरअसल, रेलवे को 'अपनी संपत्ति' समझने वाले 'दबंगों' की कमी नहीं है। ऐसे लोग तो टिकट तक लेना जरूरी नहीं समझते और किसी भी डिब्बे में सवार होकर सफर पर निकल पड़ते हैं। इनमें बहुत सारे ऐसे मुसाफिर होते हैं, जो नौकरी या कारोबार के सिलसिले में एक शहर से दूसरे शहर तक रोज आवाजाही करते हैं। उनके लिए पूरी रेल ही खुली जगह है और उसमें कहीं भी कब्जा जमा लेना वे अपना जन्मसिद्ध अधिकार समझते हैं। टिकट लेकर सफर करने वाले मुसाफिरों को अक्सर ऐसे लोगों की बत्तमीजियों का सामना करना पड़ता है। फिर, भला ऐसे लोगों से महिलाओं के लिए आरक्षित डिब्बों या कूपों में सफर न करने की सलाहियत की कितनी उम्मीद की जा सकती है।

## पाकिस्तान की जनता ने इस बार का जनादेश अपनी सेना के खिलाफ दिया है

**(सुरेश हिंदुस्तानी)**

*इमरान को चार मामलों में सजा भी मिली है, जिसके कारण चुनाव के दौरान इमरान जेल में ही रहे। इसे चुनाव प्रचार से दूर करने की कवायद के रूप में देखा गया। इतना ही नहीं इमरान की पार्टी के नेताओं के सामने भी कई प्रकार के संकट खड़े किए गए। फिर भी इमरान को नहीं रोक सके। अब इमरान को रोकने के लिए एक बार फिर से पाकिस्तान गठबंधन सरकार बनाने की ओर कदम बढ़ा चुका है।*

यह पाकिस्तान की नियति बन चुकी है कि वहां अभी तक कोई भी राजनीतिक दल सत्ता का संचालन पूरे कार्यकाल तक नहीं कर सका है। क्योंकि वहां सरकार के कामों में सेना का हस्तक्षेप बहुत ज्यादा है। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान में सेना ने ज्यादातर शासन किया है। पाकिस्तान के बनने के पश्चात प्रारंभ से पैदा हुई उसकी राजनीतिक दुश्वारियां अभी तक पीछा नहीं छोड़ रही हैं। सत्ता के संघर्ष के इस खेल में पाकिस्तान ने पाया कुछ नहीं, इसके विपरीत खोया बहुत है। अभी हाल ही में हुए चुनाव में पाकिस्तान के राजनीतिक आसमान में फिर से अस्थिरता के बादल उमड़ते घुमड़ते दिखाई दिए। पाकिस्तान की सेना और आतंकियों के संकेत पर जबरदस्ती पदच्युत किए गए पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के लिए इस चुनाव में राह को कठिन बनाने की भरपूर राजनीति की गई। इसके बाद भी पाकिस्तान में एक बड़ी ताकत के रूप में उन्होंने अपना स्थान कायम रखा। इसे इमरान खान की लोकप्रियता ही कहा जाएगा कि उनके विरोधी दल ताल ठोककर मैदान में सामने खड़े थे, इसके बाद भी इमरान की पार्टी तहरीक ए इंसाफ सबसे बड़े दल के रूप में उभर कर आई। वहीं नवाज शरीफ की पार्टी मुस्लिम लीग नवाज दूसरे और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी तीसरे स्थान को ही प्राप्त कर सके। इसके यह भी निहितार्थ हैं कि इन दोनों से इमरान खान ज्यादा लोकप्रिय हैं। जैसा कि पाकिस्तान का चरित्र रहा है कि वहां प्रधानमंत्री पद पर आसीन होने वाला व्यक्ति तब तक कुछ नहीं कर सकता, जब तक सेना और आतंकी आकाओं का आदेश नहीं मिल जाए। इसे इस रूप में कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी कि पाकिस्तान की सत्ता का निर्धारण सेना के हाथ में ही रहता है। पाकिस्तान में कहने को ही लोकतंत्र है, सच मायनों में वहां सेना का तंत्र ही कार्य करता है। सेना के अधिकारी जब चाहें जैसा चाहें, निर्णय कर सकते हैं। वहां सेना के मुख्य अधिकारी सत्ता को गिराने का काम करते आए हैं। उल्लेखनीय है कि परवेज मुशर्रफ सेना के अधिकारी ही थे, जिन्होंने पाकिस्तान में तख्तापलट करते हुए शासन की बागडोर संभाली थी। इसी प्रकार अन्य भी कई उदाहरण हैं। यह पाकिस्तान की नियति बन चुकी है कि वहां अभी तक कोई भी राजनीतिक दल सत्ता का संचालन पूरे कार्यकाल तक नहीं कर सका है। क्योंकि वहां सरकार के कामों में सेना का हस्तक्षेप बहुत ज्यादा है। ऐसा इसलिए भी हो रहा है क्योंकि पाकिस्तान में सेना ने ज्यादातर शासन किया है। एक प्रकार से पाकिस्तान बनने के बाद से ही सेना की राजनीतिक सक्रियता रही है। जिसके कारण पाकिस्तान में लोकतंत्र होते हुए भी सैनिक शासन जैसा ही रहा है। इस बार के चुनाव में लोकतंत्र के हिसाब से इमरान खान काफी मजबूत दिखाई दे रहे थे, जो चुनाव के परिणामों ने भी स्पष्ट किया, लेकिन इमरान खान की पार्टी बहुमत के आंकड़े से बहुत दूर रही। इमरान खान की पार्टी के नेताओं ने दावा किया था कि उनकी पार्टी 150 से ज्यादा सीटों पर विजय प्राप्त कर रही है। यह आंकड़े मतों की गिनती होते समय प्रारंभिक रूप से दिखने लगे थे, लेकिन उसके बाद स्थिति अचानक से बदल गई। उसके जो उम्मीदवार आगे चल रहे थे, वे पीछे होते चले गए। इस चुनाव में एक बार फिर राजनीतिक विद्वेष की खाई और ज्यादा चौड़ी होती दिखाई दी। नवाज शरीफ की पार्टी ने अपने रास्ते साफ करने के लिए इमरान को जेल भेजने का कुचक्र रचा। इमरान को चार मामलों में सजा भी मिली है, जिसके कारण चुनाव के दौरान इमरान जेल में ही रहे। इसे चुनाव प्रचार से दूर करने की कवायद के रूप में देखा गया। इतना ही नहीं इमरान की पार्टी के नेताओं के सामने भी कई प्रकार के संकट खड़े किए गए। फिर भी इमरान को नहीं रोक सके। अब इमरान को रोकने के लिए एक बार फिर से पाकिस्तान गठबंधन सरकार बनाने की ओर कदम बढ़ा चुका है। यानी फिर से पाकिस्तान में ऐसा राजनीतिक भंवर बन रहा है, जिसमें पाकिस्तान निकलने की कवायद कर रहा था। पाकिस्तान में कहा यह भी जा रहा कि सेना के हस्तक्षेप के चलते इमरान को सत्ता के मुहाने पर आकर रोक दिया है। चुनाव परिणाम के बाद पाकिस्तान में इमरान के समर्थक सड़कों पर उतर आए और जमकर विरोध किया। इमरान समर्थकों की यह कवायद थम जाएगी, ऐसा फिलहाल तो नहीं लगता। इसलिए कहा यह भी जा रहा है कि पाकिस्तान में आगामी हालात राजनीतिक रूप से रस्साकशी वाले ही रहेंगे। जिससे फिर राजनीतिक अस्थिरता होगी और पाकिस्तान के बिगड़े हुए हालात और भी ज्यादा खराब होते जाएंगे, यह तय है। आज पाकिस्तान की स्थिति किसी से छुपी नहीं है। पाकिस्तान में भुखमरी के हालात हैं। इसका एक बड़ा कारण पाकिस्तान में लोकतंत्र का गिरवी होना ही है। स्थिति यह है कि पाकिस्तान में राजनेता मौज कर रहे हैं और जनता दर दर की ठोकर खाने के लिए मजबूर है। शासन की जिम्मेदारी होती है कि वह अपने देश की स्थिति को संभाले, परंतु पाकिस्तान में सरकार को संभालने की राजनीति ही की जाती रही है। जिसके कारण पाकिस्तान के ऐसे हालात बने। इतना ही नहीं वहां के राजनेता आतंकी आकाओं और सेना की कठपुतली ही बने रहे, जिसके चलते उनको सत्ता का सुख भी प्राप्त हुआ। पाकिस्तान की मौजूदा परिस्थितियां वहां के राजनीतिक नेताओं की देन हैं। यही कारण है कि पाकिस्तान आज बर्बादी के कगार पर जा चुका है। हम जानते हैं कि इमरान के शासनकाल के दौरान जनता अपना पेट भरने के लिए सड़कों पर उतर आई। लूटपाट भी की, लेकिन राजनेताओं ने इस ओर ध्यान नहीं दिया और पाकिस्तान की दुर्गति होती चली गई। अब पाकिस्तान के हालात उससे भी बुरे हो सकते हैं, क्योंकि वहां जोड़ तोड़ करके जो सरकार बनेगी, उसके सामने एक मजबूत विपक्ष होगा, जो सरकार की निरंकुश कार्यवाही पर लगाम लगाने में समर्थ होगा। अब अगर पाकिस्तान को अपनी स्थिति सुधारनी है तो उसे सत्ता की राजनीति करने की बजाय जनहित की राजनीति पर ध्यान देने पर बल देना होगा। तभी पाकिस्तान का संकट समाप्त हो सकेगा। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## जेलेंस्की को चार्ली चैपलिन क्यों पसंद हैं

**(मृत्युंजय कुमार राय)**

यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की स्पेशल ट्रेन से भी सफर कर चुके हैं, जिसे देखने का सौभाग्य कम ही जर्नलिस्टों को मिला है। उनकी किताब रीडर्स को उस लीडर के बारे में बताती है, जो रूस से एक मुश्किल जंग लड़ रहा है। साइमन हमें रियल जेलेंस्की से मिलवाते हैं। यूक्रेन युद्ध को दो साल होने जा रहे हैं, लेकिन जेलेंस्की का हौसला अब भी मजबूत बना हुआ है। यह बात इसलिए खास है क्योंकि अमेरिका और यूरोपीय देशों में यूक्रेन की मदद का पहले जैसा जोश नहीं दिख रहा। अमेरिका में नवंबर में होने जा रहे राष्ट्रपति चुनावों में अभी रिपब्लिकन पार्टी की ओर से डॉनल्ड ट्रंप के प्रत्याशी बनने की उम्मीद दिख रही है, जिनकी यूक्रेन की मदद में बहुत दिलचस्पी नहीं है। हाल में यूक्रेन की मदद की खातिर संसद की मंजूरी के लिए राष्ट्रपति जो बाइडन को काफी मान-मनौव्वल करनी पड़ी। यूरोप में भी कुछ देशों में इस युद्ध को लेकर ऊब दिख रही है। जाहिर है, जेलेंस्की के लिए यह मुश्किल वक्त है। इन हालात में उन्हें इस युद्ध में अपने से कहीं बड़े और ताकतवर दुश्मन देश से लड़ने की प्रेरणा कहां से मिल रही है? बेशक, यूक्रेन की जनता तो उनके लिए प्रेरणास्रोत है ही, रूस से जंग का हौसला उन्हें कुछ ऐतिहासिक चरित्रों से भी मिल रहा है। साइमन लिखते हैं कि जेलेंस्की दूसरे विश्व युद्ध के नायक विंस्टन चर्चिल के बारे में खूब पढ़ रहे हैं। चर्चिल के साथ एक और ऐतिहासिक शख्सियत में उनकी दिलचस्पी है, जिनका नाम है चार्ली चैपलिन। जेलेंस्की ने साइमन को बताया, 'चर्चिल ने फासीवाद के खिलाफ सूचनाओं के हथियार का इस्तेमाल किया।' वहीं, चार्ली चैपलिन का जिक्र करते हुए वह कहते हैं, 'कई आर्टिस्ट थे, जिन्होंने तब समाज की मदद की। उनका गोला-बारूद से कहीं अधिक प्रभाव पड़ा।' द शोमैन में साइमन लिखते हैं कि युद्ध के दौरान जेलेंस्की प्रभावशाली लीडर साबित हुए हैं। उनका मानना है कि अच्छा परफॉर्मर होने से जेलेंस्की को जंग लड़ने में मदद मिल रही है। साइमन ने युद्ध के दौरान जेलेंस्की को करीब से देखा है। 2019 में जब वह राष्ट्रपति चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे थे, तब साइमन ने जेलेंस्की का इंटरव्यू किया था। तो उन्होंने एक परफॉर्मर को लीडर में इवॉल्व होते हुए देखा है। एक एंटरटेनर को वॉर हीरो में बदलते। जो दूसरे विश्व युद्ध के बाद यूरोप की सबसे बड़ी जंग में 'सेंट्रल कैरेक्टर' है। साइमन इस किताब में यह भी बताते हैं कि जेलेंस्की के करीबी अडवाइजर उनके राष्ट्रपति बनने से पहले के पेशे के लोग हैं। इनमें मूवी प्रोड्यूसर्स और स्टैंड-अप कमीडियन शामिल हैं। और यह सब यूं ही नहीं है। साइमन लिखते हैं कि युद्ध शुरू होने से कोई एक सप्ताह पहले म्यूनिख में हुए नैटो के सम्मेलन में पश्चिमी देशों के अधिकारियों ने जेलेंस्की से निजी बातचीत में दूसरे देश में अपनी सरकार ले जाने की बात कही थी। जेलेंस्की के तब राष्ट्रीय सुरक्षा सचिव ओलेस्की डैनिलोव ने साइमन को बताया, 'रूस के हमला करने से पहले पश्चिमी देशों ने हमसे कहा था कि चार-पांच दिनों में यूक्रेन पर रूसियों का कब्जा हो जाएगाजफिर वे यूक्रेन के समूचे राजनीतिक नेतृत्व का सफाया कर देंगे।'आज अगर जेलेंस्की को वॉर हीरो कहा जा रहा है तो इसलिए क्योंकि इन हालात में भी उन्होंने देश में रहकर अपने से कहीं ताकतवर दुश्मन का सामना करने का फैसला किया। दुश्मन भी ऐसा, जो 2014 में यूक्रेन से क्राइमिया छीन चुका था। जो एक छोटे युद्ध में पहले ही यूक्रेन को हरा चुका था। साइमन लिखते हैं कि युद्ध के दूसरे दिन जेलेंस्की का वह भाषण कौन भूल सकता है, जिसे उन्होंने अपने स्मार्टफोन पर रेकॉर्ड किया था। इसमें जेलेंस्की कैमरे में आंखें गड़ाकर कहते हैं, 'हम सब यहां हैंज्हम अपनी आजादी की रक्षा कर रहे हैं, अपने वतन की हिफाजत के लिए डटे हैं और यूं ही डटे रहेंगे। द शोमैन को समसामयिक इतिहास कहा जा सकता है।

### सुडोकू पहेली — क्रमांक- 5282

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | | 8 | | 5 | | 7 | |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | 1 | 5 | 7 | | | | | |
| | | 2 | | | | | 3 | 1 |
| | 4 | | 3 | 9 | 1 | | 5 | |
| 1 | 5 | | | | | 8 | | |
| | | | | | 7 | 3 | 4 | |
| 8 | | | | | | 9 | | |
| | 3 | | 1 | | 4 | | 6 | 7 |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5281

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 3 | 2 | 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 2 | 9 | 3 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 1 |
| 1 | 8 | 3 | 6 | 5 | 2 | 7 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 3 | 4 | 2 | 1 | 8 |
| 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 9 | 8 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज अनुकूल नहीं है और बेहतर होगा कि आप किसी पर व्यर्थ का संदेह न करें। तर्क वितर्क में समय और धन की हानि होगी। नियोजित कार्यक्रम भी सफल होंगे और आर्थिक लाभ का सुअवसर भी आएगा। मातृ पक्ष से लाभ की आशा रहेगी। पुराने दोस्तों के आगमन से परिवार में व्यस्तता बढ़ेगी और आपको लाभ होगा।

### वृष
आज लाभकारी समय है, युक्ति और व्यवहार से सब कुछ पा सकते हैं। जटिलताएं खत्म होंगी और विरोधी भी परास्त होंगे। खानपान में परहेज करने से आपको लाभ होगा। जीवनसाथी से आर्थिक कारणों से दूरी रहेगी लेकिन प्रेम यथावत बना रहेगा। आज आपको कुछ जरूरी काम में पैसों का खर्च करना पड़ सकता है।

### मिथुन
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होंगी। आपके उत्साह में वृद्धि होगी और आपको हर प्रकार का सहयोग लोगों से मिलेगा। शुभ संदेश आने से उत्साह बढ़ेगा और मित्रों का सहयोग भी प्राप्त होगा। स्वजनों का भी सहयोग मिलेगा।

### तुला
आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपके सभी कार्य समय पर बनते नज़र आएंगे। अच्छे दिनों का संयोग मन को प्रफुल्लित करेगा। खर्च पर नियंत्रण रखना जरूरी है। व्यापार व व्यवसाय से संबंधित कई अनुभव आपको प्राप्त होंगे। व्यापार व व्यवसाय से जुड़े जातकों की विभिन्न क्षेत्रों में साख बढ़ेगी और आपके सम्मान में वृद्धि होगी।

### वृश्चिक
आज का दिन बहुत शुभ है और आपके सम्मान में वृद्धि होगी। आज आप परिवार के साथ किसी जश्न में शामिल हो सकते हैं और उसमें आपका खर्च भी होगा। अच्छे भोजन से स्वास्थ्य में वृद्धि होगी। शुभ समाचार का आना लगातार जारी रहेगा इसलिए वही कार्य करें जिसके बनने की उम्मीद हो। संतान के प्रति थोड़ा चिंतित होंगे।

### धनु
आज आर्थिक लाभ का दिन है। आपको परिश्रम के बाद वांछित लाभ होगा। दूर की यात्रा भी करनी पड़ सकती है। मानसिक परेशानी के चलते मन दुखी रहेगा। कुछ अधूरे कार्य आपको निपटाने पड़ सकते हैं। सुख और दुख को समान समझकर सब कुछ भाग्य पर छोड़ दें और अपने हिस्से का कर्म करते रहें।

### कर्क
आज का दिन काफी सामान्य रहेगा और आपकी धन से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी। आर्थिक मामलों में आपको परिवार के लोगों से सलाह जरूर करनी चाहिए। अधिक उत्साह और तत्परता से कार्य बिगड़ सकता है। शुभ संदेश भी आएगा व पुराने मित्रों से मुलाकात होगी। अनावश्यक शंकाओं से बचें। गलत तरीके से धन अर्जित न करें।

### सिंह
आज लाभ का दिन है और आपके रुके कार्य पूर्ण होंगे। आज आपको अजनबी लोगों का सहयोग मिल सकता है। व्यवधान से लाभ मार्ग प्रभावित होगा। परिश्रम की आवश्यकता है। सक्रिय हुए विरोधी भी परास्त होंगे। निर्माण कार्य की आवश्यकता महसूस होगी। कोई शुभ समाचार आपके उत्साह को बढ़ाएगा।

### कन्या
आज लाभ होगा और पराक्रम में वृद्धि होगी। मित्रों का सहयोग बना रहेगा। किसी चल या अचल संपत्ति का पारिवारिक विवाद निपटाना ठीक होगा। पारिवारिक व्यवस्था बनाने में व्यस्त रहेंगे। सोचे हुए कार्य सफल होंगे और मित्रों द्वारा किए जा रहे विरोध में कमी आएगी।

### मकर
आज का दिन करियर और आर्थिक मामलों में शुभ है और बिना किसी रुकावट के सभी कार्य बनते जाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी धाक जमेगी व एक के बाद एक मामले सुलझते चले जाएंगे। शाम के वक्त स्वास्थ्य प्रभावित होगा जिससे कार्यक्षेत्र में अस्थिरता रहेगी। समय के अनुसार चलने से आप उन्नति करेंगे वरना समय आपको पीछे छोड़ देगा।

### कुंभ
आज का दिन सुख समृद्धि से भरा होगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। जटिल कार्यों का निष्पादन होगा और लाभदायक उपक्रमों का संचालन भी होगा। मानसिक उलझनों के कारण सिरदर्द बढ़ सकता है। संतान पक्ष की चिन्ता रहेगी। पड़ोसियों के कारण कुछ परेशानी हो सकती है। आपके धन में वृद्धि होगी और आर्थिक मामलों से जुड़ी योजनाएं सफल होंगी।

### मीन
आज का दिन सम्मान से भरा होगा। मान सम्मान भी बढ़ेंगे और अप्रत्याशित लाभ की प्राप्ति भी होगी। आर्थिक लेन-देन से बचें और अपने काम पर फोकस करें। आपके द्वारा किए गए कार्यों का विरोध होगा। परिवार की समस्याओं के संबंध में कोई गलत निर्णय लेना कठिन होगा। बेहतर होगा कि पैसों की बचत करें और आगे के लिए जोड़कर चलें।

### वर्ग पहेली 5282



संकेत: बाएं से दाएं
1. 25 मार्च 1924 को इस देश ने अपने गणतंत्र बनने की घोषणा की (2)
3. [illegible] (5)
7. [illegible] (2)
8. [illegible] (3)
9. हिंदी साहित्य में [illegible] (3)
11. [illegible] (3)
12. [illegible] (3)
14. [illegible] (6)
18. [illegible] (4)
20. [illegible] (2)
21. [illegible] (2)
23. नेत्र, आंख, नयन (2)
24. [illegible] (4)

ऊपर से नीचे
1. [illegible] (4)
2. [illegible] (4)
3. [illegible] (2)
4. [illegible] (3)
5. [illegible] (3)
6. [illegible] (3)
10. [illegible] (4)
13. पुत्र, बेटा (2)
15. [illegible] (3)
16. [illegible] (4)
17. [illegible] (2)
18. [illegible] (2)
19. [illegible] (3)
22. पुरानी फिल्मों की नायिका जिनका निधन 25 मार्च 2014 को हुआ था (2)

### वर्ग पहेली 5281 का हल



स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
**संपादक- श्रीराम अम्बष्ट**, उप संपादक- **साकेत अम्बष्ट** फोन/फैक्स-०6186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, **RNI-BIHHIN/1998/3009**

## संक्षिप्त समाचार

### रक्त संबंधी बीमारियों की जांच का चलेगा अभियान



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जिला में रक्त संबंधी बीमारियों की जांच का अभियान जल्द शुरू होगा। इससे सिविल सर्जन डॉ. जुझार माझी के आदेश पर पब्लिक हेल्थ ऑफिसर, एएनएम व अन्य श्रेणी के स्वास्थ्य कर्मचारियों को खासमहल कार्यालय में सिकल सेल स्क्रीनिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सिविल सर्जन ने बताया कि प्रशिक्षण के बाद प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारियों के नेतृत्व में टीम में बनाकर पंचायत स्तर पर सिकल सेल स्क्रीनिंग अभियान शुरू करने का आदेश राज्य स्वास्थ्य मुख्यालय से आया है ताकि नवजात, गर्भवती व स्कूली छात्रों समेत अन्य महिला-पुरुष व बच्चों को रक्त की बीमारियों से निजात दिलाई जा सके।

### रेलवे में क्रिकेट टुर्नामेंट शुरू, मैदान में इंजीनियरिंग व रनिंगकर्मी



**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर रेलवे के लोको मैदान में गुरुवार से अंतर विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू हो गया। पहले दिन टाटानगर रेलवे इंजीनियरिंग व रनिंगकर्मियों ने ओपनिंग की। टूर्नामेंट का उद्घाटन टाटानगर न्यू इलेक्ट्रिक लोको शेड के सीनियर डीईई विनोद कुमार ने किया है जबकि विशिष्ट अतिथि रेलवे एरिया मैनेजर अभिषेक सिंघल मौजूद थे। इधर डेनियल ने बताया कि पहले दिन क्रिकेट टूर्नामेंट में सैकड़ों रेलकर्मियों ने भाग लिया, जो 26 फरवरी तक चलेगा। उन्होंने बताया इंजीनियरिंग व रनिंग के अलावा आरपीएफ, कॉमर्शियल, सिग्नल एंड टेलीकॉम, लोको शेड, स्टोर व ट्रेक्शन विभाग के रेल कर्मचारी भी टूर्नामेंट में शामिल होंगे। इससे विभिन्न विभागों के रेल कर्मचारियों में उत्साह है।

### जमशेदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय खासमहल के गेट के बाहर अतिक्रमण कर बनी दुकान



**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर प्रखंड सह अंचल कार्यालय खासमहल के गेट के बाहर अतिक्रमण कर दुकानें खड़ी कर दी गईं हैं। यह काम सरस्वती पूजा के अवसर पर सरकारी छुट्टी के दिन अतिक्रमणकारियों ने किया। यहां मुख्य सड़क के किनारे कई झोपड़ियां बना दी गईं हैं। अतिक्रमणकारियों को मालूम था कि सरकारी अवकाश होने के कारण छुट्टी के दिन कोई भी कर्मचारी वहां नहीं आएगा, जिसका फायदा उठाकर अतिक्रमणकारियों के द्वारा सरकारी भूखंड को कब्जा किया जा रहा है। मजेदार पहलू यह है कि प्रखंड कार्यालय के बाहर मुख्य द्वार पर लिखा हुआ है कि कार्यालय के बाहर अवैध रूप से सरकारी जमीन को अतिक्रमण करना एवं गाड़ी खड़ा करना सख्त मना है। इसके बावजूद इन अतिक्रमणकारियों ने कब्जा किया। इससे पहले भी नोटिस देकर सरकारी जमीन को अतिक्रमणकारियों से मुक्त करवाया गया है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन भेजे गए होटवार जेल

**रांची , एजेंसी।** झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार जेल भेजा गया है। ईडी ने 13 दिन की रिमांड के बाद आज उन्हें कोर्ट में पेश किया। श्वष्ठ ने रांची के बड़गाई में 8.46 एकड़ जमीन को लेकर हुए मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को 31 जनवरी को गिरफ्तार किया था।इसके बाद उन्हें 1 फरवरी को पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत में पेश किया गया। गिरफ्तारी से लेकर बुधवार तक श्वष्ठ ने हेमंत सोरेन से 13 दिनों तक पूछताछ की है।

# सभी कंपनियों को हर तरह की सुविधाएं देगी चंपई सरकार, लेकिन रखी शर्त



**जमशेदपुर , एजेंसी।** राज्य के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने बुधवार को अपने पैतृक निवास जिलिंगगोड़ा में कहा कि नौकरी में हर हाल में 75 प्रतिशत स्थानीय को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकार ने इस बाबत जो कानून बनाया है, उसका हर हाल में पालन करना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि युवाओं को रोजगार देने के लिए सरकार समुचित कदम उठा रही है। मुख्यमंत्री अपने गांव जिलिंगगोड़ा करीबी परिजन के श्राद्धकर्म में शामिल होने के लिए आए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बिजली-पानी, सड़क समेत तमाम आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाएगा। यहां औद्योगिक समूहों को सरकार की ओर से कई रियायत तथा सुविधाएं दी जाएंगी। लेकिन तमाम कंपनियों और संस्थानों को यह सुनिश्चित करना होगा कि स्थानीयों को 75 प्रतिशत नौकरी देनी होगी।

उन्होंने कहा कि झारखंड पब्लिक कमिशन के पेपर लीक मामले में एसआइटी टीम का गठन किया गया है। और बहुत जल्द दूध का दूध और पानी का पानी होगा। सरकारी नियुक्ति की प्रक्रिया में भी बदलाव लाया जाएगा ताकि सरकारी नौकरी भी लोगों को मिले और किसी प्रकार की परेशानी युवाओं को ना हो। यानी जब कभी भी सरकारी नौकरी को लेकर नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होती है तो मामला न्यायालय में चला जाता है। कैसे युवाओं को न्याय मिले इस पर भी सरकार देख रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड एक ऐसा राज्य है जो खनिज संसाधनों के मामले में काफी संपन्न है, लेकिन अफसोस इस बात का है कि इसका फायदा इस राज्य को नहीं मिल रहा है। आज भी यहां के ग्रामीण इलाकों की स्थित अच्छी नहीं है।

ग्रामीण वर्षों से तरह-तरह की समस्याओं और परेशानियों को झेलते आ रहे हैं। यही वजह है कि जब हेमंत सोरेन ने वर्ष 2019 में मुख्यमंत्री का पद संभाला तो तमाम विपरीत परिस्थितियों के बीच ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठाए। हमारा प्रयास है कि शहरों की तरह गांवों में भी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के माध्यम से शहर और गांवों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि राज्य की बुनियादी ढांचा को मजबूत करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल में विकास और जनकल्याण के लिए जो नीतियां और योजनाएं बनाई, उसे और प्रभावी एवं बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने का काम करेंगे। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि झारखंड को अगर आगे ले जाना है तो यहां की सामाजिक-आर्थिक-शैक्षणिक और स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हेमंत सोरेन ने सत्ता संभाली ही थी कि कोरोना जैसी वैश्विक महामारी ने झारखंड समेत पूरी दुनिया को अपनी चपेट में ले लिया। दो वर्ष तो सिर्फ कोरोना से जंग में ही गुजर गए।

लेकिन अगले दो वर्षों में उन्होंने जिस तरह अपनी नीतियों और कार्य योजनाओं के माध्यम से विकास को गति दी, उससे झारखंड को अलग पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि राजधानी रांची को जाम से निजात दिलाने के फ्लाईओवर निर्माण का कार्य तीव्र गति से हो रहा है।

## आठ महीने की बच्ची का 90 हजार में सौदा, पति की लाचारी के आगे बेबस हुई मां; दलाल को बेच दी ममता

**रामगढ़ , एजेंसी।** अपने पति का इलाज कराने के लिए परेशान एक मां को दलाल ने बहला-फुसलाकर आठ माह की बच्ची को 90 हजार रुपये में बेच देने का मामला सामने आया है। शिकायत मिलते ही रामगढ़ थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बच्ची को बरामद कर लिया। साथ ही बच्ची के खरीद-बिक्री में शामिल दो महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद बरामद बच्ची को चाइल्ड वेलफेयर कमेटी (सीडब्ल्यूसी) को सौंप दिया है। मामले में रामगढ़ थाना में दो महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है।


बच्चा बेचने वाला दलाल फरार हो गया है। हालांकि, पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपित महिला ने बताया कि उसकी मां ने एक अपनी मजबूरी बताकर उन लोगों से एक लाख रुपये लेकर अपनी आठ माह की बेटी को उन लोगों के पास बेची थी।

इस संबंध में बच्ची के पिता आजाद बस्ती कबाडी मुहल्ला बरकाकाना निवासी राहुल साहनी ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि वह मूल रूप से मीरापुर सकरा मुजफ्फपुर(बिहार) का रहनेवाला है। वर्तमान में अपने भाई राजेश साहनी के बरकाकाना में मेरी पत्नी अनामिका देवी व आठ माह की बच्ची के साथ रहता है।

वह आटो चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता है। चार माह पहले एक दुर्घटना में उसका एक पैर टूट गया था। इससे वह घर में रह रहा है। गत दिसंबर माह को उसकी पत्नी बच्ची को लेकर अपने मायके चुरचू, हजारीबाग चली गईं। 11 फरवरी को वह अपने मायके से वापस आई तो उसके साथ में बच्ची नहीं थी।

पूछने पर पत्नी ने बताया कि बरकाकाना निवासी राहुल कुमार राम उर्फ अमन कुमार व कोयरी टोला रामगढ़ निवासी रीता देवी पति लक्ष्मण गंझू उसके पास आए और झांसा देते हुए कहा अभी तुम्हारा पति कोई काम-धाम नहीं कर रहा है। ऐसे में इस बच्ची को पालन पोषण के लिए हमें दे दो। पति को ठीक होने पर वापस बच्ची को दे देंगे।

## गद्दी पर बैठते ही झारखंड में चंपई का रोजगार पर फोकस



**रांची, एजेंसी।** नेतरहाट विद्यालय में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति के लिए दोबारा विज्ञापन जारी कर दिया गया है। इसके तहत विभिन्न विषयों में कुल 18 पदों पर नियुक्ति के लिए बुधवार से ऑनलाइन फार्म भरे जाएंगे। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 31 मार्च निर्धारित की गई है।

ऑनलाइन आवेदन के बाद आवेदन की प्रिटेंड कॉपी 10 अप्रैल तक विद्यालय के पते पर भेजना होगा। नेतरहाट विद्यालय समिति ने शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पिछले वर्ष भी विज्ञापन जारी कर आवेदन मंगाए थे, लेकिन समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में नियुक्ति प्रक्रिया रद्द कर दी गई थी। कार्यकारिणी समिति ने नए सिरे से विज्ञापन जारी कर नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया था।

पूर्व में जारी विज्ञापन के तहत आवेदन दे चुके अभ्यर्थियों के लिए दोबारा आवेदन की आवश्यकता नहीं होगी। विद्यालय में हिन्दी एवं अंग्रेजी के चार-चार, संस्कृत एवं गणित के दो-दो तथा जीव विज्ञान, इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र, कृषि एवं राजनीति विज्ञान के एक-एक पद सम्मिलित हैं। नियुक्ति प्रक्रिया चार चरणों में पूरी की जाएगी।

पहले चरण में अभ्यर्थियों के आवेदन की स्क्रूटनी होगी। यह स्क्रूटनी अभ्यर्थियों के एकेडमिक अंकों तथा अनुभव के आधार पर की जाएगी। इसके माध्यम से प्रत्येक पद के विरुद्ध 15 गुना अभ्यर्थियों को लिखित परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति प्रदान की जाएगी।

लिखित परीक्षा 50 अंकों की होगी। इसके माध्यम से प्रत्येक पद के विरुद्ध 10 गुना अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार के लिए किया जाएगा। इसके बाद शिक्षण कौशल क्षमता की जांच की जाएगी। इसके माध्यम से प्रत्येक पद के विरुद्ध पांच गुना अभ्यर्थी का चयन साक्षात्कार के लिए होगा।

## अब चंद घंटों में पहुंच जाएंगे यूपी, करोड़ों की लागत से बनने जा रही सड़क



**गढ़वा, एजेंसी।** गढ़वा जिले की तीन अति महत्वपूर्ण सड़कों का निर्माण किया जाएगा। राज्य कैबिनेट ने इसकी स्वीकृति प्रदान कर दी है। इन तीनों सड़कों के निर्माण पर 200 करोड़ रुपए की लागत आएगी। पथ निर्माण विभाग झारखंड पीडब्लूडी द्वारा इनका निर्माण किया जाएगा।

इसकी जानकारी देते हुए गढ़वा विधायक सह झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने बताया कि पथ प्रमंडल गढ़वा अन्तर्गत डेंटल मोड़ एनएच 75 से हूर चारमुहान होते हुए नावादोहरी एनएच 343 तक 15 किमी सड़क का निर्माण किया जाएगा। करीब 98 करोड़ की लागत से बनने वाली इस सड़क निर्माण में भूमि अधिग्रहण भी शामिल है।

इसके निर्माण से फरठिया, महुपी, मधेया, हूर, नावादोहरी आदि गांव सीधे पीडब्ल्यूडी सड़क से दोनों एनएच से जुड़ जायेंगे। यह सड़क सात मीटर चौड़ी अर्थात डबल लेन की होगी। इस पथ के निर्माण होने से एक अतिरिक्त बाईपास की सुविधा भी मिल सकेगी।

इससे जुड़े गांवों का सामाजिक-आर्थिक विकास भी हो सकेगा। दूसरी सड़क भी अति महत्वपूर्ण है। यह एक ओर एनएच 75 तो दूसरी ओर राज्य राजपथ को जोड़ती है। यह सड़क एनएच 75 से विकताम, दलेली होते हुए मंझिआव पीडब्ल्यूडी पथ को जोड़ेगी।

लगभग नौ किमी की इस सड़क के निर्माण पर भूमि अधिग्रहण सहित क़रीब 40 करोड़ की लागत आएगी। यह सड़क भी डबल लेन सात मीटर की होगी तथा एक बाइपास का कार्य भी करेगी। तीसरी सड़क की मांग भी कई वर्षों से श्री बंशीधर एवं गरबांध की जनता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाता रहा है।

यह सड़क श्री बंशीधर नगर एनएच 75 से ग़रबांध होते हुए रोहिनिया पीडब्ल्यूडी तक जाएगी। 15.7 किमी लंबी इस सड़क के निर्माण पर लगभग 62 करोड़ रुपए खर्च होंगे। यह पथ झारखंड एवं यूपी को जोड़ने वाली एक लिंक का कार्य करेगी।आदिवासी एवं नक्सल प्रभावित इस क्षेत्र के लिए यह सड़क एक बड़ा सामाजिक और आर्थिक बदलाव लाएगी। विधायक ने कहा कि गढ़वा जिले में पिछले चार वर्षों में जो अभूतपूर्व विकास हुआ तथा अगले वर्षों में विकास का विजन के साथ जो ब्लू प्रिंट तैयार हुआ है।वह पूर्णरूप से पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सोच और गढ़वा के प्रति उनके असीम स्नेह का ही परिणाम है। गढ़वा की समस्याओं, यहां के लोगों की तकलीफ़ों को उन्होंने न सिर्फ़ देखा था बल्कि महसूस किया था। आज एक साजिश के तहत उन्हें पदच्युत किया गया है, पर जल्द ही सच सामने आएगा और वे पुनः हमारे बीच होंगे। झूठ, फ़रेब की बुनियाद लंबी नहीं होती।

उन्होंने कहा कि इस सरकार को अपने कार्यकाल पूरा करने में अभी लगभग दस महीने बाक़ी हैं। आगे भी गढ़वा की विकास गाथा की नई कहानियां लिखी जाएगी।

## लोगों के मालिकाना हक : प्रतिबंधित सूची की जमीन के कब्जाधारी जल्द ही जमा कर सकेंगे अपना लगान

**रांची , एजेंसी।** लंबे समय से गैरमजरूआ (सरकारी) भूमि पर खेती कर रहे या बसे या अन्य रूप में उपयोग कर रहे लोगों को उसका मालिकाना हक मिल सकता है। क्योंकि, राज्य सरकार के भू-राजस्व विभाग ऐसी जमीनों को प्रतिबंधित सूची से बाहर निकालने के लिए एसओपी तैयार कर रहा है। एसओपी में यह भी होगा कि प्रतिबंधित सूची से निकालने के बाद सरकार क्या करेगी और संबंधित रैयत को क्या-क्या डॉक्यूमेंट देना होगा और क्या-क्या करना होगा, इसका भी उल्लेख होगा।

सूत्रों के मुताबिक, एसओपी बनाने का काम अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव के निर्देश के बाद इस पर तेजी से काम हो रहा है। इस माह के अंत तक एसओपी जारी हो जाने की संभावना है। एसओपी जारी होते ही संबंधित जमीन का लोग अपना नाम लगान जमा कर सकेंगे।बताते चले कि पिछले साल राज्य सरकार ने गैरमजरूआ जमीन के उपयोग की आवश्यकता को देखते हुए भू-अर्जन, भू-अभिलेख और परिमाप विभाग के निदेशक उमाशंकर सिंह की अध्यक्षता में पांच सदस्यीय कमेटी बनाई गई थी। कमेटी अपनी रिपोर्ट पहले ही सौंप चुकी है। कमेटी सभी संबंधित अधिनियम, नियम व परिपत्र का अध्ययन कर रिपोर्ट बनाई थी। अब भू-राजस्व विभाग इसी के आधार पर इस समस्या को हल करना चाहता है। एक रिपोर्ट में राज्य में 3 लाख 62 हजार 867 एकड़ सरकारी जमीन की अवैध जमाबंदी बताई गई है। राज्य में अवैध जमाबंदी के 1.75 लाख मामले निपटारे के लिए सरकारी कार्यालयों में दर्ज हैं। उनमें अबतक मात्र 6711 मामलों का ही निष्पादन हुआ है। कहां, किस खाते की कितनी जमीन झारखंड में गैर मजरूआ जाम, गैर मजरुजा खास, गैरमजरुआ जंगल-झाड़, गैर उपयोगी खाते की जमीन प्रतिबंधित सूची में शामिल है। मार्च 2018 में नेशनल जेनेरिक डॉक्यूमेंट रजिस्ट्रेशन सिस्टम (एनजीडीआरएस) सॉफ्टवेयर लागू होने के बाद सभी तरह के गैरआबाद खाते की जमीन का निबंधन बंद है।

राज्य सरकार का समय- समय पर गैरमजरुआ आम, गैरमजरुआ खास, केशर- ए- हिंद भूमि के संबंध में अलग- अलग आदेश रहे हैं। तीन सितंबर 1985 को अविभाजित बिहार में तत्कालीन सरकार ने एक आदेश जारी किया था, जिसमें कहा गया है कि गैरमजरूआ खास जमीन पर रैयती दावे की मान्यता दी जा सकती है। इसके बाद 09 दिसंबर 1998 को भू-राजस्व विभाग के सचिव का आदेश आया जो गैरमजरूआ आम या खास भूमि की जमाबंदी रद्द करने के संबंध में था।

ये सब चल ही रहा था कि अलग झारखंड राज्य बनने के बाद 13 मई 2016 को झारखंड मुख्य सचिव के स्तर से आदेश निकाला, जिसमें कहा गया कि अवैध, संदेहास्पद जमाबंदी को अभियान चलाकर जांच करने एवं समयबद्ध प्रभावकारी कदम उठाते हुए अवैध जमाबंदी को रद्द करने की कार्रवाई हो।

## चाहे झामुमो जीते या भाजपा, आदिवासी की हार निश्चित है : सालखन

**जमशेदपुर, एजेंसी।** आदिवासी सेंगेल अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व सांसद सालखन मुर्मू का कहना है कि आदिवासी समाज बर्बादी की कगार पर खड़ा है। झामुमो+ जीते या बीजेपी+, आदिवासी की हार निश्चित है। क्योंकि आदिवासी हासा, भाषा, जाति, धर्म, रोजगार आदि के संरक्षण और संवर्धन का एजेंडा किसी भी गठबंधन के पास नहीं है। आदिवासी केवल मोहरा है, वोट बैंक है। गुरुवार को बयान जारी कर उन्होंने आरोप लगाया कि अबुआ दिशोम, अबुआ राज के सपना को बर्बाद करने के लिए आदिवासी नेता और जनता दोनों सर्वाधिक दोषी हैं। अधिकांश नेता मुद्दा विहीन और बिकाऊ हैं तथा सब पर मुद्रा हावी है। झारखंड की राजनीति में हेमंत सोरेन रहे या चंपाई सोरेन या फिर बाबूलाल मरांडी, आदिवासी समाज की बर्बादी तय है। क्योंकि कोई भी सीएनटी, एसपीटी कानून लागू कर आदिवासी हासा अर्थात भूमि बचाने वाला नहीं है। बल्कि खुद वे इन कानूनों का उल्लंघन करते हैं। इनके पास आदिवासी भाषा- संस्कृति को समृद्ध करने की इनकी कोई योजना नहीं है। एकमात्र राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त संताली भाषा को झारखंड की प्रथम राजभाषा बनाने का कोई पक्षधर नहीं है। उल्टे झामुमो ने वोट की लालच में 7232 उर्दू भाषा शिक्षकों के नियुक्ति की घोषणा कर दी है। एक तरह से जेएमएम ने खुद कुर्मी महतो को एसटी बनाने की अनुशंसा कर, असली आदिवासी को फांसी के फंदे पर लटकाने वाले डेथ वारंट पर दस्तखत कर दिया है।

# चुनाव से पहले हेमंत को लेकर झारखंड में राजनीति

### एक तरफ बीजेपी का मास्टर प्लान बनकर तैयार, दूसरी तरफ जेएमएम ने भी कस ली कमर

**रांची , एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन प्रदेश में राजनीति की धुरी बन गए हैं। ईडी द्वारा हिरासत में लिए जाने के बाद उन्हें पद से इस्तीफा देना पड़ा था। इस प्रकरण से राज्य में व्यापक स्तर पर राजनीतिक उलटफेर हुआ। तेजी से घटे घटनाक्रम में नए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने शपथ ली और तत्काल बहुमत हासिल करने में भी कामयाब रहे।

चंपई लगातार यह कह रहे हैं कि वह हेमंत सोरेन के काम को आगे बढ़ाएंगे। उन्हीं योजनाओं पर सरकार का पूरा फोकस है। उधर,



सत्तारूढ़ झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने अपने नेता के पक्ष में माहौल बनाना आरंभ कर दिया है। हेमंत सोरेन से ईडी की पूछताछ के दौरान लगातार राजधानी में झामुमो समर्थकों ने प्रदर्शन कर अपनी ताकत का अहसास दिलाया था। अब झामुमो ने इस मुद्दे पर भाजपा की घेराबंदी के लिए योजना तैयार की है। इसके तहत प्रदेश भर में न्याय यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा समर्थक और कार्यकर्ता उपवास रखकर विरोध जताएंगे। राजधानी रांची से ही इसकी शुरूआत होगी। झामुमो का दावा है कि प्रदेश भर से इस संबंध में लगातार जिला कमेटियों का दबाव था कि कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन के पक्ष में गोलबंदी आवश्यक है। यही वजह है कि इस कार्यक्रम को अंतिम रूप दिया गया है। लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। इसमें इसका असर दिखेगा।

उसके बाद विधानसभा चुनाव में भी यह मुद्दा हावी रहेगा। उधर, भाजपा की राजनीति भी हेमंत सोरेन के आसपास ही है। भाजपा ने उनके खिलाफ लगाए जा रहे आरोपों को आधार बनाया है। इसे लेकर पूर्व में भी कार्यक्रम किए जा चुके हैं। चुनाव के दौरान भी भाजपा इसे जोरशोर से उठाकर लाभ लेने की भरसक कोशिश करेगी।इधर कल्पना सोरेन ने लिखा, झारखंड झुकेगा नहीं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन तेजी से सक्रिय हो रहीं हैं। वह उनके इंटरनेट मीडिया का संचालन कर रही हैं। संगठन में उनकी सक्रियता पर भी विमर्श चल रहा है। बदली परिस्थितियों में संगठन में हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति से रिक्त हुई जगह को भरने के लिए वह आगे आ सकती हैं।

कल्पना सोरेन ने लिखा है कि वह हेमंत सोरेन के संघर्ष की साथी बनेंगी। बुधवार को भी एक महिला समर्थक के वीडियो पर उन्होंने भावुक प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने झारखंड झुकेगा नहीं हैशटैग में उक्त महिला को संबोधित करते हुए लिखा है - आप दुखी न हों दीदी। आपके भाई हेमंत सोरेन केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे षड्यंत्र को ध्वस्त कर जल्द हम सभी के बीच लौटकर आएंगे। आप करोड़ों माताओं-बहनों और झारखंड के जन-जन का स्नेह और आशीर्वाद उनके साथ है।

## एवर ग्रीन लवर्स सोसायटी ने आयोजित की 55वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता



**जमशेदपुर, एजेंसी।** परसूडीह एजीएल मैदान में एवर ग्रीन लवर्स सोसायटी की ओर से 55वां वार्षिक खेलकूद, फुटबॉल प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रम बुधवार को आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में झामुमो के नेता महाबीर मुर्मू जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मानिक मलिक एवं शिबू ओझा शामिल हुए एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं खेल प्रतियोगिता के विजेताओं में पुरस्कार बांटे।इस अवसर पर महावीर मुर्मू ने संबोधित करते हुए कहा कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से हम सभी के बीच भाईचारे का संचार होता है, क्योंकि अन्य दिनों में हम सब अपने-अपने कार्य में व्यस्त रहते हैं। लेकिन इस प्रकार का सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रम जब होता है, तो हम सभी लोग एक जगह पर एकत्रित होते हैं और उत्साह उमंग के साथ मिलते हैं और अपना सुख दुख बांटते हैं जिससे हम सब का बीच में भाईचारे का संचार होता है। नृत्य दल का प्रथम पुरस्कार सार सगुन रूसिका अखड़ा पुरुलिया और दूसरा पुरस्कार रास्का रोमोज अखड़ा कोरसे नरवा को मिला। कार्यक्रम के आयोजन में सोसाइटी के अध्यक्ष बुदेश्वर मुर्मू, माझी बाबा लखन मुर्मू, भगत मुर्मू, रविन्द्र सिंह, मुखिया नागी मुर्मू, गोपाल किस्कू, अंकुरा लेयांगी, नीनू मुखी, पप्पू उपाध्याय, राकेश चक्रवर्ती, मनोज तांती, करन कालिंदी की प्रमुख भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### समाजवादी युवजन सभा, यूथ ब्रिगेड व छात्रसभा के जिला-महानगर अध्यक्षों का मनोनयन निरस्त



**अलीगढ़, एजेंसी।** अलीगढ़ में समाजवादी युवजन सभा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड व छात्रसभा के जिला व महानगर अध्यक्षों की घोषणा हुई थी। सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने इन मनोनय को निरस्त कर दिया है। समाजवादी युवजन सभा, मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड व छात्रसभा के जिला व महानगर अध्यक्षों का मनोनयन निरस्त कर दिया गया है। यह आदेश सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने दिए हैं, जिसकी पुष्टि जिलाध्यक्ष लक्ष्मी धनगर ने की है। पिछले दिनों मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष संजय शर्मा व महानगर अध्यक्ष इसरार सोलंकी, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष रंजीत चौधरी और महानगर अध्यक्ष आमिर आबिद ईलू बनाए गए थे।

### यूपी-उत्तराखंड, दिल्ली-हरियाणा के किसान करेंगे महापंचायत, राकेश टिकैत ने दी जानकारी

**मुजफ्फरनगर ।** किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत की ओर से संदेश जारी किया है। कहा है कि अभी दिल्ली नहीं जाएंगे 16 को किसानों का भारत बंद रहेगा। वहीं 17 फरवरी को मुजफ्फरनगर में महापंचायत का आयोजन किया जाएगा जिसमें उत्तर प्रदेश समेत उत्तराखंड, दिल्ली और हरियाणा के किसान भी मौजूद रहेंगे। वहीं जिलाध्यक्ष अनुराग चौधरी ने बताया भाकियू का कोई कार्यकर्ता पुलिस द्वारा नजरबंद नहीं किया गया न ही कोई भाकियू कार्यकर्ता, पदाधिकारी आंदोलन में भाग लेने दिल्ली जा रहा। भाकियू 16 को बंद की तैयारी में जुटा है। राकेश टिकैत ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करते हुए लिखा कि आप सभी किसानों व भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय कार्य समिति के निर्णयानुसार 17 फरवरी 2024 को उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर स्थित किसान भवन सिसौली में मासिक पंचायत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देश के मौजूदा हालात व आंदोलन कर रहे किसानों पर हो रहे जुल्म को लेकर विचार विमर्श किया जाएगा। इस मासिक पंचायत में उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, हरियाणा के भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### वैशाली में युवा वेलेंटाइन-डे का करेंगे बहिष्कार, शहीदों को देंगे श्रद्धांजलि

**वैशाली , एजेंसी।** सेक्टर चार स्थित अंबेडकर पार्क में मंगलवार को युवाओं ने बैठक कर वेलेंटाइन-डे का बहिष्कार करने और इस दिन पुलवामा हमले में शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि देने पर चर्चा की। लव उपाध्याय ने बताया कि युवाओं ने वर्ष 2019 पुलवामा में शहीद हुए 40 जवानों की पुण्यतिथि मनाने व लोगों को जागरूक करने का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि 14 फरवरी को सोसायटी के सारे युवा महालक्ष्मी मेट्रो टॉवर पर कैंडल मार्च निकालकर शहीदों की शहादत को नमन कर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।


### टेलीग्राम पर टास्क कराकर 4.42 लाख की ठगी

**साहिबाबाद , एजेंसी।** टेलीग्राम पर टास्क कराकर अभयखंड में रहने वाली महिला से साइबर ठगों ने 4.42 लाख रुपये ठग लिए। ठगों ने व्हाट्सएप पर मैसेज भेजकर पार्ट टाइम जॉब का ऑफर देकर टेलीग्राम टास्क ग्रुप से जोड़ा था। महिला ने इंदिरापुरम थाने में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि 12 जनवरी को व्हाटसएप मैसेज आया था। संपर्क करने पर ठग ने टेलीग्राम टास्क ग्रुप पर जोड़ लिया। ठग ने मुनाफा कमाने का झांसा देकर कई बार में रुपये निवेश कराने शुरू कर दिए। शुरुआत में ठग ने रुपये दोगुना कर मुनाफा होना दिखाया।

# दोनों विकल्पों पर विचार कर रहे वरुण गांधी: इंडिया गठबंधन से पा सकते हैं टिकट

## पीएम मोदी से भी की मुलाकात

**लखनऊ , एजेंसी।** वरुण गांधी इंडिया गठबंधन से चुनाव लड़ेंगे या बीजेपी से ही टिकट पाएंगे यह अभी तक साफ नहीं है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वरुण ने दोनों तरफ के रास्ते खोले हुए हैं। पीलीभीत से भाजपा सांसद वरुण गांधी को इंडिया गठबंधन भी लड़ाने के लिए तैयार है। लेकिन, वे किस दल से लड़ेंगे, यह असमंजस अभी बरकरार है। पिछले सप्ताह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उनकी मुलाकात के बाद इन चर्चाओं ने जोर पकड़ लिया है कि भाजपा ने उनके लिए दरवाजे बंद नहीं किए हैं। अलबत्ता, भाजपा में एक परिवार-एक टिकट का फॉर्मूला लागू होने पर उनके सामने टिकट को लेकर मुश्किलें आ सकती हैं। पीलीभीत मेनका गांधी परिवार का गढ़ माना जाता है। मेनका गांधी 1989 में जनता दल के टिकट पर यहां से पहली बार सांसद बनीं। मेनका यहां से अब तक छह बार सांसद रह चुकी हैं। इस दौरान दो बार निर्दलीय भी जीतीं। 2009 और 2019 में यह सीट उन्होंने अपने बेटे वरुण गांधी को छोड़ी। वर्तमान में वरुण गांधी पीलीभीत से सांसद हैं।



वरुण गांधी कई बार अपनी ही सरकार की नीतियों पर सार्वजनिक रूप से सवाल उठा चुके हैं। ऐसे में भाजपा से उन्हें टिकट न मिलने के कयास लगाए जा रहे हैं। भाजपा से टिकट कटने संबंधी चर्चाओं के दायरे में मेनका गांधी भी लगातार बनी हुई हैं। इंडिया के सूत्रों के मुताबिक, वरुण गांधी को उनका गठबंधन भी लड़ाने के लिए तैयार है। यह भी हो सकता है कि वरुण गांधी के खिलाफ इंडिया गठबंधन का प्रत्याशी ही न उतारा जाए। या फिर किसी घटक दल से वे उम्मीदवार बन जाएं। इसके लिए तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख बात भी कर चुकी हैं।

इधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वरुण गांधी की मुलाकात के बाद उन्हें भाजपा से टिकट मिलने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। बताते हैं कि वरुण गांधी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि भाजपा के किसी भी नेता के खिलाफ उन्होंने कभी कुछ नहीं बोला। हां, कुछ मुद्दों पर आवाज जरूर उठाई है। सूत्रों का कहना है कि भाजपा के अंदरूनी सर्वे के नतीजे भी वरुण और मेनका के लिए नकारात्मक नहीं बताए जा रहे हैं। यही वजह है कि शीघ्र ही वरुण की मुलाकात दिल्ली में भाजपा के एक वरिष्ठ नेता से होने जा रही है। इन वरिष्ठ नेता को यूपी में अहम जिम्मेदारी मिली हुई है।

### पीएम के कई पोस्ट वरुण ने किए रिपोस्ट

राजनीतिक सूत्र बताते हैं कि वरुण की पहली पसंद भाजपा के टिकट पर ही चुनाव लड़ने की है। हाल ही में वरुण गांधी पीएम के एक्स पर कई पोस्ट को अपने अकाउंट से रिपोस्ट भी कर चुके हैं। इससे भी उनकी मंशा को समझा जा सकता है। पूरे देश में मां-बेटे के एक साथ भाजपा से लोकसभा सांसद होने का उदाहरण मेनका और वरुण ही हैं। एक कयास यह भी है कि एक परिवार-एक टिकट के फॉर्मूले को भाजपा ने सख्ती से लागू किया गया तो वरुण का पत्ता कट सकता है। बताते हैं कि उस स्थिति में वरुण को इंडिया से भी लड़ने में कोई गुरेज न होगा।

### भाकियू ने सिसौली बुलाई पंचायत, कई राज्यों के किसान प्रतिनिधि होंगे शामिल, आंदोलन की बनेगी रणनीति

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** पंजाब और हरियाणा में किसान आंदोलन का असर पश्चिम यूपी में भी नजर आने लगा है। भारतीय किसान यूनियन ने इसी बीच 17 को सिसौली में पंचायत रखी है। इसमें आसपास के राज्यों के किसान प्रतिनिधि सिसौली की पंचायत में शामिल होंगे। बताया गया कि पंचायत में आंदोलन की रणनीति बनेगी। पंजाब और हरियाणा में किसान आंदोलन का असर पश्चिम यूपी में भी नजर आने लगा है। भाकियू की मासिक पंचायत 17 फरवरी को सिसौली के किसान भवन पर होगी। पंचायत में आसपास के राज्यों के किसान प्रतिनिधि शामिल होंगे और किसान आंदोलन पर भविष्य की रणनीति तैयार की जाएगी। भाकियू प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कहा कि आंदोलनकारी किसानों पर हो रहे जुल्म पर भी किसानों के बीच पहुंचकर मंथन किया जाएगा। भाकियू जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि 16 फरवरी को किसान लॉकडाउन के जरिए भारत बंद का आह्वान संयुक्त किसान मोर्चा ने किया है। किसानों से आह्वान किया गया है कि एक दिन अपने खेत में काम न करें। शांतिपूर्ण तरीके से अपने घर रहें और गांधीवादी तरीके से सरकार के सामने विरोध प्रकट करें। सरकार को किसानों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए। इसके बाद 17 फरवरी को मासिक पंचायत किसान भवन पर बुलाई गई है।

## ज्ञानवापी केस: व्यास तहखाने में पूजा को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित

**इलाहाबाद।** हाईकोर्ट ने व्यास तहखाना में पूजा के अधिकार को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुरक्षित कर लिया है। इसके पहले न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल




की पीठ ने दोनों पक्षों को सुना। वाराणसी स्थित ज्ञानवापी तहखाने में काशी विश्वनाथ मंदिर ट्रस्ट को पूजा की अनुमति देने की जिला जज के आदेश की वैधता की चुनौती अपीलों पर सुनवाई हुई। पिछले सोमवार को भी तकरीबन डेढ़ घंटे चली सुनवाई में मस्जिद पक्ष ने आरोप लगाया था कि हिंदू पक्ष के प्रभाव में आकर जिला जज ने यह आदेश पारित किया। जबकि, मंदिर पक्ष के अधिवक्ता द्वारा इसका विरोध किया गया। कोर्ट ने अपीलार्थी अधिवक्ता के अनुरोध पर अगली सुनवाई की तिथि 15 फरवरी तय की गई थी। इसके पहले सुनवाई शुरू होते ही अपीलार्थी की तरफ से पूरक हलफनामा दाखिल किया गया। आदेश की प्रमाणित प्रति दाखिल की गई। अपील दाखिले का दोष समाप्त कर कोर्ट ने नियमित नंबर देने का आदेश दिया। वादी विपक्षी अधिवक्ता ने धारा 107 की अर्जी दाखिल की, जिसे पत्रावली पर रखा गया था। मस्जिद पक्ष के अधिवक्ता पुनीत गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट की नजीरों के हवाले से तर्क दिया था कि अदालत अंतरिम आदेश से फाइनल रिलीफ नहीं दे सकती। प्रश्नगत मामले में तहखाने में पूजा की अनुमति देकर वस्तुतः सिविल वाद स्वीकार कर लिया है।

## मोदी के काशी में 4 घंटे: दो जनसभा करेंगे प्रधानमंत्री, बांटेंगे पुरस्कार, 10 हजार करोड़ की देंगे सौगात

**वाराणसी , एजेंसी।** पीएम मोदी वाराणसी दौरे पर आने वाले हैं। इसे लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली है। दौरे के दौरान पीएम मोदी 23 फरवरी को सुबह दस बजे अलग-अलग प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करेंगे। साथ ही सीर गोवर्धन में जनसभा भी करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 फरवरी को चार घंटे में तीन कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस बीच दो जनसभाओं को संबोधित करेंगे। साथ ही 10 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। सांसद खेलकूद, ज्ञान और सांस्कृतिक महोत्सव प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करेंगे। प्रधानमंत्री 22 फरवरी की देर रात वाराणसी आ सकते हैं। 23 फरवरी की सुबह दस बजे से उन्हें अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेना है। मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा के मुताबिक,



प्रधानमंत्री सबसे पहले बीएचयू के स्वतंत्रता भवन सभागार जाएंगे। वहां एक घंटे तक रहेंगे।

स्वतंत्रता भवन में अलग-अलग प्रतियोगिता के विजेता और संस्कृत के विद्यार्थियों को सम्मानित करेंगे। बीएचयू के बाद प्रधानमंत्री सीर गोवर्धन जाएंगे। वहां डेढ़ घंटे तक रहेंगे। सीर गोवर्धन में करीब तीस हजार श्रद्धालु आएंगे। पीएम मोदी श्रद्धालुओं को भी संबोधित करेंगे। साथ ही संत रविदास की मूर्ति का अनावरण करेंगे। प्रधानमंत्री सीर गोवर्धन परिसर में करीब डेढ़ घंटे तक रहेंगे, फिर अमूल डेयरी के प्लांट का लोकार्पण करने जाएंगे। करखियांव स्थित में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के साथ ही प्रधानमंत्री जनसभा भी संबोधित करेंगे। इससे पहले छह हजार करोड़ से ज्यादा की परियोजनाएं बनी थीं, जो अब बढ़कर दस हजार करोड़ रुपये की हो गई है। अब लखनऊ और सुल्तानपुर की कुछ नई परियोजनाओं का लोकार्पण, शिलान्यास होगा।

## गरीबों को कोई नहीं उजाड़ पाएगा : सीएम योगी



**गोरखपुर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उनकी सरकार के रहते कोई भी गरीबों को उजाड़ नहीं पाएगा। किसी ने ऐसा दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई तय है। गरीबों की जमीन तो बचाई ही जाएगी, साथ ही जिन जिन भी जरूरतमंदों को अभी पक्का मकान नहीं मिल पाया है, उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना या मुख्यमंत्री आवास योजना के दायरे में लाकर पक्के आवास की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सीएम योगी ने यह बातें गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान लोगों की समस्याएं सुनते हुए कहीं। इन बातों पर अमल करने को लेकर उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित भी किया। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक खुद पहुंचे। सबकी समस्याओं को सुनते हुए आश्वस्त किया हर समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण किया जाएगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 500 लोगों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। सरकार किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने देने और हर व्यक्ति के जीवन में खुशहाली लाने को संकल्पित है।

सीएम योगी ने कहा कि राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। साथ ही जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को कड़ा कानूनी सबक सिखाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी दबंग, माफिया, अपराधी किसी की जमीन पर कब्जा न करने पाए।

सीएम ने कहा कि अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें और हर पीड़ित की समस्या का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। इलाज में आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे लोगों को सीएम ने भरोसा दिलाया कि पैसे के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकने पाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराकर शासन को उपलब्ध कराएं। शासन से इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।



### ठाकुर धीर सिंह की प्रतिमा का हुआ अनावरण, अतिथियों ने माल्यार्पण कर किया नमन

**मुजफ्फरनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में वीर योद्धा ठाकुर धीर सिंह की प्रतिमा का अनावरण आज रोनी हरजीपुर गांव में भव्य तरीके किया गया। ठाकुर धीर सिंह संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने अतिथियों के लिए तैयारी पहले ही पूरी कर ली थी।

बघरा आश्रम के संस्थापक यशवीर महाराज देर रात तक युवाओं से हवन कुंड बनवाने में जुटे रहे। गुरुवार सुबह क्षेत्रीय नेताओं व प्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रतिमा का अनावरण किया गया। बता दें कि शासन से निजी जमीन पर सम्राट पृथ्वी राज चौहान के सेनापति रहे ठाकुर धीर सिंह की प्रतिमा लगाने की अनुमति मिलने के बाद क्षेत्रवासी उत्साहित हैं। पिछले साल जून महीने में प्रतिमा लगाने को लेकर प्रशासन से टकराव हो गया था। प्रतिमा लगाने के लिए किसान सहदेव ने भूमि दान दी थी। ब्लॉक प्रमुख अक्षय पुंडीर ने बताया यह पूरे समाज का कार्यक्रम है। वक्ता किसी राजनैतिक दल के बारे में कोई चर्चा नहीं करेगा। कोई मुख्य अतिथि नहीं होगा। आगंतुक मेहमान सिर्फ पुष्पांजलि अर्पित कर रहे हैं। भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण राणा ने बताया प्रतिमा अनावरण होने के उपरांत प्रसाद वितरण होगा। धीर सिंह के आदर्श और गौरव गाथा के बारे में गोष्ठी होगी।

## आईटीआई: प्रशिक्षित युवाओं को अब अपने ही जिले में मिलेगी नौकरी, अलग-अलग जिलों में होगा 100 करोड़ का निवेश

**लखनऊ , एजेंसी।** राजधानी लखनऊ में टाटा टेक्नोलॉजी 4174 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। वहीं, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, बरेली, लखीमपुर खीरी व मेरठ में करीब 100 करोड़ का निवेश किया जाएगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास के तहत प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) से प्रशिक्षित युवाओं को अब रोजगार के लिए भटकना नहीं होगा। आईटीआई कोर्स के साथ उन्हें अपने ही जिले में नौकरी मिलेगी। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी समझौता के तहत टाटा टेक्नोलॉजी लखनऊ में 4174 करोड़ का निवेश करेगी। आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, मथुरा, मऊ, बरेली, लखीमपुर खीरी व मेरठ में होने वाले निवेश को जोड़ दिया जाए तो यह आंकड़ा 4266 करोड़ रुपये पहुंच जाएगा। समझौता के तहत 30 निजी कंपनियां एक साथ करीब एक हजार प्रशिक्षित युवाओं को नौकरी देंगी। प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय के मुताबिक आईटीआई प्रशिक्षित युवाओं के लिए यह पहला मौका है, जब उन्हें अपने ही जिले में नौकरी




मिलेगी। राजधानी को छोड़ दिया जाए तो अन्य आठ जिलों में एक करोड़ से 10 करोड़ रुपये तक का निवेश होगा। पहले चरण में राजधानी में प्रशिक्षित 450 युवाओं को विभिन्न पदों पर नौकरी मिलेगी। वहीं अन्य आठ जिलों से प्रशिक्षित 20-20 युवाओं को रोजगार मिलेगा। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग ने प्रशिक्षण और रोजगार के लिए 30 निजी कंपनियों के साथ मिलकर जीबीसी ज्ञापन समझौता तैयार किया है। विभाग के अनुसार आगरा में करीब 17 करोड़ का निवेश होगा। फिरोजाबाद में 16 करोड़ से अधिक का निवेश, मैनपुरी में करीब 32 करोड़ का निवेश, मेरठ व मथुरा में 10-10 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश होगा।

वहीं, बरेली में छह करोड़, मऊ और लखीमपुर खीरी में एक-एक करोड़ का निवेश होने जा रहा है। आगरा में आठ निजी कंपनियां निवेश करेंगी। फिरोजाबाद में पांच, मैनपुरी में आठ, मथुरा में चार, मऊ, बरेली, लखीमपुर खीरी व मेरठ में एक-एक कंपनी निवेश करेगी।

### नई तकनीक के साथ बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

प्रशिक्षण एवं सेवायोजन विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल वर्मा का कहना है कि टाटा सहित बड़ी निजी कंपनियों के निवेश से युवाओं को नई तकनीक आधारित शिक्षा मिल सकेगी। इससे उनको रोजगार के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। वहीं निजी कंपनियों में न केवल रोजगार मिलेगा, बल्कि आवश्यकता के अनुसार युवाओं को ट्रेनिंग भी दी जाएगी।

## सपा-कांग्रेस गठबंधन: अपनी पसंद की सीटें छोड़ने को राजी नहीं कांग्रेस, इन सीटों की जिद में बढ़ रही है तल्खी

**लखनऊ, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा सीटों को लेकर सपा और कांग्रेस के बीच संशय बरकरार है। कांग्रेस अपनी प्रथम वरीयता वाली सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है, जबकि सपा इन सीटों पर उम्मीदवार उतार चुकी है। ऐसे में गठबंधन में दरार पड़ती दिख रही है। हालांकि दोनों पार्टी के नेता जल्द ही सीट का मसला सुलझाने का दावा कर रहे हैं, लेकिन अंदरखाने हालात विपरीत है। प्रदेश की 80 सीटों को कांग्रेस ने वरीयता के आधार पर तीन श्रेणी में बांटा है। पहली प्राथमिकता में उन सीटों को रखा है, जिसमें 2009 और 2014 में कांग्रेस विजेता रही है। साथ ही पिछले वर्ष नगर निकाय के चुनाव में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सीटों को भी वह अपनी प्राथमिकता में शामिल कर रही है। इस तरह पहली प्राथमिकता की 30 सीटों पर दावा किया।



सीट निर्धारित करने के लिए बनी कमेटी की दो दौर की बातचीत भी हो चुकी है। पहले कांग्रेस और सपा ने हर सीट पर दो- दो उम्मीदवारों के नाम रखे। सूत्रों का कहना है कि सपा की ओर से कांग्रेस को करीब 20 सीटें दी जा रही हैं, लेकिन इसमें उसकी पहली प्राथमिकता वाली सीटों की संख्या सिर्फ पांच से सात ही हो रही है। अन्य उन सीटों को देने की पहल की गई है, जिन पर कांग्रेस का न तो जनाधार है और न ही संगठनात्मक तैयारी है। ऐसे में कांग्रेस ने इन सीटों को लेने से इन्कार कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी, ईमेल मिलने के बाद पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा




**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। हाई कोर्ट को बम से उड़ाने की यह धमकी एक ईमेल के जरिए दी गई है। इस ईमेल के मिलने के बाद से हड़कंप मच गया है। बताया जा रहा है कि दिल्ली हाई कोर्ट की सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अदालत को बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल अथॉरिटी को मिला जिसके बाद यहां सुरक्षा काफी बढ़ा दी गई है। हालांकि, धमकी भरा यह ईमेल किसने भेजा है अभी इसे लेकर संशय बना हुआ है। फिलहाल एहतियात के तौर पर दिल्ली हाई कोर्ट की सुरक्षा में इजाफा कर दिया गया है। धमकी भरे इस ईमेल की भी गहन छानबीन की जा रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि बुधवार को हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को धमकी भरा यह ईमेल मिला था। यह ईमेल बलवंत देसाई के नाम से लिखा गया था। इस ईमेल में कहा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट में धमाका गुरुवार को होगा। इस ईमेल में लिखा गया है, 15/02/2024 को बम से उड़ाऊंगा। देख लेना यह धमाका दिल्ली में सबसे बड़ा धमाका होगा। जितनी हो सके उतनी सुरक्षा लगा लो, सभी मंत्रियों को भी बुलाओ, एक साथ उड़ेंगे। इस ईमले के बाद पुलिस-प्रशासन ने इसपर कार्रवाई करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट और उसके आसपास सुरक्षा बढ़ा दी है। ईमेल की जांच की जा रही है। दिल्ली हाई कोर्ट में सुरक्षा ड्रिल भी की गई है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस नजर रख रही है। दिल्ली हाई कोर्ट के साथ-साथ जिला अदालतों की भी सुरक्षा बढ़ाई गई है।

### इंडिया गठबंधन जल्द ही खत्म हो जाएगा, इसके नेता अकेले चलेंगे : गोवा के मंत्री

**पणजी, एजेंसी।** भाजपा नेता और गोवा के पर्यटन मंत्री रोहन खौंटे ने बुधवार को कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर स्पष्ट रूप से कटाक्ष करते हुए कहा कि इंडिया गठंधन जल्द ही खत्म हो जाएगा और इसके नेता को अकेले चलना होगा। उत्तरी गोवा में पार्टी बैठक में खौंटे ने भरोसा जताया कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में 400 से अधिक सीटें जीतेगी। उन्होंने कहा, मैंने चार महीने पहले कहा था कि भारत जल्द ही खत्म हो जाएगा। वैसा ही हुआ है। एक-एक कर गठबंधन के साथी गठबंधन से बाहर होते जा रहे हैं। यह फरवरी है, और मार्च तक उन्हें (राहुल गांधी को) अकेले चलना पड़ सकता है। गोवा के इंडिया गठबंधन में शामिल राजनीतिक दलों के बारे में खौंटे ने कहा कि वे सभी सीटें साझा करने के बारे में अपने-अपने फैसले ले रहे हैं।

### बिना साड़ी वाली देवी सरस्वती की मूर्ति पर बवाल, त्रिपुरा में खूब हंगामा

**अगरतला, एजेंसी।** त्रिपुरा के एक सरकारी कॉलेज में बसंत पंचमी का उत्सव हंगामे और उपद्रव में तब्दील हो गया। यहां कार्यक्रम में देवी सरस्वती की जो मूर्ति लगाई गई थी, उसे साड़ी नहीं पहनाई गई थी। इसे भद्दा और आपत्तिजनक बताते हुए छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जमकर हंगामा किया। इस पूरे विवाद ने तब जोर पकड़ा, जब सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ। इसमें देवी सरस्वती को बिना परंपरागत साड़ी के दिखाया गया था। इससे छात्र संगठनों का गुस्सा फूट पड़ा। उनके साथ ही बजरंग दल के कार्यकर्ता भी उतर आए और आयोजकों के खिलाफ आंदोलन करने लगे। इस विरोध की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने यह कहते हुए की थी कि मूर्ति को भारतीय परंपरा वाली साड़ी न पहनाना बेहूदगी है। त्रिपुरा में एबीवीपी के महासचिव दिबाकर आचार्जी ने कहा कि इस रूप में देवी सरस्वती को प्रस्तुत करना बेहद आपत्तिजनक है। उन्होंने कहा कि हम सभी को पता है कि पूरे देश में देवी सरस्वती की मान्यता है।

# प्रधानमंत्री मोदी 16 फरवरी को 'विकसित भारत विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को करेंगे संबोधित

**प्रधानमंत्री राजस्थान में 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, राष्ट्र को समर्पित और शिलान्यास करेंगे**

- **सभी परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की हैं**
- **इन परियोजनाओं का शुभारंभ राजस्थान की आधारभूत अवसंरचना परिदृश्य को बदलने तथा प्रगति और विकास के अवसर पैदा करने के प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों को करता है रेखांकित**



विशेष संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी, 2024 को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'विकसित भारत विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यक्रम के दौरान 17,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, राष्ट्र को समर्पित करेंगे और आधारशिला रखेंगे। ये परियोजनाएं सड़क, रेलवे, सौर ऊर्जा, विद्युत ट्रांसमिशन, पेयजल तथा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित हैं। प्रधानमंत्री राजस्थान में 5000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री 8-लेन दिल्ली-मुंबई ग्रीन फील्ड अलाइनमेंट (एनई-4) के तीन पैकेजों अर्थात बौंली-झालाई रोड से मुई विलेज सेक्शन; हरदेवगंज गांव से मेज नदी सेक्शन; और तकली से राजस्थान/मध्य प्रदेश सीमा तक का सेक्शन का उद्घाटन करेंगे। ये सेक्शन क्षेत्र में तेज और बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेंगे। ये सेक्शन वन्यजीवों के निर्बाध आवागमन को सुविधाजनक बनाने के लिए छलावरण के साथ पशु अंडरपास और पशु ओवरपास से लैस हैं। इसके अतिरिक्त, वन्यजीवों पर ध्वनि प्रभाव को कम से कम करने के लिए ध्वनि अवरोधकों का भी प्रावधान किया गया है। प्रधानमंत्री काया गांव में एनएच-48 के दक्षिणपुर-शामलाजी सेक्शन के साथ देबारी में एनएच-48 के चित्तौड़गढ़-उदयपुर राजमार्ग खंड को जोड़ने वाले 6-लेन ग्रीनफील्ड उदयपुर बाईपास का भी उद्घाटन करेंगे। यह बाईपास उदयपुर शहर की भीड़भाड़ कम करने में सहायक होगा। प्रधानमंत्री कई अन्य परियोजनाओं का भी उद्घाटन करेंगे जो राजस्थान के झुंझुनू, आबू रोड और टोंक जिलों में सड़क आधारभूत अवसंरचना में सुधार करेंगी। प्रधानमंत्री क्षेत्र में रेल अवसंरचना को मजबूत करते हुए लगभग 2300 करोड़ रुपये की राजस्थान की आठ महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं राष्ट्र को समर्पित करेंगे और उनकी आधारशिला रखेंगे।

जिन रेल परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया जाएगा उनमें जोधपुर-राय का बाग-मेड़ता रोड-बीकानेर सेक्शन (277 किलोमीटर); जोधपुर-फलोदी सेक्शन (136 किमी) और बीकानेर-रतनगढ़-सादुलपुर-रेवाड़ी सेक्शन (375 किमी) सहित रेल मार्गों के विद्युतीकरण के लिए विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं। प्रधानमंत्री 'खातीपुरा रेलवे स्टेशन' को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। इस रेलवे स्टेशन को जयपुर के लिए एक सेटेलाइट स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है और यह 'टर्मिनल सुविधा' से लैस है जहां ट्रेनें शुरू और समाप्त हो सकती हैं। प्रधानमंत्री जिन रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे उनमें भगत की कोठी (जोधपुर) में वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों की रखरखाव सुविधा; खातीपुरा (जयपुर) में वंदे भारत, एलएचबी आदि सभी प्रकार के रेकों का रखरखाव; हनुमानगढ़ में ट्रेनों के रखरखाव के लिए कोच केयर कॉम्प्लेक्स का निर्माण; और बांदीकुई से आगरा फोर्ट रेल लाइन का दोहरीकरण हैं। रेलवे क्षेत्र की परियोजनाओं का उद्देश्य रेल अवसंरचना का आधुनिकीकरण, सुरक्षा उपायों को बढ़ाना, कनेक्टिविटी में सुधार करना तथा माल और लोगों की आवाजाही को अधिक कुशलता के साथ सुविधाजनक बनाना है। प्रधानमंत्री क्षेत्र में नवीकरणीय ऊर्जा के उत्पादन को बढ़ावा देने के एक कदम के रूप में राजस्थान में लगभग 5300 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण सौर परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे और राष्ट्र को समर्पित करेंगे। प्रधानमंत्री राजस्थान के बीकानेर जिले में बरसिंगसर थर्मल पावर स्टेशन के आसपास स्थापित होने वाली 300 मेगावाट की सौर ऊर्जा परियोजना एनएलसीआईएल बरसिंगसर सौर परियोजना की आधारशिला रखेंगे। सौर परियोजना को आत्मनिर्भर भारत के अनुरूप स्वदेशी उच्च दक्षता वाले बाइफेशियल मॉड्यूल के साथ नवीनतम अत्याधुनिक तकनीक के साथ स्थापित किया जाएगा। वह केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यम (सीपीएसयू) योजना चरण-2 (भाग-3) के तहत एनएचपीसी लिमिटेड की 300 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे, जिसे बीकानेर राजस्थान में विकसित किया जाएगा। प्रधानमंत्री बीकानेर, राजस्थान में विकसित 300 मेगावाट की एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड नोखरा सोलर पीवी परियोजना भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। सौर परियोजनाएं हरित ऊर्जा उत्पन्न करेंगी, कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को ऑफसेट करने में मदद करेंगी और क्षेत्र के आर्थिक विकास का नेतृत्व करेंगी। प्रधानमंत्री राजस्थान में 2100 करोड़ रुपये से अधिक की विद्युत ट्रांसमिशन क्षेत्र की परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित करेंगे। ये परियोजनाएं राजस्थान में सौर ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली की निकासी के लिए हैं ताकि इन क्षेत्रों में उत्पादित सौर ऊर्जा को लाभार्थियों तक पहुंचाया जा सके। परियोजनाओं में चरण-II भाग ए के अंतर्गत राजस्थान (8.1 जीडब्ल्यू) में सौर ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण योजना; चरण-II भाग-बी के अंतर्गत राजस्थान (8.1 जीडब्ल्यू) में सौर ऊर्जा क्षेत्रों से बिजली की निकासी के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम सुदृढ़ीकरण योजना; और बीकानेर (पीजी), फतेहगढ़-II और भादला- II में आरई परियोजनाओं को कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए ट्रांसमिशन सिस्टम हैं।

प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत परियोजनाओं सहित लगभग 2400 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे, जिसका उद्देश्य राजस्थान में स्वच्छ पेयजल प्रदान करने के लिए अवसंरचना को मजबूत बनाना है। ये परियोजनाएं देश भर में व्यक्तिगत घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से स्वच्छ पेयजल प्रदान करने के प्रधानमंत्री के समर्पण को दिखाती हैं। प्रधानमंत्री जोधपुर में इंडियन ऑयल के एलपीजी बॉटलिंग प्लांट को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। संचालन और सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक अवसंरचना और स्वचालन प्रणाली के साथ बॉटलिंग प्लांट से रोजगार सृजन होगा और इस क्षेत्र में लाखों उपभोक्ताओं की एलपीजी जरूरतों को पूरा करेगा। राजस्थान में इन विकास परियोजनाओं का शुभारंभ राजस्थान की अवसंरचना परिदृश्य को बदलने तथा प्रगति और विकास के अवसर पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री के अथक प्रयासों को रेखांकित करता है। यह कार्यक्रम राजस्थान के सभी जिलों में लगभग 200 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। मुख्य कार्यक्रम जयपुर में होगा। राज्यव्यापी कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाखों लाभार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री, राजस्थान सरकार के अन्य मंत्री, सांसद, विधायक और स्थानीय स्तर के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे।

**प्रधानमंत्री 16 फरवरी को रेवाड़ी दौरे पर जाएंगे**

## प्रधानमंत्री कुरूक्षेत्र के ज्योतिसर में नवनिर्मित 'अनुभव केंद्र' का करेंगे उद्घाटन

- **प्रधानमंत्री 9750 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, समर्पण और शिलान्यास करेंगे**
- **प्रधानमंत्री गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखेंगे**
- **प्रधानमंत्री एम्स रेवाड़ी की आधारशिला रखेंगे**

विशेष संवाददाता

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 फरवरी, 2024 को रेवाड़ी, हरियाणा का दौरा करेंगे। दोपहर लगभग 1 बजकर 15 मिनट पर, प्रधानमंत्री शहरी परिवहन, स्वास्थ्य, रेल और पर्यटन क्षेत्र से संबंधित 9750 करोड़ रुपये से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे और आधारशिला रखेंगे। प्रधानमंत्री करीब 5450 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाली गुरुग्राम मेट्रो रेल परियोजना की आधारशिला रखेंगे। 28.5 किलोमीटर की कुल लंबाई वाली इस परियोजना में मिलेनियम सिटी सेंटर को उद्योग विहार चरण-5 से जोड़ा जाएगा और साइबर सिटी के पास मौलसारी एवेन्यू स्टेशन पर रैपिड मेट्रो रेल गुरुग्राम के मौजूदा मेट्रो नेटवर्क में इसे मिला दिया जाएगा। द्वारका एक्सप्रेसवे पर भी इसका विस्तार होगा। यह परियोजना नागरिकों को विश्व स्तरीय पर्यावरण-अनुकूल व्यापक तीव्र शहरी परिवहन प्रणालियां प्रदान करने के प्रधानमंत्री के विज़न को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। देश भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रधानमंत्री के विज़न के अनुरूप, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रेवाड़ी, हरियाणा की आधारशिला रखी जा रही है। इस पर लगभग 1650 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इसे रेवाड़ी के गांव माजरा मुस्तिल भालखी में 203 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा। इसमें 720 बिस्तरों वाला अस्पताल परिसर, 100 सीटों वाला मेडिकल कॉलेज, 60 सीटों वाला नर्सिंग कॉलेज, 30 बिस्तरों वाला आयुष ब्लॉक, संकाय तथा कर्मचारियों के लिए आवासीय सुविधा, यूजी तथा पीजी छात्रों के लिए छात्रावास, रैन बसेरा, गेस्ट हाउस, सभागार आदि सहित कई सुविधाएं होंगी। प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत स्थापित किया जा रहा है।

एम्स रेवाड़ी हरियाणा के लोगों को व्यापक और गुणवत्तापूर्ण तथा समग्र तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेगा। वहां बनने वाली सुविधाओं में कार्डियोलॉजी, गैस्ट्रो-एंटरोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, यूरोलॉजी, न्यूरोलॉजी, न्यूरोसर्जरी, मेडिकलऑन्कोलॉजी, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी, एंडोक्रिनोलॉजी, बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी सहित 18 स्पेशलिटी और 17 सुपर स्पेशलिटी में रोगी देखभाल सेवाएं शामिल हैं। इस संस्थान में गहन देखभाल इकाई, आपातकालीन और ट्रॉमा इकाई, सोलह मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर, नैदानिक प्रयोगशालाएं, ब्लड बैंक, फार्मेसी आदि की सुविधाएं भी होंगी। हरियाणा में एम्स की स्थापना हरियाणा के लोगों के लिए व्यापक, गुणवत्तापूर्ण और समग्र तृतीयक देखभाल स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में एक बड़ी उपलब्धि है। प्रधानमंत्री कुरुक्षेत्र के ज्योतिसर में नवनिर्मित अनुभव केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इस अनुभवात्मक संग्रहालय को लगभग 240 करोड़ की लागत से बनाया गया है। यह संग्रहालय 17 एकड़ में फैला है, जिसमें 100,000 वर्ग फुट से अधिक इनडोर जगह है। यह महाभारत की महाकाव्य कथा और गीता की शिक्षाओं को जीवंत करेगा। यह संग्रहालय आगंतुकों को जबर्दस्त अनुभव कराने के लिए संवर्धित वास्तविकता (एआर), 3डी लेजर और प्रोजेक्शन मैपिंग सहित अत्याधुनिक तकनीक का भी लाभ उठाता है। कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर वह पवित्र स्थल है जहां भगवान कृष्ण ने अर्जुन को भगवद गीता का शाश्वत ज्ञान प्रदान किया था। प्रधानमंत्री कई रेलवे परियोजनाओं का शिलान्यास और राष्ट्र को समर्पित भी करेंगे। जिन रेल परियोजनाओं की आधारशिला रखी जाएगी उनमें रेवाड़ी-काठुवास रेल लाइन (27.73 किलोमीटर) का दोहरीकरण; काठूवास-नारनौल रेल लाइन (24.12 किमी) का दोहरीकरण; भिवानी-डोभ भाली रेल लाइन (42.30 किमी) का दोहरीकरण; और मानहेरू-बवानी खेड़ा रेल लाइन (31.50 किमी) का दोहरीकरण शामिल है। इन रेलवे लाइनों के दोहरीकरण से क्षेत्र में रेल बुनियादी ढांचे में वृद्धि होगी और यात्री रेल तथा मालगाड़ियों दोनों को समय पर चलाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री रोहतक-महम-हांसी रेल लाइन (68 किलोमीटर) राष्ट्र को समर्पित करेंगे, जिससे रोहतक और हिसार के बीच यात्रा का समय कम हो जाएगा। प्रधानमंत्री रोहतक-महम-हांसी खंड में ट्रेन सेवा को भी हरी झंडी दिखाएंगे, जिससे रोहतक और हिसार क्षेत्र में रेल कनेक्टिविटी में सुधार होगा और रेल यात्रियों को लाभ होगा।

अवधारणा को सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने के लिए पूरे समाज को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने महिलाओं में शिक्षा एवं कौशल विकास को बढ़ावा दिए जाने पर बल दिया जिससे महिलाएं देश और दुनिया की प्रगति में बराबर की भागीदार बन सकें। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में महिलाएं अग्रणी भूमिका निभाएंगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सफलता के बल पर ही भारत के उवल भविष्य का निर्माण होगा। राष्ट्रपति ने कहा कि हम भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए संकल्पबद्ध हैं। हमारा देश तभी आत्मनिर्भर हो सकता है, जब हमारी हर इकाई आत्मनिर्भर होगी। उन्होंने आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए स्वयं सहायता समूहों और उससे जुड़े सभी लोगों की सराहना की। उन्होंने इस पर प्रसन्नता व्यक्त की कि स्वयं सहायता समूह अपनी सदस्यों को कार्यशील पूंजी प्रदान करने के साथ-साथ मानव पूंजी और सामाजिक पूंजी के निर्माण में भी सराहनीय भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश भर में 3 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का संकल्प लिया है। उनके संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्य सरकार ने प्रदेश की 11 लाख 27 हजार महिलाओं को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध रूप से लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य तय किया है। उन्होंने कहा कि इनमें 2.80 लाख महिलाएं लखपति दीदी की श्रेणी में आ भी चुकी हैं।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान की नारी साहस और बलिदान का प्रतीक रही हैं। पन्नाधाय ने अपने बेटे का बलिदान देकर मिसाल कायम की थी। कालीबाई भील ने भी अपने गुरु के लिए प्राणों का बलिदान दिया था।

### नकली डॉक्टर बनकर आरएमएल में घूम रहा था युवक, असली से सामना हुआ तो खुली पोल; पहुंचा जेल

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) से पुलिस ने 24 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया है जो खुद को डॉक्टर बताकर अस्पताल में घूम रहा था। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध की पहचान बुराड़ी निवासी आशुतोष त्रिपाठी के तौर पर की है। पुलिस को मंगलवार को आरएमएल अस्पताल के सर्जरी विभाग के एक वरिष्ठ रेजिडेंट डॉक्टर से शिकायत मिली थी। शिकायतकर्ता ने दावा किया कि सर्जरी इमरजेंसी विभाग में एक व्यक्ति स्टेथेस्कोप पहने हुए था और खुद को डॉक्टर बता रहा था।

आरोपी के बैग में डॉक्टर का कोट भी था। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो जालसाज को उनके हवाले कर दिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि सीनियर रेजिडेंट (सर्जरी विभाग) राहुल धमीजा द्वारा दी गई एक शिकायत के आधार पर त्रिपाठी के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 170 (एक लोक सेवक का रूप धारण करना) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब अस्पताल अधिकारियों ने त्रिपाठी से पूछताछ की, तो उसने पहले खुद को एक डॉक्टर और बाद में मेडिकल छात्र बताया। उसकी योग्यता पर संदेह होने पर अस्पताल ने पुलिस को इसकी जानकारी दी। पूछताछ के दौरान, उसने पुलिस को बताया कि वह मेडिकल प्रवेश परीक्षा, एनईईटी की तैयारी कर रहा है और पिछले साल परीक्षा दी थी लेकिन उसमें सफल नहीं हो सका। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह डॉक्टर का कोट पहनने को लेकर उत्साहित था। हालांकि वह यह नहीं बता पाया कि उसे कोट और स्टेथेस्कोप कहां से मिले।

### बालाजी और नमाज पढ़ने के नाम पर स्कूल नहीं छोड़ सकेंगे, शिक्षकों पर पाबंदी लगाने की तैयारी

**जयपुर, एजेंसी।**
राजस्थान में भजनलाल के शिक्षामंत्री मदन दिलावर ने साफ कहा है कि कोई बालाजी पूजने के नाम पर कोई भेरुजी पूजन के नाम पर तो कोई नमाज पढ़ने के नाम पर शिक्षक स्कूल से नदारद नहीं रह सकते। ऐसे में अब स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएंगे कि स्कूल टाइम में कोई भी शिक्षक किसी भी बहाने से स्कूल छोड़कर न जाए। यदि वो जाएगा तो उसे पूरे दिन की छुट्टी लेनी पड़ेगी। यदि कोई शिक्षक लगातार ऐसा करता पाया गया तो उसकी एब्सेंट मार्क की जाएगी। मदन दिलावर के मुताबिक स्कूलों में लगातार औचक निरीक्षण करने के दौरान सामने आई स्थिति को मद्देनजर रखते हुए बुधवार को उन्होंने इस संबंध में जल्द आदेश जारी करने की बात कही। साथ ही कहा कि कष्ट होता है कि सूर्य भगवान का विरोध करने वाले भी इस धरती पर पैदा हो रहे हैं।

शिक्षा मंत्री ने बालिका शिक्षा प्रोत्साहन व पाठ्य पुस्तक मंडल स्वर्ण जयंती समारोह में मंच से शिक्षकों को चेतावनी देते हुए कहा कि कई शिक्षक मस्जिद जाने के नाम पर, नमाज पढ़ने के नाम पर कई-कई घंटे गायब रहते हैं। इससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। ऐसे में अब जल्द ऐसे आदेश जारी किए जाएंगे कि कोई भी अध्यापक बालाजी, भेरुजी पूजन के नाम पर, देवी-देवता पूजने के नाम पर या नमाज पढ़ने के नाम पर अपना विद्यालय नहीं छोड़ेगा। अगर छोड़ना है तो पूरे दिन की छुट्टी लेनी पड़ेगी. उन्होंने कहा कि वो किसी पूजा-पाठ के विरोधी नहीं है, लेकिन पूजा पाठ का एक समय होता है. उस समय आराधना



कीजिए, लेकिन शिक्षक विद्यालय के समय में कटौती करके जा रहे हैं। ये ठीक नहीं होगा।

सूर्य सप्तमी यानी 15 फरवरी को सभी से 10:30 बजे से 11 बजे के बीच सूर्य नमस्कार करने का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि वो खुद जयपुर चौगान स्टेडियम में सूर्य नमस्कार करेंगे। इस दिन सभी छात्रों को स्कूल आना ही चाहिए, क्योंकि सूर्य भगवान की आराधना या सूर्य नमस्कार किसी मजहब से जुड़ा हुआ नहीं है।

## दिल्ली विधानसभा में एलजी के अभिभाषण पर भाजपा का हंगामा

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
दिल्ली विधानसभा में सत्र के पहले ही दिन जमकर हंगामा हुआ है। दिल्ली विधानसभा का बजट सत्र गुरुवार से शुरू हुआ लेकिन बजट सत्र के शुरूआत में ही भाजपा विधायकों ने विधानसभा में जमकर हंगामा किया है। दरअसल बजट सत्र की शुरुआत उप राज्यपाल के अभिभाषण से होती है। विधानसभा में जैसे ही एलजी ने अपना अभिभाषण शुरू किया वैसे ही भाजपा विधायकों ने हंगामा शुरू कर दिया। हंगामे को देखते हुए दो विधायकों अजय महावर और वीजेंद्र गुप्ता को मार्शलों के जरिए विधासनभा से बाहर कर दिया गया।

इससे पहले सदन के स्पीकर विनय कुमार गोयल ने एलजी का सदन में स्वागत करते हुए अभिभाषण के लिए आमंत्रित किया। उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अपने अभिभाषण के दौरान कहा, जनता के प्रति अपनी



प्रतिबद्धता के तहत मेरी सरकार दिल्ली को एक विश्वस्तरीय शहर बनाने के लिए समर्पण और ईमानदारी के साथ विकास करने का प्रयास कर रही है।

राष्ट्रीय राजधानी के नाते दिल्ली ने विभिन्न सामाजिक, आर्थिक समेत विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। दिल्ली की आर्थिक विकास संतोषनजनक है। राष्ट्रीय औसत की तुलना में दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय लगभग 2.6 फीसदी ज्यादा है और राजस्व सर प्लस है।

इसके बाद उप राज्यपाल ने कहा कि दिल्ली का सकल घरेलू उत्पादन भी बढ़ा है। 2023-2024 के 78 हजार 800 करोड़ रुपये के बजट में से 43 हजार 700 करोड़ रुपये विकास योजनाएं एंव पूंजीगत विकास कार्यों के लए आवंटित हैं। इसी दौरान विधानसभा के अंदर हंगामा शुरू हुआ। भाजपा विधायक वीजेंद्र गुप्ता ने उप राज्यपाल के अभिभाषण के बीच में ही बोलना शुरू किया। जिसपर पहले स्पीकर ने भाजपा विधायक का नाम लेते हुए उनसे ऐसा ना करने के लिए कहा। इसके बाद सदन में लगातार हंगामा शुरू हुआ। स्पीकर ने वीजेंद्र गुप्ता से कहा कि यह अशोभनीय है। एलजी के अभिभाषण में खलल डालना अशोभनीय है। स्पीकर के बार-बार मना करने के बावजूद विधानसभा में हंगामा जारी रहा। स्पीकर ने बार-बार वीजेंद्र गुप्ता को बैठने के लिए कहा लेकिन सदन के अंदर हंगामा जारी रहा। एलजी ने अपना अभिभाषण पढ़ने की जब दोबारा कोशिश की तो फिर हंगामा होने लगा।

### दिल्ली-एनसीआर, उप्र से उत्तराखंड आना होगा महंगा, फास्टैग की तर्ज पर इतना लगेगा ग्रीन सेस

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्रालय ने फास्टैग के साथ ग्रीन सेस की कटौती के प्रस्ताव पर सहमति दे दी। परिवहन सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने इसकी पुष्टि की। मंगलवार को परिवहन सचिव ने बताया कि ग्रीन सेस को फास्टैग से जोड़ने के लिए पिछले कुछ समय से केंद्र से पत्राचार जारी था।

केंद्र ने इसकी सहमति दे दी है। ग्रीन सेस को फास्टैग से जोड़ने के लिए सिस्टम तैयार किया जा रहा है।सरकार ने राज्य में बाहर से आने वाले निजी और कामर्शियल वाहनों पर हिमाचल की तर्ज पर टैक्स लगाने का निर्णय किया है।

इसे ग्रीन सेस नाम दिया गया है और नौ फरवरी को इसे लागू करने की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। सूत्रों के अनुसार सरकार फास्टैग से ग्रीन सेस कटौती के सिस्टम को सरकार चारधाम यात्रा सीजन शुरू होने से पहले पहले हर हाल में लागू करना चाहती है। चारधाम यात्रा के दौरान लाखों निजी और कामर्शियल वाहन वाहन उत्तराखंड आते हैं। महज 20 से 80 रुपये तक ग्रीन सेस होने से यात्रियों पर इसका ज्यादा असर भी नहीं पड़ेगा, लेकिन राज्य के राजस्व के लिहाज से यह रकम कम नहीं है। ग्रीन सेस को लागू करने के लिए तैयारियों भी जोरों पर की जा रहीं है। परिवहन अधिकारियों के अनुसार अकेले ग्रीन सेस ही राज्य को 40 करोड़ रुपये से अधिक की आमदनी होने की उम्मीद है। ग्रीन सेस को लेकर फास्टैग व्यवस्था ही उपयुक्त है। केंद्र सरकार के निर्देश पर राज्य से सभी चेकपोस्ट को समाप्त किया जा चुका है। फास्टैग सिस्टम तैयार

# हैमिल्टन टेस्ट में न्यूजीलैंड को 267 का टारगेट

**● डेविड बेडिंघम का शतक, साउथ अफ्रीका 235 पर ऑलआउट, कीवी टीम 40/1**



**हैमिल्टन, एजेंसी।** हैमिल्टन के सेडन पार्क में दूसरा टेस्ट जीतने के लिए न्यूजीलैंड को 267 रन का टारगेट मिला है। साउथ अफ्रीका दूसरी पारी में 235 रन पर सिमट गया। टीम से डेविड बेडिंघम ने शतक लगाया। तीसरे दिन का खेल खत्म होने न्यूजीलैंड ने भी एक विकेट के नुकसान पर 40 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड से तेज गेंदबाज विलियम ओरूर्क ने सबसे ज्यादा 5 विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स 2 विकेट झटके। वहीं एक-एक सफलता रचिन रवींद्र, मैट हेनरी और नील वैगनर को भी मिलीं। हैमिल्टन के सेडन पार्क स्टेडियम में पहली पारी में साउथ अफ्रीका ने 242 और न्यूजीलैंड ने 211 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड सीरीज में 1-0 से आगे है।

## साउथ अफ्रीका ने तीसरे दिन शुरू की पारी

साउथ अफ्रीका ने अपनी दूसरी पारी के साथ तीसरे दिन की शुरुआत की। टीम ने 10 ओवर में 23 रन के स्कोर तक कोई विकेट नहीं गंवाया। 11वें ओवर में क्लाइड फोर्च्यून 3 रन बनाकर रचिन का शिकार हुए। उनके बाद रेनार्ड वान टोंडर भी एक रन बनाकर पवेलियन लौट गए। नील ब्रांड भी ज्यादा देर नहीं टिक सके। वह 34 रन बनाकर आउट हुए और टीम ने 39 रन के स्कोर पर 3 विकेट गंवा दिए। ओरूर्क ने बाकी 2 विकेट लिए। विलियम ओरूर्क दूसरी पारी में 2 विकेट ले चुके हैं। पहली पारी में उन्होंने 4 विकेट लिए थे।

## हम्जा-बेडिंघम में हुई फिफ्टी पार्टनरशिप

नंबर-4 पर उतरे जुबैर हम्जा ने नंबर-5 के बैटर डेविड बेडिंघम के साथ टीम को संभाला। दोनों ने साउथ अफ्रीका को 100 रन के पार पहुंचाया। हम्जा 17 रन बनाकर आउट हुए और दोनों के बीच 65 रन की पार्टनरशिप टूटी। उन्हें नील वैगनर ने पवेलियन भेजा।

नंबर-6 पर उतरे कीगन पीटरसन टिक गए और उन्होंने बेडिंघम के साथ टीम को 150 रन के पार पहुंचाया। बेडिंघम ने फिफ्टी लगाई।

दूसरे सेशन तक न्यूजीलैंड 217 रन से आगे

दूसरा सेशन खत्म होने तक बेडिंघम 88 और पीटरसन 33 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम का स्कोर 53 ओवर में 4 विकेट पर 186 रन रहा। पहली पारी में 31 रन की बढ़त के कारण टीम की कुल बढ़त 217 रन की हो गई।

## दूसरे दिन न्यूजीलैंड ऑलआउट

हैमिल्टन टेस्ट के दूसरे दिन साउथ अफ्रीका ने पहली पारी में 242 रन बनाए। न्यूजीलैंड ने अपनी पारी शुरू की और टीम दिन का खेल खत्म होने से पहले ही ऑलआउट हो गई। होम टीम ने पहली पारी में 211 रन बनाए, उनके लिए कोई भी बैटर फिफ्टी नहीं लगा सका।

## पहले दिन साउथ अफ्रीका ने गंवाए 6 विकेट

हैमिल्टन में साउथ अफ्रीका ने मंगलवार को पहले बैटिंग की। टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट के नुकसान पर 220 रन बनाए। न्यूजीलैंड से रचिन रवींद्र ने 3 विकेट लिए। साउथ अफ्रीका से डे स्वार्ट 55 और वॉन बर्ग 34 रन बनाकर नॉटआउट रहे।



इंडिया वर्सेस इंग्लैंड

# रोहित ने रचा इतिहास

**⊙ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय कप्तान बने और धोनी रह गए पीछे**

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने राजकोट टेस्ट मैच की पहली पारी में ना सिर्फ अपने टेस्ट करियर का 11वां शतक लगाया बल्कि अपनी पारी के दौरान 3 छक्के लगाते ही उन्होंने टेस्ट प्रारूप का बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। वह इन 3 छक्कों के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट में बतौर कप्तान भारत की तरफ से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए और एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया।

## रोहित शर्मा ने तोड़ा एमएस धोनी का रिकॉर्ड

रोहित शर्मा ने राजकोट टेस्ट मैच की पहली पारी में 3 छक्के लगाए और बतौर कप्तान वह भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज भी बने। रोहित शर्मा ने इंटरनेशनल क्रिकेट में अब तक कुल 212 छक्के लगाए हैं जबकि एमएस धोनी ने बतौर कप्तान कुल 211 छक्के लगाए थे और इसके लिए उन्होंने 330 पारियां ली थी। वैसे ओवरऑल बतौर कप्तान इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड इयोन मोर्गन के नाम पर दर्ज है।

## रोहित ने खेली इंग्लैंड के खिलाफ 131 रन की पारी

इस मैच की पहली पारी में रोहित शर्मा ने इंग्लैंड के खिलाफ 196 गेंदों का सामना करते हुए 3 छक्के और 14 चौकों की मदद से 131 रन बनाए। इंग्लैंड के खिलाफ यह रोहित के टेस्ट करियर का तीसरा शतक था तो वहीं राजकोट के मैदान पर यह उनका पहला शतक रहा। राजकोट में रोहित का यह पहला टेस्ट मैच था और पहले मैच में ही उन्होंने शतक लगाने का कमाल किया। इस मैच में उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर चौथे विकेट के लिए 204 रन की साझेदारी की।

## इंडिया वर्सेस इंग्लैंड के लिए चौथे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी

249 – सचिन तेंदुलकर और सौरव गांगुली, हेडिंग्ले, 2002

222 – विजय मांजरेकर और विजय हजारे, हेडिंग्ले, 1952


204 – रोहित शर्मा और रवींद्र जड़ेजा, राजकोट, 2024

190 – मोहम्मद अजहरुद्दीन और मोहिंदर अमरनाथ, चेन्नई, 1985

189 – मोहम्मद अजहरुद्दीन और संजय मांजरेकर, ओल्डट्रैफर्ड, 1990

### एक कप्तान के रूप में सर्वाधिक छक्के (पारी)

233 – इयोन मोर्गन (180)
212 – रोहित शर्मा (121)
211 – एमएस धोनी (330)
171 – रिकी पोंटिंग (376)
170 – ब्रेंडन मैकुलम (140)
138 – विराट कोहली (250)
137 – एरोन फिंच (131)
135 – एबी डिविलियर्स (120)



## राजकोट टेस्ट, पहला दिन

**⊙ रोहित-जडेजा के शतक, सरफराज ने डेब्यू टेस्ट में फिफ्टी लगाई, स्टंप्स तक भारत का स्कोर 326/5**

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 टेस्ट की सीरीज का तीसरा मैच राजकोट में खेला जा रहा है। निरंजन शाह स्टेडियम में टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। भारत ने पहले दिन स्टंप्स तक पहली पारी में 5 विकेट के नुकसान पर 326 रन बना लिए हैं.

# नखरे नहीं चलेंगे... रणजी ट्रॉफी में ना खेलने वाले खिलाड़ियों को जय शाह की वॉर्निंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में रिपोर्ट सामने आई थी कि बीसीसीआई ने आदेश जारी करते हुए कहा कि जो प्लेयर भारतीय टीम से बाहर हैं और चोटिल भी नहीं है, उन्हें घरेलू क्रिकेट खेलना अनिवार्य है। ऐसा नहीं करने पर खिलाड़ियों के खिलाफ एक्शन भी लिया जा सकता है। अब इस मुद्दे पर बीसीसीआई सचिव जय शाह ने बड़ा बयान दिया है।

## रणजी ट्रॉफी में ना खेलने वालों पर जय शाह का बड़ा बयान

जय शाह ने इसे महत्वपूर्ण मुद्दा बताया है और कहा है कि वह रणजी ट्रॉफी में भाग लेने के लिए खिलाड़ियों को लेटर लिखेंगे। जय शाह ने कहा कि यह एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। सभी सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट खिलाड़ियों को फोन पर बता दिया गया



है और मैं भी उन्हें लिखूंगा।। अगर आपका कप्तान और कोच आपको खेलने का निर्देश देता है, तो आपको उसका पालन करना होगा और रेड-बॉल क्रिकेट में भाग लेना होगा। नखरे नहीं चलेंगे। यह निर्देश सभी युवा और फिट खिलाड़ियों पर लागू होता है।

## ईशान किशन पर कही ये बात

साउथ अफ्रीका दौरे से हटने के बाद ईशान किशन भारतीय टीम से दूर हैं। वह अफगानिस्तान श्रृंखला का हिस्सा नहीं थे और उन्हें इंग्लैंड टेस्ट के लिए नहीं चुना गया था, हेड कोच राहुल द्रविड़ ने कहा था कि किशन को टीम में वापस आने के लिए कुछ क्रिकेट खेलने की जरूरत है।

जय शाह ईशान किशन को लेकर कहा कि वह एक युवा खिलाड़ी है... मैं उसके बारे में विशेष रूप से रणजी ट्रॉफी में खेलने के बारे में नहीं कह रहा हूं क्योंकि यह सभी खिलाड़ियों पर समान रूप से लागू होगा।

## इंग्लैंड सीरीज में विराट के ना खेलने पर दिया ये बयान

जय शाह ने कहा कि जब खिलाड़ियों को व्यक्तिगत कारणों से छुट्टियों की जरूरत होती है तो उनका समर्थन करना महत्वपूर्ण होता है, जैसा कि विराट कोहली के मामले में है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ चल रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में ना खेलने का फैसला लिया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई 15 साल में निजी छुट्टी मांग रहा है तो यह मांगना उसका अधिकार है। विराट उस तरह के खिलाड़ी नहीं हैं कि बिना वजह छुट्टी मांगेंगे। हमें अपने खिलाड़ियों का समर्थन करना चाहिए और उन पर भरोसा करना चाहिए।

# स्वीयाटेक लगातार तीसरी बार दोहा क्वार्टरफाइनल में

**दोहा, एजेंसी।** विश्व नंबर 1 इगा स्वीयाटेक ने राउंड 16 में नंबर 14 वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6-1, 6-4 से हराकर कतर ओपन में अपनी प्रभावशाली जीत का सिलसिला आगे बढ़ाया और लगातार तीसरी बार इस टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में पहुंच गईं। दो बार के डिफेंडिंग चैंपियन स्वीयाटेक ने बुधवार शाम को 1 घंटे और 31 मिनट की जीत के साथ अलेक्जेंड्रोवा को हराकर टूर्नामेंट में अब लगातार 10 मैच जीते हैं।

पोल अब क्वार्टर फाइनल में दो बार की दोहा चैंपियन विक्टोरिया अजारेंका से खेलेंगी। पूर्व विश्व नंबर 1 अजारेंका ने रात के मैच में नंबर 8 वरीयता प्राप्त जेलेना ओस्टापेंको को 6-0, 6-3 से हराया, जो इस साल ओस्टापेंको पर उनकी तीसरी जीत है। वर्ल्ड नंबर-19 अलेक्जेंड्रोवा



को हराकर, स्वीयाटेक ने शीर्ष 20 विरोधियों के खिलाफ अपने पिछले 11 मैच जीते हैं, और इस साल अब तक उस समूह के खिलाफ अपना रिकॉर्ड 4-0 पहुंचा दिया है। डब्ल्यूटीए के अनुसार, स्वीयाटेक की शीर्ष 20 के किसी साथी सदस्य से आखिरी हार पिछले सितंबर में टोक्यो क्वार्टर फाइनल में वेरोनिका कुडरमेतोवा से हुई थी। इससे पहले बुधवार को, पूर्व विश्व नंबर 1 नाओमी ओसाका क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं, जब राउंड 16 की उनकी प्रतिद्वंद्वी, विश्व नंबर 37 लेसिया सुरेंको कोहनी की चोट के कारण मैच से हट गईं।

ओसाका, जो 2022 के अंत और पूरे 2023 तक मातृत्व अवकाश पर थी, 2022 के मार्च में मियामी ओपन फाइनल में पहुंचने के बाद से अपने पहले डब्ल्यूटीए टूर क्वार्टर फाइनल में है। क्वार्टर फाइनल में, दो बार की डब्ल्यूटीए 1000 टाइटलिस्ट ओसाका का सामना एक अन्य पूर्व विश्व नंबर 1, कैरोलिना प्लिस्कोवा से होगा, जिन्होंने अपनी साथी चेक लिंडा नोस्कोवा को तीन सेटों में 3-6, 7-5, 6-1 से हराया।



# एमबाप्पे, बारकोला ने पीएसजी को रियल सोसिदाद पर दिलाई जीत

**पेरिस, एजेंसी।** किलियन एम्बाप्पे और ब्रैडली बारकोला ने दूसरे हाफ में गोल करके पेरिस सेंट-जर्मेन को चैंपियंस लीग राउंड ऑफ 16 मुकाबले के पहले चरण में रियल सोसिदाद पर 2-0 से शानदार जीत दिलाई।

बुधवार को खेले गए इस मुकाबले में पहले पहले 45 मिनट गोलरहित रहे, जिसमें पीएसजी ने कुल चार शॉट दर्ज किए और रियल सोसिदाद ने कुल पांच शॉट दर्ज किए। दूसरे हाफ में पीएसजी ने तेजी दिखाई और लगातार अटैक किया। अंतिम 45 मिनट में पेरिस के पास कुल दस शॉट थे और आखिरकार इस दौरान उन्होंने गोल दागे।

एमबाप्पे ने कॉर्नर किक पर 58वें मिनट में स्कोरिंग की शुरुआत की। कुछ मिनट बाद, ब्रैडली बारकोला ने 78वें मिनट मैच का दूसरा गोल किया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि पीएसजी 2-0 की कुल बढ़त के साथ दूसरे चरण में प्रवेश करेगा। दोनों पक्षों के बीच निर्णायक दूसरा चरण 5 मार्च को निर्धारित है।

# राजकोट में चलेगा बुमराह की रिवर्स स्विंग का जादू: जहीर खान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज जहीर खान का मानना है कि राजकोट की पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की पिच के समान होगी जिससे एक बार फिर रिवर्स स्विंग की भूमिका होगी। जसप्रीत बुमराह ने विशाखापत्तनम में रिवर्स स्विंग का शानदार नजारा पेश करते हुए मैच में नौ विकेट चटकाए जिससे भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर 5 टेस्ट की श्रृंखला 1-1 से बराबरी की। जहीर ने कहा कि उम्मीद करता हूं कि पिच हैदराबाद और विशाखापत्तनम की तरह ही होगी।

इस तरह की पिच पर शुरुआती दो दिन बल्ले और गेंद के बीच अच्छा मुकाबला दिखना चाहिए और फिर तीसरे दिन से स्पिन की भूमिका होगी। जहीर ने कहा कि आपको कुछ रिवर्स स्विंग भी दिखेगी। और चौथे तथा पांचवें दिन स्पिनरों का दबदबा होगा। इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ओवैस शाह भी जहीर से सहमत दिखे। उन्होंने कहा कि मुख्य मुकाबला जसप्रीत बुमराह और इंग्लैंड के मध्यक्रम के बीच होगा। ऐसा इसलिए है क्योंकि राजकोट में बुमराह रिवर्स स्विंग हासिल कर पाएगा।

शाह ने कहा कि जब वह पुरानी गेंद से गेंदबाजी करता है तो इंग्लैंड के बल्लेबाजों के लिए मुश्किल होती है। क्योंकि वह विकेट लेता है और रन नहीं देता। इसी को देखते हुए इंग्लैंड ने अनुभवी जेम्स एंडरसन का साथ देने के लिए तेज गेंदबाज मार्क वुड को भी टीम में जगह दी है। भारत अपनी टीम की घोषणा गुरुवार को टॉस के दौरान करेगा। जहीर का मानना है कि स्पिनर ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा की घरेलू मैदान पर अंतिम एकादश में वापसी को देखते हुए भारत को कुछ 'जटिल फैसले करने की जरूरत है। जहीर ने कहा कि यह एक और सिरदर्द होने वाला है कि आप टीम में किसने चुनोगे। यह अक्षर (पटेल) होगा, यह कुलदीप (यादव) होगा या आप सभी को चुनोगे। उन्होंने कहा कि भारत को इस बारे में सोचना होगा कि क्या आपको बुमराह के साथ अतिरिक्त गेंदबाज की जरूरत है।



# 17 साल के पाकिस्तानी गेंदबाज के आगे बाबर आजम का सरेंडर

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान सुपर लीग के 9वें सीजन का आगाज 17 फरवरी से हो रहा है।

पाकिस्तानी टीम समेत दुनियाभर के कई बड़े नाम इस लीग में खेलते हुए दिखाई देंगे। पाकिस्तानी प्लेयर्स ने पीएसएल की तैयारी शुरू कर दी है। पूर्व कप्तान बाबर आजम पीएसएल में पेशावर जाल्मी की तरफ से खेलेंगे। वह इस टीम के कप्तान भी हैं। बाबर ने टूर्नामेंट का आगाज होने से पहले पेशावर जाल्मी के लिए एक प्रैक्टिस मैच खेला।

बाबर ने इस मैच में पाकिस्तान के ही 17 वर्षीय गेंदबाज मोहम्मद जीशान का सामना किया। मोहम्मद जीशान अंडर-19 वर्ल्ड कप में अपनी पेस और बेहतरीन गेंदबाजी के चलते सुर्खियों में आए थे।

**बाबर के खिलाफ जीशान ने डाला एक मेडन ओवर**

इस प्रैक्टिस मैच का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें जीशान बाबर आजम को गेंदबाजी कर रहे हैं। जीशान ने अपनी पेस से बाबर आजम को भी हैरान कर दिया। बाबर के खिलाफ जीशान ने एक ओवर मेडन निकाला जिसमें से कई गेंद तो बाबर के बल्ले से भी नहीं लगी।

ईस्ट एशिया कप

# टी-20 में क्रिकेट में बन गया अद्भुत रिकॉर्ड

**मोंग कोक (हॉन्गकॉन्ग), एजेंसी।** टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे बड़ी साझेदारी का वर्ल्ड रिकॉर्ड टूट गया है। अफगानिस्तान के उस्मान घानी और हजरतुल्लाह जजई ने 2019 में आयरलैंड के खिलाफ 236 रन जोड़े थे। अब पहली बार टी20 इंटरनेशनल में किसी जोड़ी ने 250 से ज्यादा रनों की साझेदारी बनाई है। यह कारनामा जापान के लाचलान यामामोटो लेक और केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग ने पहले विकेट के लिए नाबाद 258 रन जोड़ दिए। किसी भी टी20 क्रिकेट में इससे पहले 250 से ज्यादा की साझेदारी नहीं हुई थी। चीन के खिलाफ मैच में 20 ओवर खेलने के बाद भी एक भी जापानी खिलाड़ी आउट नहीं हुए।

**दोनों ओपनर ने ठोका शतक**

इस मैच में जापान के दोनों सलामी बल्लेबाज लाचलान यामामोटो लेक और केंडल कडोवाकी-फ्लेमिंग ने शतकीय पारी खेली। लाचलान ने 68 गेंदों पर 134 रन बनाए। उनकी पारी में 12 छक्के और 8 चौके शामिल थे। वहीं केंडल कडोवाकी ने 53 गेंदों पर 109 रनों की पारी खेली। अपनी पारी में उन्होंने 3 चौके और 11 छक्के मार दिए। यह सिर्फ दूसरा ही मौका है जब टी20 मैच की



एक ही पारी में दो शतक लगे हैं। इससे पहले 2022 में चेक रिपब्लिक ने बुल्गेरिया के खिलाफ यह कारनामा किया था।

**20 ओवर में नहीं गिरा विकेट**

जापान ने 20 ओवर खेलने के बाद भी एक भी विकेट नहीं गंवाया। यह टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट में सिर्फ दूसरा ही मौका है जब पूरे 120 गेंद खेलने के बाद किसी टीम का विकेट नहीं गिरा हो। इससे पहले 2022 में विल्लेटा कप में ऐसा हुआ था। जिब्राल्टर की टीम ने बुल्गारिया के खिलाफ बिना विकेट खोए 213 रन बनाए थे। उस पारी में कोई शतक नहीं लगा था लेकिन बुल्गारिया के गेंदबाजों ने 28 अतिरिक्त रन दिए थे।

**180 रन से हारा चीन**

258 रनों के जवाब में चीन की पारी सिर्फ 78 रनों पर सिमट गई। जापान को 180 रनों से जीत मिली।

# भारत ने शतरंज ओलंपियाड की मशाल हंगरी को सौंपी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में शतरंज ओलंपियाड की मशाल इसके 45वें संस्करण के आधिकारिक मेजबान हंगरी को सौंपी। भारत ने चेन्नई में 2022 में चेस ओलंपियाड की मेजबानी की थी और पहली बार इसकी मशाल देश के 75 शहरों में निकाली थी। इसी मशाल को खेल मंत्री ने शतरंज की शीर्ष वैश्विक संस्था फिडे के अध्यक्ष आर्केडी ड्वारकोविच और दुनिया की शीर्ष महिला ग्रैंड मास्टर रहीं जूडिथ पोल्गर को सौंपी।

इस मौके पर पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद और भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष संजय कपूर भी मौजूद रहे। खेल मंत्री ने इस मौके पर विश्वनाथन आनंद के साथ मिलकर ड्वारकोविच और जूडिथ पोल्गर के खिलाफ दोस्ताना शतरंज की बाजी भी खेली। खेल मंत्री ने इस मौके पर कहा कि उन्हें खुशी है कि उन्होंने शतरंज



ओलंपियाड की मशाल निकालने का जो फैसला लिया था, वह वास्तव में मशाल हैंडऑफ समारोह के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि शतरंज एक बौद्धिक विरासत है, जो संभवतः भारत ने दुनिया को प्रदान की है। यह खेल मात्र नहीं बल्कि रणनीतिक गहराई और दार्शनिक ज्ञान का प्रतिड्क्षबब है।

**बुडापेस्ट में होना शतरंज ओलंपियाड**

चेन्नई में हुए 44वें शतरंज ओलंपियाड में ढाई हजार से अधिक खिलाड़ियों ने शिरकत की। अगला चेस ओलंपियाड फिडे की ओर से बुडापेस्ट (हंगरी) में कराया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 जून, 2022 को प्रथम शतरंज ओलंपियाड मशाल की शुरुआत की थी।

भारतीय शतरंज महासंघ के अध्यक्ष संजय कपूर ने कहा कि शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी किसी सपने के सच होने जैसा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉग ऑन करें
www.sonvarshavani.com
ई-पेपर sonvarshavani.com/epaper
औरंगाबाद

## एक नजर

### 16 फरवरी से मौसम साफ होने की संभावना

**औरंगाबाद (कां सं.)।** जिले में 16 फरवरी से मौसम साफ होने की संभावना है। यह पूर्वानुमान जिले के कृषि विज्ञान केन्द्र सिरिस की ओर से जताई गई है। केन्द्र के अनुसार मौसम पूर्वनुमान के अनुसार आगामी पांच दिनों का 16, 17, 18 & 19 फरवरी 2024 को अधिकतम तापमान 22, 23, 24, 25 और 22 डिग्री सेल्सियस एवं न्यूनतम तापमान 14, 14.5, 15, 14.5 और 15 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। वहीं 15 फरवरी को आसमान में मध्यम बादल छाए रहेगा लेकिन बारिश होने की संभावना नहीं है। जबकि 16 फरवरी से मौसम साफ होगा।

### राज्यस्तरीय बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप में दम दिखाएंगे खिलाड़ी

**पटना (कां सं.)।** पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 18 फरवरी को राज्य स्तरीय 14वीं जूनियर-सीनियर बॉडी बिल्डर चैंपियनशिप का आयोजन होगा। इसमें बिहार की महिला व पुरुष वर्ग के लगभग 300 से 400 प्रतिभागी भाग लेंगे। यह बातें न्यू बॉडी बिल्डिंग एंड फिटनेस एसोसिएशन ऑफ बिहार के मुख्य संरक्षक सह पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर रणबीर नंदन ने युवा आवास में गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन में कही। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए राज्य के 30 जिलों से लगभग 300 से 400 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। ये खिलाड़ी मैदान में अपना दम दिखाएंगे। एसोसिएशन के सचिव विजय कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जो खिलाड़ी गोल्ड मेडल से चयनित होंगे, वे सीनियर नेशनल के लिए लुधियाना में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे। एसोसिएशन अध्यक्ष अभय सुंदर व संयुक्त सचिव उपेन्द्र कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता के जरिये राज्य के युवा शारीरिक रूप से स्वस्थ बनेंगे और नियुक्ति में युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी। हाल ही में एसोसिएशन के एक युवा खिलाड़ी जो नेशनल में गोल्ड मेडल हासिल किया, उन्हें एसएसबी में नियुक्ति पत्र मिला है। वहीं रणबीर नंदन ने केंद्र व राज्य सरकार से मांग किया कि हर पंचायत में बॉडी बिल्डर फिटनेस सेंटर बने, ताकि राज्य के युवा अपना फिजिक सुधार सके।

### पटना हाईकोर्ट ने जवाबी हलफनामा दायर नहीं करने पर जताई नाराजगी

**पटना (कां सं.)।** पटना हाईकोर्ट ने बारह वर्ष पुराने मामले में जवाबी हलफनामा दायर नहीं किये जाने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने राज्य के डीजीपी को डीएम, रोहतास को कोर्ट में उपस्थित कराने की जिम्मेवारी सौंपी है। जस्टिस राजेश कुमार वर्मा ने शैलेंद्र कुमार पाठक की ओर से दायर अर्जी पर सुनवाई की। आज इस मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि कोर्ट के आदेश गत 15 जनवरी से डीएम को अवगत करा दिया गया है। इसके बावजूद डीएम ने जवाबी हलफनामा दायर नहीं किया गया।

# प्रवासी कामगारों के लिए शुरू होगा प्रवासन परामर्श सह पंजीकरण केन्द्र

निज संवाददाता

**पटना।** राज्य से बाहर जाने वालों और दूसरे राज्यों में काम करने वाले प्रवासी कामगारों की सहायता के लिए श्रम संसाधन विभाग ने प्रवासन परामर्श-सह-पंजीकरण केन्द्र (एमसीआरसी) की स्थापना का निर्णय लिया है। एक मार्च से यह केन्द्र काम करने लगेगा। संचालन और रखरखाव के लिए बिहार कौशल विकास मिशन (बीएसडीएम) ने ओवरसीज मिन टेक कंसल्टेंट्स को सेवा प्रदान करने वाली एजेंसी के रूप में चयनित किया गया है। मिशन ने उक्त एजेंसी के साथ समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किया है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार पटना के अलावा पूर्णिया, भागलपुर, पश्चिमी चंपारण, सारण, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, नालंदा, सहरसा और गया में एमसीआरसी की स्थापना होगी। साथ ही बिहार के बाहर दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरू, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद कोयंबटूर, लुधियाना, सूरत और गुवाहाटी में प्रवासन केन्द्र कार्यरत होगा। एजेंसी बिहार राज्य के प्रवासी मजदूरों को समर्पित सेवा प्रदान करेगी, जिसमें पंजीकरण सेवाएं, पूर्व-प्रवास तैयारी सहायता, प्लेसमेंट सेवाओं तक पहुंच, पोस्ट प्लेसमेंट परामर्श और सहायता सेवाएं, अनुवर्ती हस्तक्षेप सेवाएं, आवश्यकता के अनुसार कौशल उन्नयन, कार्यशाला और जागरूकता कार्यक्रम, पहचान समाधान सेवाएं, कानूनी साक्षरता सेवाएं, वित्तीय साक्षरता और सामाजिक सेवाएं, मूल्य वर्धित सेवाएं और बिहार सरकार की आवश्यकतानुसार अन्य सेवाएं भी प्रदान करेगा। मिशन निदेशक सुरेश सिंह ने कहा कि यह प्रवासन केन्द्र आधुनिक तकनीक और सभी प्रकार के आवश्यक सामग्रियों से लैस होगा। इसमें प्रवासी कामगारों को प्रवास के पूर्व और प्रवासन के दौरान सेवाएं मुहैया करायी जाएगी। समझौता पत्र हस्ताक्षरित करने के दौरान मिशन प्रबंधक (परियोजना) संजीव रंजन नीलमणि, मिशन प्रबंधक (आईटी) अतुल सुमन, परियोजना निदेशक संकल्प योजना भास्कर नंदी, अभिषेक सिन्हा, समीर कुमार श्रीवास्तव, अरुण यादव, मनोज कुमार उपस्थित रहे।

## 16 फरवरी को देव में निकलेगी सूर्य नारायण रथ यात्रा

**देव (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** देव में 16 फरवरी को सूर्य नारायण रथ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है 1 सूर्य जन्मोत्सव के अवसर पर अरुण पाठक के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार किया जाएगा। भगवान सूर्य के द्वादश स्वरुप का पूजन किया जाएगा। इसके बाद भगवान भाष्कर के रथ को देव किला के पास से निकालकर सूर्य मंदिर के निकट पहुंचकर पुष्पवर्षा कर अभिषेक किया जाएगा। भगवान सूर्य को देव नगरी का भ्रमण कराया जाएगा। उक्त रथ बाजार होते हुए सूर्य कुंड पहुंचेगा। इसके बाद जलभरी का कार्यक्रम होगा। लगभग 51 सौ कलश लेकर लोग निकलेंगे। कलश यात्रा के एक दिन पूर्व देव पर्यटन विकास केंद्र के सदस्यों के द्वारा मार्ग की साफ सफाई कर तोरण द्वार जगाया जाएगा। 16 फरवरी को सूर्य रथ यात्रा, 17 और 18 फरवरी को महा आरती व 19 को आदर्श सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है।

## जेईई मेंस 2024 की परीक्षा में संस्कार विद्या के छात्र-छात्राओं ने लहराया सफलता का परचम



निज संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल्स के संस्कार विद्या के छात्र -छात्राओं ने जेईई मेंस 2024 के परीक्षा परिणाम में जबरदस्त और धमाकेदार सफलता अर्जित की है। जिसमें अभिषेक कुमार, पिता सुरेंद्र कुमार सिंह (पूर्ण बीघा) 98 परसेंटाइल, पीयूष राज, पिता संजय कुमार, (बम रोड) दाउदनगर, 97.6 परसेंटाइल, शुभम कुमार पिताः-जितेंद्र प्रसाद, मखरा 96.3 परसेंटाइल, प्रियंका कुमारी सुपुत्री विजय कुमार वरिष्ठ समाजसेवी लाला अमौना 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त की।उज्जवल राज, ओल्ड टाउन, दाउदनगर 91 परसेंटाइल, विकास कुमार, पिता :-शंकर कुमार, पुराना शहर,दाउदनगर 91.1 परसेंटाइल , प्रणव प्रिंस पिता प्रमोद कुमार, 87 परसेंटाइल, हिमांशु कुमार पिता मृत्युंजय कुमार 87.1% परसेंटाइल अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय संस्कार विद्या का मान-मर्यादा बढ़ाया है। इस विद्यालय के शिक्षक- शिक्षिकाएं द्वारा किए गए सफल प्रयास को उन्नति के मार्ग तक ले जाने में अपना अहम रोल अदा किया है ! इससे पूरा विद्यालय परिवार अभिभूत है और गौरवान्वित है !इस सफलता पर संस्कार विद्या के निदेशक सुरेश कुमार गुप्ता ने सभी सफल छात्रों और उनके माता-पिता को हार्दिक बधाई संदेश भेजा है और कहा की ये सभी बच्चे हमारे विद्यालय के ब्रांड एंबेसडर हैं। इन्होंने हमारा मान-सम्मान बढ़ाया है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। संस्कार विद्या के सीईओ आनंद प्रकाश ने कहा कि हम लोगों ने जो सपना संजोया था उच्च- शिखर पर जाने का, हमारे यह बच्चे सफलता के उसे मार्ग को प्राप्त कर रहे हैं और हमें गौरवान्वित कर रहे हैं। डिप्टी सीईओ इंजीनियर विद्यासागर ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में भारत बहुत आगे बढ़ रहा है और हमारे ये सफल छात्र उस टेक्नोलॉजी को और उन्नत बनाने में सहायक सिद्ध होंगे,ऐसी अपेक्षा है। हम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। विद्या निकेतन ग्रुप आफ स्कूल के टेक्निकल एडवाइजर विनय प्रकाश ने कहा कि आज का परिवेश कुछ नया करने का है, पुराने पैटर्न पर चल रहे लोगों पर कोई आजकल ध्यान नहीं देता है। यहां नित्य-नए कार्य करने वाले हमारे छात्र-छात्राएं छात्र हमें गौरवान्वित कर रहे हैं और हम ने संस्कार विद्या को स्थापित कर जो सपना संजोया था, जो उन्नत फ्रेमवर्क को गढ़ा था,आज बच्चे उसे फ्रेम में फिट होकर उच्च सफलता प्राप्त कर रहे हैं। इसके लिए विद्यालय प्रबंधन, संस्कार विद्या के प्राचार्य और सभी शिक्षक- शिक्षिका ने दिल से धन्यवाद अर्पित किया है।

## कच्ची शराब की खेप डिलिवरी करने जा रहा धंधेबाज गिरफ्तार



कार्यालयसंवाददाता

**औरंगाबाद।** शराब की डिलिवरी करने जा रहे एक धंधेबाज को उत्पाद विभाग की पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया है। इसके पास से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद किया गया गया है। पकड़ा गया आरोपित मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिसेनी गांव निवासी छोटू कुमार पाल के रूप में की गई है। यह कार्रवाई देव थाना क्षेत्र के एनएच -19 पर देव मोड़ पर की गई। पूछ-ताछ में धंधेबाज ने बताया कि वह युक्त शराब को मुड़गड़ा से ला रहा था और एक जगह डिलिवरी करने जा रहा था। एसआई मिथिलेश कुमार ने बताया कि संदेह के आधार पर देर शाम उक्त जगह एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया लेकिन वह रूकने के बजाय पुलिस को देख अचानक भागने लगा जिसे पुलिस ने पिछा कर धर दबोचा गया और आवश्यक कार्रवाई के पश्चात जेल भेज दिया गया।

### पूर्व सांसद की नियम

**पटना (नि.सं.)।** एमपी-एमएलए के विशेष कोर्ट की न्यायिक दंडाधिकारी सारिका बहालिया ने गुरुवार

विशेष कोर्ट ने आर

## जेईई मेंस में विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स का रहा जलवा




कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जेईई मेंस के परीक्षा परिणाम में औरंगाबाद शहर के विवेकानंद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के छात्रों का शानदार प्रदर्शन रहा। औरंगाबाद के विवेवकानंद वीआईपी स्कूल की छात्रा अन्नु कुमारी पिता- शैलेश कुमार प्रसाद माता- निर्मला कुमारी ग्राम-एरकी कला निवासी ने 99.15 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। औरंगाबाद के कर्मा भगवान निवासी पंकज सिंह और आराधना सिंह के सुपुत्र आयुष कुमार ने 98.55 परसेंटाइल प्राप्त किया।उसके इस सफलता से गांव में खुशी का माहौल है।औरंगाबाद बाईपास गायत्री मंदिर रो ड निवासी मनोज सिंह व रंभा देवी की सुपुत्री शिवानी कुमारी ने 98.53 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता प्राप्त की। नवीनगर के जयपुर निवासी अजित कुमार सिंह और आशा देवी के सुपुत्र अमन प्रकाश सिंह ने 96.14 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर सफलता पाई है। औरंगाबाद आदर्श कॉलोनी निवासी रंगनाथ तिवारी और संगीता तिवारी के सुपुत्र हर्ष कुमार ने 94.71 परसेंटाइल प्राप्त कर सफल रहे।शहर के तेलिया पोखरा निवासी दिनेश कुमार सिंह और रेखा कुमारी के सुपुत्र अमृत्या निपुण ने 92.80 परसेंटाइल के साथ सफलता अर्जित किया। नवीनगर गरड़ी निवासी विवेक कुमार और ममता देवी के सुपुत्र आयुष राज ने 90 परसेंटाइल के साथ सफल रहें। वहीं दाउदनगर अवस्थित विवेवकानंद मिशन स्कूल के पार्थ पुलक श्रीवास्तव पिता- मनीष श्रीवास्तव माता- पुनीत पलक डेहरी ऑन सोन जिला- रोहतास निवासी ने 97.44 परसेंटाइल लाकर सफलता का झंडा गाड़ा है। ओबरा के नावाडीह गांव निवासी राकेश कुमार व शुभांती देवी के सुपुत्र शुभम कुमार ने 96.30 परसेंटाइल हासिल कर सफल रहे।सासाराम के लखनवी सराय निवासी अरविंद कुमार व सुमन कुमारी के सुपुत्र मृणाल सत्यार्थी ने 95.03 परसेंटाइल हासिल किया।दाउदनगर के बाबू अमौना निवासी सुबोध कुमार व नीतू देवी के सुपुत्र आशुतोष आनंद ने 92.84 परसेंटाइल प्राप्त कर सफल रहे है। ओबरा के सामाडीहरी निवासी बिंक्टेश कुमार व विभा देवी के सुपुत्र अंजनी कुमार ने 93 परसेंटाइल हासिल पर सफलता पाई है।वहीं दाउदनगर निवासी नीरज कुमार व पूनम पुरी के सुपुत्र पुनर्वसु ने 90 परसेंटाइल हासिल कर सफलता का परचम लहराया है। सभी सफल छात्रों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय के कठोर अनुशासन, योजनाबद्ध तरीके से पढ़ाई, शिक्षकों का मार्गदर्शन और माता-पिता के आशीर्वाद को दिया है। कहा कि विद्यालय द्वारा दिया गया मार्गदर्शन और मोटिवेशन उनके लिए मील के पत्थर सिद्ध हुए हैं।विद्यालय के निदेशक डॉ शम्भू शरण सिंह, चेयरमैन मनीष वत्स ने सफल छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।कहा कि आज पूरी दुनिया को भारत से बड़ी उम्मीदें है, संस्थान से निकले ये युवा राष्ट्र के विकास को गति देंगे। तकनीक के बढ़ते दौर में ये राष्ट्र के उम्मीदों पर खरा उतरेंगे।इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एन. के. सिंह,प्रशासक सुनील कुमार सिंह एवम समस्त शिक्षकगण सफल छात्रों को शुभकामनाएं दी।



## 49 परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक बोर्ड की परीक्षा शुरु

**औरंगाबाद (का.सं.)।** प्रदेश में गुरुवार से बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा शुरू हो गई है। यह 23 फरवरी तक चलेगी। बोर्ड ने इस परीक्षा के लिए 38 जिलों में 1585 केंद्र बनाये हैं। 16,94,781 परीक्षार्थी इसमें शामिल होंगे। इनमें छात्राओं की संख्या ज्यादा है। 8,22,587 छात्र एवं 8,72,194 छात्राएं शामिल होंगी। लड़कों की तुलना में इस बार 49,609 लड़कियां अधिक हैं। वहीं औरंगाबाद जिले के 49 परीक्षा केंद्रों पर सुबह साढ़े 9 बजे से शुरू हो गई है। परीक्षा को कदाचार मुक्त संचालित करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सख्त निर्देश जारी किए गए है और सभी केंद्राधीक्षकों एवं परीक्षा ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किए गए दंडाधिकारी एवं पुलिस बल को दे दी गई है। दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा के लिए जिले के दाउदनगर अनुमंडल में 25 एवं औरंगाबाद अनुमंडल में 24 केंद्र बनाए गए हैं।

## दक्षिण अफ्रीका के अधिकारियों को भाया मेड इन बिहार उत्पाद

निज संवाददाता

**पटना।** दक्षिण अफ्रीका के अधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल गुरुवार को खादी मॉल पहुंचा। प्रतिनिधिमंडल में दक्षिण अफ्रीकी सरकार के डीडीजी पीटर नेशटीपाले, कार्यवाहक मुख्य निदेशक सामाजिक सहायता डॉ.मॉरीन मोगोत्सी, सार्वजनिक वित्त निदेशक पेबेटसे मलेका, निकास कार्यकारी प्रबंधक प्रशासन अनुदान ब्रेटॉन वान व्रेदे, बोर्ड अध्यक्ष नोजाबेलो




रूथ भेंगू, फिनमार्क ट्रस्ट की दक्षिण अफ्रीका वित्तीय समावेशन कार्यक्रम की प्रमुख लेसेगो माशिगो, फिनमार्क ट्रस्ट की राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधक लुंगिसानी लाडला मौजूद रहे। बिहार खादी की स्मारिका भेंट कर सभी का स्वागत किया गया। प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर खादी मॉल का भ्रमण किया। कलाकारों की ओर बनाई गयी कलाकृतियों को देखा। विभिन्न जिलों में उत्पादित कलाकृतियों को देखकर सभी मंत्रमुग्ध हुए। भागलपुर के सिल्क के उत्पाद एवं मधुबनी की खादी के उत्पादों की खरीदारी कर वह अपने साथ ले गए।

## सूबे में सुबह-शाम बढ़ेगी ठंड, अधिकतम पारा चढ़ेगा

निज संवाददाता

**पटना।** सूबे में बादलों के छंटने से तापमान में तेजी से बदलाव के आसार हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार शुक्रवार से अगले तीन दिनों तक न्यूनतम तापमान चार डिग्री तक नीचे आएगा, जबकि अगले दो से तीन दिनों में चार डिग्री तक अधिकतम तापमान ऊपर चढ़ेगा। इससे सुबह-शाम ठंड में बढ़ोतरी होगी, जबकि दिन में धूप की तल्खी दिखेगी। मौसम विज्ञान केन्द्र के अनुसार राज्य भर में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं, जबकि 20 और 21 फरवरी को उत्तर बिहार के कुछ जिलों में आंशिक बारिश हो सकती है। अगले एक हफ्ते में न्यूनतम तापमान में पहले गिरावट फिर बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

**पटना में साढ़े चार डिग्री चढ़ा अधिकतम तापमान :** राज्य में अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं 28 शहरों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई है। गुरुवार को पटना का अधिकतम तापमान 25.9 डिग्री दर्ज किया गया। यहां तापमान में साढ़े चार डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई। वाल्मिकीनगर 6.6 डिग्री, मोतिहारी में पांच डिग्री, गोपालगंज में 4.3 डिग्री, जीरादेई में 3.1 डिग्री, छपरा में 2.5 डिग्री, बक्सर में 3.9 डिग्री, गया में 1.5 डिग्री, भागलपुर एक डिग्री, कटिहार में 2.2 डिग्री, अररिया में 3.8 डिग्री, पूर्णिया में तीन डिग्री अधिकतम तापमान ऊपर चढ़ा।

**सुबह में रहा सघन कुहासा :** पटना सहित कई जिलों में गुरुवार की सुबह घना कुहासा रहा। इस दौरान दृश्यता 50 मीटर से भी कम रही। हालांकि, जैसे जैसे धूप निखरती गई, कोहरे में कमी आई। दोपहर में धूप में गर्मी का एहसास रहा। हालांकि शाम ढलते फिर से आंशिक ठंड महसूस हुई।

## पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी खारिज

निज संवाददाता

**पटना।** एमपी-एमएलए के विशेष कोर्ट की न्यायिक दंडाधिकारी सारिका बहालिया ने गुरुवार को पूर्व सांसद सुभाष यादव की नियमित जमानत अर्जी पर सुनवाई करने के बाद उसे खारिज कर दिया। उनकी जमानत अर्जी का जिला अभियोजन पदाधिकारी उमेश प्रसाद ने विरोध किया। जमीन खरीद-बिक्री मामले में रंगदारी, जालसाजी व धोखाधड़ी से पैसा हड़पने के एक मामले में पूर्व सासंद सुभाष यादव ने मंगलवार को पटना सिविल कोर्ट स्थित एमपी एमएलए कोर्ट में आत्मसमर्पण कर दिया था। विशेष कोर्ट ने आरोपित पूर्व सांसद सुभाष यादव को न्यायिक हिरासत में लेते हुए 26 फरवरी तक के लिए बेउर जेल भेज दिया था। उनकी अग्रिम जमानत अर्जी पटना हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से खारिज हो चुकी थी। यह आपराधिक मामला बिहटा थाने में वर्ष 2023 में दर्ज हुआ था। जिसकी जांच बिहटा पुलिस कर रही है।

## आशा ने मानदेय बढ़ाने के लिए किया प्रदर्शन

निज संवाददाता

**पटना।** एटक के बैनर तले बिहार राज्य आशा, आशा फैसिलटेटर, ममता व स्वास्थ्य वैक्सीन कुरियर संघ ने गुरुवार को पटना में आंदोलन किया। संघ ने 14 सूत्री मांगों के लिए अमरनाथ रोड अदालतगंज से प्रदर्शन की शुरुआत की। प्रदर्शनकारी डाकबंगला की ओर बढ़े, लेकिन बुद्धा मार्ग में इस्कॉन मंदिर के पास पुलिस ने उन्हें रोक लिया। बिहार राज्य आशा संघ के महासचिव कौशलेन्द्र कुमार वर्मा ने इसका नेतृत्व किया। प्रमुख मांगों में राज्यकर्मी का दर्जा देने, मासिक मानेदय 25 हजार रुपये करने, सेवानिवृत्ति की तिथि 60 से बढ़ाकर 65 वर्ष करने, कमीशनखोरी-भ्रष्टाचार पर रोक लगाने, हटाए गए आशा-आशा फैसिलिटेटर को सेवा में पुनः बहाल करना शामिल है। मौके पर सुलेखा कुमार, सुमन कुमारी, अनिता कुमारी और रेणु कुमारी व अन्य मौजूद थे।

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार
बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड
बोर्ड का हाथ, निर्माण श्रमिकों के साथ

निर्माण श्रमिक कौन :- राज मिस्त्री, टाईल्स मिस्त्री, पेंटर, रेजा, हेल्पर, बढ़ई, लोहार, बिजली मिस्त्री, सेंन्ट्रींग मिस्त्री, वेल्डर, कंक्रीट मिक्सर, ईंट निर्माण मजदूर, रोलर चालक, मनरेगा श्रमिक (बागवानी एवं वानिकी छोड़कर) इत्यादि।

विवाह के लिए वित्तीय सहायता
राशि ₹50,000/- (दो व्यस्क पुत्रियों के लिए)

नकद पुरस्कार
राशि ₹10,000/-, 15,000/- और ₹25,000/- प्रत्येक वर्ष अधिकतम दो बच्चों के लिए मैट्रिक एवं इंटर में 60% या अधिक अंक लाने पर

वार्षिक चिकित्सा सहायता
राशि 3,000/- प्रतिवर्ष

विकलांगता पेंशन
1,000/- प्रतिमाह,
एकमुश्त 50,000/-, (आंशिक निःशक्तता)
एकमुश्त 75,000/- (पूर्ण स्थायी निःशक्तता)

मातृत्व लाभ
90 दिनों के न्यूनतम मजदूरी के समतुल्य राशि

साईकिल क्रय
राशि ₹3,500 /- एक बार

चिकित्सा सहायता
मुख्यमंत्री चिकित्सा सहायता योजना के समतुल्य राशि

पेंशन
₹1,000/- प्रतिमाह

पितृत्व लाभ
राशि ₹6,000/-

भवन मरम्मति अनुदान
राशि ₹20,000/- एक बार

मृत्यु लाभ
2,00,000/- ( स्वभाविक मृत्यु )
4,00,000/- (दुर्घटना मृत्यु)

परिवार पेंशन
पेंशनधारी के मृत्यु के पश्चात पेंशनधारी को प्राप्त राशि का 50% राशि या ₹100/- जो अधिक हो

शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता
राशि 5,000/-, 10,000/-, ₹20,000/- एवं ट्यूशन फी

औजार क्रय
अधिकतम ₹15,000 /- तक के मूल्य का औजार एक बार

दाह संस्कार हेतु
राशि ₹5,000/-

निबंधित श्रमिक स्वयं या CSC वसुधा केंद्र के माध्यम से बोर्ड के पोर्टल www.bocw.bihar.gov.in पर आवेदन कर योजना का लाभ ले सकते हैं।

नोट : किसी तरह के शिकायत अथवा जानकारी के लिए संबंधित प्रखंड के श्रम प्रवर्त्तन पदाधिकारी / जिला के श्रम अधीक्षक कार्यालय अथवा बोर्ड (मु0) के फोन नं0- 0612-2525558 / ई मेल ID biharbhawan111@gmail.com पर संपर्क करें।

PR No.- 017515 (LRD)D: 2023-24